3 बस्तर संभाग
कोण्डागांव साप्ताहिक बाजार को प्रशासन ने लगवाया 4 ...

6 अभिमत
कारपोरेट प्रशासन में सुधार की आवश्यकता

10 संस्कारधानी
कोविड से जूझ रहे युवा भी तोड़ रहे दम, नहीं मिल पा रहा...

11 छत्तीसगढ़
कोरोना का कहर जिले में कहर बरपाने लगा



रायपुर, लखनऊ, नई दिल्ली और फरीदाबाद से प्रकाशित

# पायनियर

हमेशा सच के साथ

RNI NO. CHHHIN/2016/70655

www.dailypioneer.com रायपुर, सोमवार 12 अप्रैल 2021 पृष्ठ-12 वर्ष-05, अंक- 230 मूल्य 3.00 ₹


# अपनों को खोने का दर्द और दुखी मन से लाशों को जलाने की सिफारिशें

## पिछले 10 दिनों में तकरीबन 500 से अधिक व्यक्तियों की मौत, वहीं 85 हजार के आसपास संक्रमित

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ में कोरोना ने इस कदर तबाही मचा रखा है कि पिछले 10 दिनों में तकरीबन 500 से अधिक लोगों की मौत हो गई । वहीं 10 दिन के भीतर 83589 लोग संक्रमण के शिकार हुए। इसमें कोई दो मत नहीं की सरकार ने टेस्टिंग की संख्या को काफी हद तक बढ़ाया है जिससे प्राथमिक रुप से संक्रमण का पता चल सके और लोगों की जान बचाने के लिए हर कारगर उपाय किए जा सकें। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समाज के विभिन्न संगठनों से चर्चा कर बेहतरी के लिए लगातार प्रयास कर रहे हैं। यहां तक सीएम बघेल कोरोना काल के शुरुआत से ही गरीब, श्रमिकों, मजदूरों के लिए चिंतित रहे और वे खुद कभी खुले तौर पर लॉकडाउन का विरोध करते रहे। पर अब बढ़ते संक्रमण की चेन को तोड़ने के लिए मजबूरी में उन्हें तालाबंदी की मौन स्वीकृती देनी पड़ी। इस बात को वे स्वयं भी बोल चुके हैं कि वे लॉकडाउन के पक्षधर नहीं हैं। लॉकडाउन से लाखों गरीबों के पास रोजी-रोटी का संकट खड़ा हो जाता है। तो वहीं हजारों-लाखों की संख्या में रोड में कमाने -खाने वाले लोगों के रोजगार के सारे रास्ते बंद हो जाते हैं। लेकिन अब प्रदेश के अलग-अलग जिलों की बात करे तो आधे से अधिक आबादी लॉक हो चुकी है या यूं कहें की जादातर बड़े जिलों को सम्पूर्ण लॉकडाउन किया जा चुका है। इन तमाम प्रयासों के बावजूद व्यवस्था कहीं से सुधरती नहीं दिख रही। बल्कि दिन-प्रतिदिन नई आफत आमने आकर खड़ी हो जा रही है। पहले मरचुरी में लाश रखने के जगह किल्लत फिर आक्सीजन की कमी, अब रेमडेसिविर इन्जेक्शन की मारामारी, निश्चित तौर पर अव्यवस्थों का आलम किसी से छुपा नहीं है। मुख्यमंत्री के लाख प्रयासों के बाद भी प्रशासन व्यवस्था सुधारने में नाकामयाब खड़ा है।

### मेडिकल स्टोरों में इंजेक्शन खरीदने की लंबी लाइनें



प्रदेश में कोरोना ने इस कदर कोहराम मचाकर रखा है कि मेडिकल स्टोंरों में रेमडेसिविर इंजेक्शन की मारामारी मची हुई है। लोग अपने परिजनों की जान बचाने के लिए किसी भी कीमत में इंजेक्शन खरीदने को तैयार हैं। उसके बाद भी मार्केट में इंजेक्शन की किल्लत खड़ी हो गई है।

### मरचुरी में लाश रखने की व्यवस्था नहीं

दुर्ग जिलें में मरचुरी में कचड़े की ढेर की तरह पड़ी लाशों की तस्वीरों, वीडियों ने पूरे देश में छत्तीसगढ़ की बिगड़ी व्यवस्था की पोल खोल दी। कई दिन तक नेशनल मीडिया में बिखरी लाशों की तस्वीरें, खबरें सुर्खियां बनी रहीं। उसके बाद शासन-प्रशासन का बयान आता है कि दुर्ग जिले के अन्य क्षेत्रों की लाशे भी मरचुरी में रखी गई हैं। क्या प्रशासन लाशों कों रखने की समुचित व्यवस्था नहीं कर सकता? आखिर अन्य क्षेत्रों की लाशों को दुर्ग में क्यों रखना पड रहा हैं। क्या किसी और अस्पताल लोकल स्तर पर के मरचुरी का उपयोग नहीं किया जा सकता जिससे भविष्य मे इस तरह की भयानक तस्वीरें जनता के सामने न आ सकें। निश्चित ही प्रशासन के इच्छाशक्ति की कमी खुले तौर पर दिखाई दे रही है।



### प्रदेश में इतना बड़ा इन्फ्रास्ट्रक्चर उसके बाद भी अव्यवस्था क्यों?

कोरोना महामारी की शुरुआत से अब तक कोरोना नियंत्रण के लिए छत्तीसगढ़ सरकार विभिन्न मदों से 853 करोड़ रुपये से अधिक राशि आवंटन कर चुकी है। उसके बाद भी हालात इस तरह क्यों हैं? यह अपनें आप में एक सवाल बनकर उठने लगा है। प्रदेश की सभी शैक्षणिक संस्थाएं पिछले साल से बंद पड़ी हैं और इस वर्ष भी बंद रहने के आसार दिखाई दे रहे हैं। इन शैक्षणिक संस्थाओं में पहले से ही इन्फ्रास्क्कर मौजूद हैं जादातर शिक्षण संस्थानों में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था है, लाइटें लगी हुई हैं, पंखे लगे हैं। सरकार चाहे तो इसका समुचित उपयोग कर बेड और ऑक्सीजन की तात्कालिक व्यवस्था कर सकती है। प्रदेश का इतना बड़ा इन्फ्रास्टक्कर होने के बावजूद आखिर लोगों को क्यूं परेशान होना पड़ रहा है क्यों आक्सीजन के लिए भटकना पड़ रहा है। क्या इस ओर कदम नहीं उठाया जा सकता।

### इस माहामारी में कई विभागों के कार्य ठप्प पड़े, अधिकारियों- कार्मचारियों का हो पूरा उपयोग

कोरोना संक्रमण के शुरुआती दौर से लेकर आज तक स्वास्थ्य विभाग, पुलिस विभाग, नगर निगम, पालिकाएं तथा अन्य कई विभाग के अधिकारी कर्मचारियों ने पिछले एक साल में जो लड़ाई लड़ी है वह तारीफ के काबिल है। पर कई ऐसे विभाग के अधिकारी कर्मचारी हैं जिनके पास कोरोना काल में काम न के बराबर रहा या घर में बिठाकर सरकारें वेतन देती रहीं। लेकिन अब महामारी ने प्रदेश की कमर तोड़ना चालू कर दिया है ऐसे हालातों में अन्य सभी विभागों के अधिकारियों-कर्मचारियों के कार्यो की पूरी मदद लेने में सरकार को कोताही नहीं बरतनी चाहिए।

### रायपुर के शमशान घाट का वीडियो फिर वायरल

दुर्ग के मरचुरी में बिखरी लाशों ने तो फ्जीहत कराया ही रायपुर के शमशान घाट में लाशों को जलाने की कतार लगी रही 40 से उपर लाशे जलाने के लिए वेटिंग में रखी रहीं। अपने घर के सदस्यों को लाख प्रयासों के बाद भी न बचा पाने का दर्द झेल रहे परिजनों लाशों को जलाने के बारी आने का इंजतार करना पड़ रहा है, जो लचर व्यवस्था की जीता-जागता उदाहरण है। दुखी मन से लाशों को जलवाने की सिफारिशे की जा रही हैं। क्या यह मानवता के लिए शर्मनाक नहीं हैं? सच्चाई किसी से छिपी नहीं हैं समाचार पत्रों में इसकी तस्वारें तथा इलेक्ट्रानिक मीडिया एवं सोशल मीडिया में वीडियो खुले तौर पर दिखाई दे रहें हैं जो सरकार की



फजीहत कराने में कोई कसर नहीं छोड़ रहे। आम जनता के मन में कई सवाल घूम रहे हैं क्या जिस तरह से मौतों के आकड़े प्रतिदिन बढ़ रहे हैं उसी तरह लाशो को सम्मान पूर्वक जलानें की समुचित व्यवस्था प्रशासन को नहीं करनी चाहिए? क्या और भी शमशान घाटों में जलानें की व्यवस्था नहीं की जानी चाहिए। कई दिन अस्पतालों के चक्कर काटने और लाख मिन्नतों के बाद भी जब किसी घर का चिराग बुझ जाए और उसे लाश जलाने के लिए वीआईपियों से फोन करवाना पड़े क्या यह मानवीय है? ऐसे तमाम सवाल जनता के बीच घूम रहे हैं जो प्रशासन की नाकामयाबी को चीख-चीखकर बयां कर रहे हैं।

## मोदी का देशवासियों से टीका उत्सव को सफल बनाने का आग्रह

**नयी दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों से कोरोना महामारी के खिलाफ देश भर में चलाये जा रहे अभियान के तहत आज से शुरू किये जा रहे टीका उत्सव को पूरी तरह सफल बनाने का आग्रह किया है। श्री मोदी ने रविवार को ट्विट कर लोगों से कहा, ÷आज से हम सभी, देशभर में टीका उत्सव की शुरुआत कर रहे हैं। कोरोना के खिलाफ लड़ाई के इस चरण में देशवासियों से मेरे चार आग्रह हैं। प्रधानमंत्री ने नमो ऐप पर अपने चारों आग्रह के बारे में विस्तार से लिखा है। उन्होंने कहा है, ÷ आज 11 अप्रैल यानि ज्योतिबा फुले जयंती से हम देशवासी 'टीका उत्सव' की शुरुआत कर रहे हैं। ये 'टीका उत्सव' 14 अप्रैल यानि बाबा साहेब आंबेडकर जयंती तक चलेगा। ये उत्सव, एक प्रकार से कोरोना के खिलाफ दूसरी बड़ी जंग की शुरुआत है।

## शोपियां मुठभेड़ में सुरक्षाबलों ने तीन आतंकवादियों को किया ढेर

एजेंसी < श्रीनगर
www.dailypioneer.com

जम्मू- कश्मीर के शोपियां जिले में सुरक्षाबलों ने घेराबंदी और तलाशी अभियान (कासो) के दौरान हुई मुठभेड़ में रविवार को तीन आतंकवादियों को ढेर कर दिया है। पुलिस प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि सुरक्षबलों ने पिछले दो दिनों के दौरान शोपियां में आठ आतंकवादियों को मार गिराया है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय राइफल्स (आरआर), जम्मू कश्मीर पुलिस के विशेष अभियान समूह और केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ)के जवानों ने गुरुवार शाम शोपियां के हादीपोरा गांव में आतंकवादियों की मौजूदगी की सूचना के बाद शनिवार देर रात संयुक्त रूप से कासो अभियान शुरु किया था। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों ने गांव की ओर जाने वाली सभी सड़कों को बंद कर दिया तथा बाहर जाने वाले मार्गो को सील कर दिया था। वहां छिपे आतंकवादियों के सुरक्षा बलों पर



गोलियां चलाने के बाद मुठभेड़ शुरु हुई। उन्होंने कहा कि जवाबी कार्रवाई में एक आतंकवादी मारा गया, बाद में आतंकवादियों से आत्मसमर्पण करने की बार-बार अपील की गई। कश्मीर रेज के पुलिस महानिरीक्षक विजय कुमार ने कहा कि सुरक्षा बलों और पुलिस ने आतंकवादियों के आत्मसमर्पण के कई प्रयास किए। स्थानीय आतंकवादियों के माता-पिता ने भी अपने बेटों से आत्मसमर्पण करने की अपील की। उन्होंने कहा कि रात अंधेरे के कारण अभियान को रोक दिया गया था। प्रवक्ता ने कहा कि आज सुबह पहली किरण के साथ आतंकवादियों के आत्मसमर्पण से इंकार करने के बाद मुठभेड़ फिर से शुरू हुई।

## चुनाव आयोग का नाम बदलकर एमसीसी रखना चाहिए : ममता

वार्ता < कोलकाता
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को आयोग पर सीधा हमला बोलते हुए कहा कि चुनाव आयोग का नाम बदलकर एमसीसी यानी मोदी कोड ऑफ कंडक्ट रखना चाहिए। बंगाल विधानसभा चुनाव के चौथे चरण में मतदान के दौरान जमकर हिंसा और कूचबिहार इलाके में चार लोगों की मौत होने पर जारी घमासान के बीच चुनाव आयोग ने किसी भी राजनीतिक दल के कूचबिहार जाने पर रोक लगा दी है। चुनाव आयोग के इस फैसले के बाद सुश्री बनर्जी ने कहा चुनाव आयोग का नाम बदल कर एमसीसी रखना चाहिए। उन्होंने कहा ÷भाजपा अपनी ताकत का इस्तेमाल कर सकती है, लेकिन दुनिया में कोई भी नहीं मुझे अपने लोगों के पास जाने और उनका दर्द साझा करने से नहीं रोक सकता है।



वे मुझे कूचबिहार में तीन दिनों के लिए अपने भाइयों और बहनों के पास जाने से रोक सकते हैं, लेकिन मैं चौथे दिन वहां जाऊंगी! सुश्री बनर्जी ने आज को वहां जाने की घोषणा की थी। जहां 22 से 24 वर्ष की आयु के चार युवाओं की मौत हो गई थी। यह घटना उस समय हुई जब शनिवार को मतदान के दौरान सीतलकुची विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत माथाभांगा के एक मतदान केंद्र पर केंद्रीय सुरक्षा ने आत्मरक्षा के लिए गोलीबारी की थी। चुनाव आयोग ने हालांकि किसी भी नेता के कूचबिहार जाने पर 72 घंटे तक रोक लगा दी है। इस आदेश के बाद ममता बनर्जी का कूचबिहार दौरा रद्द हो गया। जबकि हिंसा के बाद सुश्री बनर्जी ने कहा था कि वह रविवार को कूचबिहार जाएंगी। सुश्री बनर्जी आज पड़ोसी जिले जलपाईगुड़ी में दो रैलियां करने वाली थीं। उन्होंने अपने यात्रा कार्यक्रम को फिर से जारी किया और चौथे दिन वहां जाने का फैसला किया। मुख्यमंत्री ने कूचबिहार में 'आत्मरक्षा' के लिए गोली चलाने की घटना के केंद्रीय बलों के संस्करणों का भी उल्लेख करते हुए कहा कि उनकी सरकार घटना की सीआईडी जांच शुरू करेगी। उन्होंने कहा कि इस घटना में किसके हाथ है इसका पता लगाने के लिए सीआईडी जांच शुरू की जाएगी।

## कूचबिहार की हिंसा ममता बनर्जी के भाषण का नतीजा : शाह

एजेंसी < शांतिपुर
www.dailypioneer.com

पश्चिम बंगाल में रविवार को चुनाव प्रचार के लिए यहां आए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने कूचबिहार जिले के सीतलकुची में हुई हिंसा में चार लोगों की मौत के लिए मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जिम्मेदार ठहराया और कहा कि यह दीदी के भाषण का नतीजा है। जिसमें उन्होंने अपने भाषण में केंद्रीय बलों का घेराव करने के लिए लोगों को उकसाया था। श्री शाह ने बंगाल की जनता से अगले चार चरणों के मतदान के लिए शांति बनाए रखने की अपील की और अपने पसंदीदा उम्मीदवार को चुनने के लिए कहा। गृह मंत्री ने यह भी आश्वासन दिया कि दो मई के बाद भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) सरकार के सत्ता में आने के बाद राज्य पूरी तरह से हिंसा मुक्त होगा। श्री शाह नादिया में शांतिपुर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में पार्टी उम्मीदवार जगन्नाथ सरकार के लिए रोड शो में भाग लेने आए हैं। गृह



मंत्री ने कहा कि कोई भी मौत बहुत दुखद है और तृणमूल कांग्रेस सुप्रीमो का भड़काऊ भाषण कुछ दिन पहले सीतलकुची में आयोजित किया गया था, जहां चार लोगों की गोली लगने से मौत हो गई थी। सीतलकुची विधानसभा क्षेत्र वह स्थान जहाँ सुश्री बनर्जी ने इस सप्ताह की शुरुआत में चुनावी सभा की थी। श्री शाह ने कहा कि सुश्री बनर्जी ने चार युवाओं की मौत पर शोक व्यक्त किया, लेकिन उन्होंने भाजपा कार्यकर्ता आनंद बर्मन की मृत्यु पर शोक व्यक्त नहीं किया, जो उसी दिन तृणमूल पार्टी के गुडों के हाथों मारा गया था।

### बच्चों को सुरक्षित रखने एवं उनको सही मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी हमारे कन्धों पर

## सीबीएसई परीक्षा के आयोजन पर पुनर्विचार करे सरकार : राहुल-प्रि्रयंका

वार्ता < नई दिल्ली
www.dailypioneer.com

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी तथा पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार से कोरोना की दूसरी और व्यापक लहर को देखते हुए सरकार से केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की परीक्षाओं के आयोजन पर पुनर्विचार करने का आग्रह किया है। श्री गांधी ने ट्वीट किया,÷कोरोना की घातक दूसरी लहर को देखते हुए सीबीएसई परीक्षा आयोजित करने पर पुनर्विचार होना चाहिए। इस बारे में कोई भी निर्णय लेने से पहले सभी पक्षों से विचार-विमर्श किया जाना चाहिए। सरकार देश के युवा के भविष्य से खिलवाड़ नहीं कर सकती। श्रीमती वाड्रा ने केंद्रीय शिक्षा मंत्री रमेश पोखरियाल निशंक को पत्र लिखकर कहा,÷कोरोना के ब?ते मामलों एवं उससे पैदा हुई भयावह स्थिति के बीच सीबीएसई द्वारा मई में परीक्षाएं कराने को लेकर निकाला गया सर्कुलर हैरान करने वाला है। पूरे देश में रोजाना कोरोना के लगभग एक लाख से ज्यादा मामले सामने आ रहे हैं। ये परीक्षाएं छात्रों का भविष्य निर्धारित करती हैं। इन परीक्षाओं के लिए छात्र कई महीनों तक कड़े परिश्रम के साथ तैयारी करते हैं। उन्होंने कहा कि देश भर से लाखों छात्रों और अभिवावकों ने कोरोना की इस दूसरी लहर के दौरान परीक्षा हाल में बैठकर परीक्षा देने को लेकर अपनी चिंताएं जाहिर की हैं और उनके द्वारा जाहिर की गई चिंताएं तार्किक रूप से एकदम सही हैं। श्रीमती वाड्रा ने अपने बयान में कहा,÷परीक्षार्थियों और सहायक



स्टाफ से भरे परीक्षा केन्द्रों पर छात्रों की सुरक्षा सुनिश्चित करना काफी मुश्किल होगा। साथ ही साथ कोरोना वायरस की प्रकृति एवं संक्रमण के तरीके को देखते हुए ये कहा जा सकता है कि इससे शिक्षकों, निरीक्षकों और छात्रों के परिवारों पर भी संक्रमण का खतरा मंडराता रहेगा। अगर कोरोना वायरस संक्रमण की इस भयावह स्थिति में कोई भी परीक्षा केंद्र हॉटस्पॉट बनता है तो इसकी जिम्मेदारी सरकार और सीबीएसई बोर्ड की होगी। विद्यार्थियों, उनके परिवार या शिक्षकों के संक्रमित होने की दशा में क्या सीबीएसई बोर्ड एवं सरकार उसकी कानूनी जवाबदेही लेने के लिए तैयार है। उन्होंने आगे कहा कि मैं पूरे आदर के साथ आपसे कहना चाहती हूँ कि जनसेवक होने के नाते बच्चों को सुरक्षित रखने एवं उनको सही मार्गदर्शन देने की जिम्मेदारी हमारे कन्धों पर है। जब देश के सारे राज्य भारी संख्या में लोगों के एक जगह पर न एकत्रित होने जैसी गाइडलाइंस निकाल रहे हैं, ऐसे में हम किस तर्क के तहत इन परीक्षाओं को कराने जा रहे हैं। जिन स्थितियों में हम इन छात्रों पर ये परीक्षाएं लाद रहे हैं इससे उनके शारीरिक स्वास्थ्य के साथ- साथ मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा प्रभाव पड़ेगा। उन पर वैसे ही परीक्षाओं का दबाव रहता है और अब उन्हें एक अतिरिक्त दबाव में परीक्षा देना होगा। कांग्रेस महासचिव ने कहा कि मास्क, दस्ताने और सुरक्षा के अन्य उपकरण पहनकर एक खतरनाक वायरस के साये में परीक्षा देने से छात्रों की परीक्षाओं में अपनी प्रतिभा दिखाने की क्षमता पर भी नकारात्मक असर होगा।

## भारत ने शूट आउट में चैंपियन अर्जेंटीना को 3-2 से किया शूट

एजेंसी < ब्यूनस आयर्स
www.dailypioneer.com



भारत ने हार के कगार से शानदार वापसी करते हुए ओलम्पिक चैंपियन अर्जेंटीना को पहले निर्धारित समय में 2-2 पर रोक दिया और फिर गोलकीपर पीआर श्रीजेश के शानदार प्रदर्शन से मेजबान अर्जेंटीना को पेनल्टी शूट आउट में 3-2 से हराकर बोनस अंक भी हासिल किया। आखिरी सीटी बजने में मात्र 25 सेकंड बचे थे कि कप्तान मनप्रीत सिंह ने भारत को पेनल्टी कार्नर दिलाया जबकि अर्जेंटीना उस समय तक 2-1 की ब?त के साथ आगे था।हरमनप्रीत सिंह ने बिजली की गति से लगाए गए ड्रैग फ्लिक से भारत को 2-2 की बराबरी दिला दी, मैच में फिर फैसले के लिए पेनल्टी शूट आउट का सहारा लिया गया। शूट आउट में भारत की तरफ से ललित उपाध्याय, रुपिंदर पाल सिंह और दिलप्रीत सिंह ने गोल दागे जबकि अनुभवी भारतीय गोलकीपर पीआर श्रीजेश ने कुछ शानदार बचाव कर भारत को जीत के साथ-साथ बोनस अंक भी दिलाया। इससे पहले भारत ने निर्धारित समय में 21वें मिनट में उपकप्तान हरमनप्रीत सिंह के शानदार गोल से 1-0 की ब?त बनाई। अर्जेंटीना ने जवाबी हमले किये जिसका उसे फायदा मिला और मेजबान टीम के मार्टिन फरेरो ने 28वें मिनट में अर्जेंटीना के लिए बराबरी का गोल दाग दिया। फरेरो ने 30वें मिनट में अर्जेंटीना को एक और पेनल्टी कार्नर दिलाने और 2-1 की बढ़त दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। तीसरे क्वार्टर में कोई गोल नहीं हुआ हालांकि दोनों टीमों ने दबाव बनाये रखा। आखिरी क्वार्टर के अंतिम मिनट में मनप्रीत ने भारत को पेनल्टी कार्नर दिलाया जो अंत में निर्णायक साबित हुआ। हरमनप्रीत ने इस पेनल्टी कार्नर पर बराबरी का गोल दागा और इसके बाद भारत ने शूट आउट में जीत हासिल कर ली।

# कोरोना की तेज रफ्तार को रोकने लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराने के निर्देश

## गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू व्हीसी के जरिए की गरियाबंद जिले की समीक्षा-कहा पिछले अनुभव के आधार पर लें निर्णय







पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

गृह मंत्री और गरियाबंद जिले के प्रभारी मंत्री ताम्रध्वज साहू ने आज अपने निवास कार्यालय रायपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए गरियाबंद जिले के विभागीय अधिकारियों की बैठक ली। उन्होंने जिले में कोविड-19 की वर्तमान स्थिति तथा कोरोना संक्रमण की रोकथाम के लिए लॉकडाउन की तैयारियों और वर्तमान में कोरोना मरीजों के लिए उपचार की व्यवस्थाओं पर विस्तृत जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को जिले में टेस्टिंग बढ़ाने और आईसीयू बेड एवं वेंटीलेटर के पुख्ता इंतेजाम करने के निर्देश दिए। मंत्री साहू ने ब्लॉक मुख्यालय में कोरेनटाईन सेंटर बनाकर कोरोना पॉजिटिव मरीजों की ट्रेकिंग करने और उन्हें ट्रीटमेंट देने के निर्देश दिए। उन्होंने होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों का पंजीयन अनिवार्य रूप से करने और मरीजों को नियमित रूप से फोन पर परामर्श देने के निर्देश बैठक में उपस्थित अधिकारियों को दिए। उन्होंने जिले में 45 वर्ष से अधिक उम्र के लोगों को दी जा रही कोरोना टीकाकरण की रफ्तार बढ़ाने के साथ ही विभिन्न संचार माध्यमों से कोविड टीकाकरण के प्रति जागरूकता लाने के भी निर्देश दिए। उन्होंने बैठक में उपस्थित पुलिस अधीक्षक को 13 अप्रैल से 23 अप्रैल तक लगने जा रहे लॉकडाउन का कढ़ाई से पालन करवाने के निर्देश दिए। लॉकडाउन में अवैध शराब और नशीली पदार्थों के तस्करी करने वालों पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने जिले के सभी चौकी और थाना क्षेत्रों में गश्त बढ़वाने और दिन में भी पेट्रोलिंग करवाने के निर्देश दिए हैं।

### रेलयात्रा करने यात्रियों के कोविड टेस्ट के संबंध में दिशानिर्देश जारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में रेलयात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों हेतु कोविड टेस्ट के संबंध में दिशा-निर्देश जारी किया गया है। इस संबंध में राज्य के सभी संभागायुक्तों, पुलिस महानिरीक्षकों, कलेक्टरों एवं पुलिस अधीक्षकों को दिशा-निर्देशों का कढ़ाई से पालन सुनिश्चित करने को कहा गया है। जारी दिशानिर्देशानुसार नोवेल कोरोना वायरस के नये वेरियन्ट के संक्रमण पर नियंत्रण के परिप्रेक्ष्य में रेलयात्रा के माध्यम से छत्तीसगढ़ आने वाले सभी ट्रेनों के सभी यात्रियों की कोरोना जांच अनिवार्य रूप से की जाएगी। रेलवे स्टेशन पर ट्रेन पहुंचने से पूर्व 72 घंटे के भीतर कराये गये कोरोन जांच टेस्ट की निगेटिव रिपोर्ट होना अनिवार्य होगा। जारी दिशा-निर्देश के अनुसार ऐसे यात्री जिनके पास निर्धारित समयावधि की कोरोना जांच टेस्ट रिपोर्ट नहीं होगी, उनकी कोविड टेस्ट जांच रेलवे स्टेशन पर की जाएगी। कोविड टेस्ट रिपोर्ट पॉजिटिव होने पर उन्हें स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी एसओपी अनुसार संस्थागत क्वारेंटीन, कोविड केयर सेन्टर, अस्पताल में रखा जाएगा। रेलयात्रा में पॉजीटिव यात्री के कान्टेक्ट ट्रेसिंग हेतु निर्धारित एसओपी के अनुसार कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं।

# केन्द्र ने राज्य को 230 वेन्टीलेटर दिए : सुनील

## आयुष्मान कार्ड से भी कोरोना का इलाज होगा, सरकार जनहित में प्रसारित करे

### आखिर कब तक बेकार पड़े रहेंगे?




पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

लोकसभा सांसद सुनील कुमार सोनी ने अपने संसदीय कार्यालय में पत्रकारों से चर्चा करते हुए खुलासा किया कि केन्द्र सरकार ने राज्य को 230 वेन्टीलेटर दिए हैं तथा वे 10 महीने से बेकार पड़े हैं लेकिन सरकार उनका उपयोग नही कर सकी है। यह सरकार और स्वास्थ्य विभाग की लापरवाही का नमूना है. वेन्टीलेटर के अभाव में लोगों की मृत्यु हो रही है और सरकार निर्लज्ज, मूकदर्शक बन कर बैठी है।

लोकसभा सांसद सुनील कुमार सोनी ने आगे कहा कि दुख इस बात का है कि पिछले 10 महीनों से 2-5 वेन्टीलेटर में कोई टेक्निकल प्राब्लम हो सकती है, लेकिन पूरे 230 वेन्टीलेटर खराब हैं क्या? यदि रिपलेस करने की आवश्यकता हो तो सरकार रिपलेस करें। लेकिन आज 10 महीनों के बाद वेन्टीलेटर पर प्रश्नचिन्ह लगाकर सरकार अपनी लापरवाही को ढंकना चाहती है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से आग्रह किया है कि वे टीवी के सामने आकर बताएं कि कोरोना महामारी से निपटने के लिए, संक्रमितों का ईलाज कराने के लिए सरकार ने क्या-क्या व्यवस्था की है? सार्वजनिक करें। सोनी ने कहा कि एक साल का समय था, स्वास्थ्य विभाग चाहता तो लैब, वेटीलेंटर और अन्य सुविधाएं जुटा सकता था, लेकिन सरकार ने समय गंवा दिया। सोनी ने आगे कहा कि राज्य में टेस्टिंग लैब बढ़ाने की जरूरत है, टेस्ट की रिपोर्ट अधिकतम 9 घंटों में होनी चाहिए। लेट होने के कारण मरीजों की हालत बिगड़ रही है, आक्सीजन लेवल कम होता है और अंततः वेन्टीलेटर में जाना पड़ता है। सरकार जल्दी से जल्दी टेस्टिंग और रिपोर्ट की व्यवस्था करे। उन्होंने कहा कि हम कोरोना महामारी पर राजनीति नही कर रहे लेकिन रायपुर क्षेत्र का सांसद होने के नाते जिस तरह के हालात बिगड़े हैं, मेरी चिंता स्वाभाविक और न्यायपरक है। राज्य की कांग्रेस सरकार जनता के स्वास्थ्य पर ध्यान दें, राजनीति न करे। उन्होंने राज्य सरकार से आग्रह किया कि आयुष्मान कार्ड में कोरोना का इलाज होगा, इस बात को प्रचारित करें। लोगों को अधिकार दें, गरीब व्यक्ति भी अपना कोरोना सहित अन्य बीमारियों का इलाज करवा सके, इन सब बातों की व्यवस्था राज्य सरकार करे। सांसद सोनी ने आगे कहा कि मेरा सरकार से आग्रह है कि जहाँ अस्पताल के केन्द्र हैं, जहां वेन्टीलेटर के केन्द्र हैं, वहाँ के नोडल अधिकारी है, उनके नंबर सार्वजनिक करें, ताकि मरीजों को उसकी जानकारी ऑनलाईन मिल सके। कोरोना महामारी के नाम पर जो पैसा केन्द्र से आया है, उसका सदुपयोग होना चाहिए ना कि दुरूपयोग। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सरकार को विपक्ष के विधायकों और सांसदों से बातचीत करना चाहिए तथा सुझाव लेना चाहिए और हम भी आष्वस्त करते हैं कि राज्य की जनता के हित में हम राज्य सरकार की हरसंभव मदद केन्द्र सरकार की तरफसे करवाएंगे। सोनी ने राज्य की जनता से अधिक से अधिक संख्या में टेस्ट करवाने और दिषा अनुरूप वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया है। उन्होंने कहा कि आज छत्तीसगढ़ प्रदेष में भय का वातावरण है।

# इंडोर स्टेडियम में 300 बिस्तरों का बनाया जा रहा है कोविड सेंटर, 200 बेड पर ऑक्सीजन की सुविधा होगी



**रायपुर।** राजधानी के सरदार बलबीर सिंह जुनेजा इंडोर स्टेडियम समेत पांच अन्य जगहों को कोविड सेंटर बनाया जा रहा है। इंडोर स्टेडियम में कोविड अस्पताल बनाने का काम तेजी से शुरू हो गया है। यहाँ चल रहे कार्यों का संसदीय सचिव विकास उपाध्याय विधायक, सत्यनारायण शर्मा, कुलदीप सिंह जुनेजा के साथ महापौर एजाज ढेबर ने स्टेडियम पहुंचकर जायजा लिया। यहाँ अस्पताल के ऑक्सीजन प्लांट के निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। महापौर ढेबर ने बताया कि सारा कार्य तेजी से हो रहा है। मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए यहाँ लगभग 300 बिस्तरों वाला ऑक्सीजन युक्त अस्पताल बनाया जा रहा है, जिससे मरीजों को ऑक्सीजन की कमी न होने पाए। बलबीर सिंह जुनेजा स्टेडियम में बनाए जा रहे कोविड सेंटर के ऑक्सीजन प्लांट में 200 बेड तक ऑक्सीजन की सप्लाई की सुविधा रहेगी।

# स्कूली बच्चों को मार्च और अप्रैल माह में भी 40 दिनों का मिलेगा राशन

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार राज्य के सभी स्कूली बच्चों को कोरोना संक्रमण काल में भी मध्यान्ह भोजन योजना के अंतर्गत सूखा राशन का वितरण किया जा रहा है। स्कूल शिक्षा मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने बताया कि राज्य शासन के निर्णय अनुसार कोविड-19 के संक्रमण के चलते शालाओं के बंद रहने की अवधि 01 मार्च से 30 अप्रैल तक कुल 40 शालेय दिवसों का भी पूर्व की तरह मध्यान्ह भोजन का सूखा राशन स्कूली बच्चों को खाद्य सुरक्षा भत्ता के रूप में वितरण किया जाएगा। सूखा राशन सामग्री का वितरण सुविधानुसार स्कूल में अथवा घर-घर पहुंचाकर देने के निर्देश दिए गए हैं। वितरण के दौरान बच्चों या पालकों के मध्य सामाजिक दूरी बनाए रखी जाएगी। इस संबंध में संचालक लोक शिक्षण श्री जितेन्द्र शुक्ला ने सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी किए हैं। लोक शिक्षण संचालनालय से जिला शिक्षा अधिकारियों को जारी निर्देश में कहा गया है कि कोरोना वायरस (कोविड-19) के संक्रमण से बचाव को नियंत्रण के लिए राज्य में स्कूलों को आगामी आदेश तक के लिए बंद रखने का आदेश राज्य शासन द्वारा जारी किया गया। मध्यान्ह भोजन नियम के प्रावधान के अंतर्गत बच्चों को स्कूल बंद रहने की अवधि में खाद्य सुरक्षा भत्ता प्रदान किया जाना है। अतः खाद्य सुरक्षा भत्ता के रूप में बच्चों को सूखा चावल एवं निर्धारित कुकिंग कास्ट की राशि से अन्य आवश्यक खाद्य सामग्री - दाल, तेल, सूखी सब्जी इत्यादि वितरित किया जाना है।

सूखा राशन सामग्री वितरण हेतु जारी निर्देश में कहा गया है कि मध्यान्ह भोजन योजना की गाईडलाइन के अनुसार कक्षा पहली से 8वीं तक के उन बच्चों को जिनका नाम शासकीय शाला, अनुदान प्राप्त अशासकीय शाला अथवा मदरसा-मकतबा में दर्ज है, मध्यान्ह भोजन दिया जाए। सूखा राशन वितरण में बच्चों को चावल, दाल एवं तेल की मात्रा भारत सरकार द्वारा निर्धारित मात्रा से कम नहीं होनी चाहिए। बच्चों को प्रदाय की जाने वाली सामग्रियों को पृथक-पृथक सील बंद पैकेट बनाकर प्रति छात्र सभी सामग्रियों का एक ब?ा पैकेट बनाया जाए। वितरित की जाने वाली खाद्य सामग्रियां उच्च गुणवत्ता की होनी चाहिए। गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए सामग्रियों की पैकिंग के पूर्व और पैकिंग के बाद के फोटोग्राफ लिए जाए। सामग्री के ब्रांड से संबंधित फोटोग्राफ और सामग्री नमूनार्थ एक माह तक के लिए रखी जाए।

# लॉकडाउन में पोल्ट्री फार्म से बेचा जा रहा था मुर्गा, 50 हजार का कटा चालान



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ की राजधानी में 10 दिन के लिए लॉकडाउन लगाया गया है. लॉकडाउन के दौरान इमरजेंसी सेवा को छोड़कर सब कुछ बंद रखा गया है. बावजूद इसके रायपुर के लाभांडी में पोल्ट्री फार्म का मालिक मुर्गा बेच रहा था. लॉकडाउन के बीच मुर्गा बेचना उसे भारी पड़ गया. नगर निगम ने पोल्ट्री फार्म को सील कर 50 हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

पूरा मामला लाभांडी के जयश्री पोल्ट्री का है. जहां लॉकडाउन के नियमों को दरकिनार कर मुर्गा बेचा जा रहा था. इसकी सूचना मिलते ही नगर निगम की टीम मौके पर दबिश देने पहुंच गई. सूचना सही पाए जाने पर लॉकडाउन उल्लंघन मानते हुए कार्रवाई की गई है।

### दोबारा नियम तोड़ने पर होगी कानूनी कार्रवाई

जोन कमिश्नर संतोष पांडे ने बताया कि नगर निगम की टीम ने न सिर्फ उस पोल्ट्री फार्म को सील किया है, बल्कि दुकानदार से 50 हजार रुपए जुर्माना भी वसूला गया है. इसके साथ चेतावनी दी गई है कि दोबारा नियमों का उल्लंघन करने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# श्रमिकों की सुविधा के लिए श्रम सुविधा केन्द्र (हेल्प लाइन सेंटर) स्थापित, श्रमिकों की मदद हेतु दूरभाष सुविधा 24*7 उपलब्ध

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में कोराना वायरस (कोविड-19) के बढ़ते सं मण के कारण विषम परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए श्रमिकों की सुविधा के लिए श्रम विभाग द्वारा श्रम सुविधा केंद्र (हेल्पलाईन सेंटर) स्थापित किया गया है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देशानुसार यह केन्द्र श्रमिकों को परामर्श एवं आवश्यकता अनुसार सहयोग करने के लिए 11 अप्रैल से छत्तीसगढ़ श्रम कल्याण मंडल, शांति नगर रायपुर में प्रारंभ किया गया है। इस श्रमिक सुविधा केंद्र में वर्तमान में मोबाइल नंबर 91098-49992 तथा दूरभाष नंबर 0771-2443809 के माध्यम से श्रमिकों के कॉल सुने जाएंगे और इन श्रमिकों की मदद की जायेगी। यह सुविधा श्रमिको हेतु 24|7 होगी। प्रदेश के भीतर कार्यरत श्रमिकों अथवा अन्य राज्यों में रोजगार हेतु प्रवास पर गए श्रमिक अथवा अपने जिले से अन्य जिलों पर रोजगार हेतु प्रवास पर जाने वाले श्रमिकों, वर्तमान कार्यस्थल पर कोई समस्या, रेल अथवा बस के माध्यम से छत्तीसगढ़ मे वापसी पश्चात गृह नगर जाने में अथवा कोविड-19 कोरोना वायरस से संबंधी कोई समस्या हो तो श्रम सुविधा केन्द्र से परामर्श एवं आवश्यकतानुसार सहयोग करने के लिए संपर्क किया जा सकता है।

# गोबर खरीदी योजना के पीछे प्रदेश सरकार की बदनीयती और भ्रष्टाचार की मंशा को लेकर आशंका प्रामाणिक सिद्ध हुई : भाजपा

**रायपुर।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष श्यामबिहारी जायसवाल ने गौ-धन न्याय योजना की गोबर खरीदी में बड़ा घपला सामने आने पर प्रदेश सरकार की नीति और नीयत पर सवाल दागते हुए प्रदेश सरकार को 'गोबर घोटाला वाली सरकार' बताया है और कहा है कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार बिहार की पूर्ववर्ती लालू सरकार के चारा घोटाले की तर्ज पर गोबर घोटाला करने लगी है। जायसवाल ने तंज कसा कि गढ़बो नवा छत्तीसगढ़ के ढिंढोरचियों के इस गोबर घोटाले ने कांग्रेस और प्रदेश सरकार की एक नई टैग लाइन गढ़ दी है- नरवा-गरवा-घुरवा-बारी, ये बोल-बोलके भ्रष्टाचार करबो संगवारी। भाजपा किसान मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष जायसवाल ने कहा कि जिस दिन से इस योजना की शुरुआत प्रदेश सरकार ने की थी, उस दिन से ही भाजपा इस योजना के पीछे प्रदेश सरकार की बदनीयती और भ्रष्टाचार की मंशा को लेकर प्रदेश में जनजागरण कर रही है, लेकिन प्रदेश सरकार और कांग्रेस ने इसे भाजपा द्वारा गौ-धन न्याय योजना के विरोध के तौर पर अपप्रचार किया गया। जायसवाल ने कहा कि आज गोबर खरीदी में घोटाला सामने आने के बाद प्रदेश सरकार की बदनीयती को लेकर भाजपा की आशंका प्रामाणिक सिद्ध हुई है। एक गाय के एक महीने में 12 सौ किलो गोबर देने पर हैरत जताते हुए भाजपा किसान नेता ने कहा कि एक महीने में 05 लाख किलो गोबर खरीदी का यह कारनामा करके प्रदेश सरकार और उसके मातहतों ने प्रदेश में भ्रष्टाचार की कलंक-गाथा का जो नया अध्याय रचा है।

# होम आइसोलेशन के लिए कंट्रोल रूम स्थापित, कोरोना मरीज कर सकते हैं संपर्क



पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर डॉ. एस. भारतीदासन के निर्देश पर रायपुर जिले में होम आईसोलेशन के दौरान किसी भी सहायता के लिए संपर्क करने कंट्रोल रुम स्थापित किया गया है। यहा का फ़ोन नं- 7880100313, 7880100314, 7880100315, 7566100284, 7566100283, 7566100285 है। होम आइसोलेशन वाले मरीजों को आपात स्थिति में हॉस्पिटल पहुंचाने हेतु एम्बुलेंस व्यवस्था हेतु सहायक नोडल अधिकारी ए.ओ. लॉरी उप संचालक रोजगार फोन नं- 94063-46840, डी.के. सिंह उप संचालक मत्स्य पालन विभाग फोन नं- 88397-78979 बनाया गया है। इसी तरह कुन्दन सिंह डी.पी.एम., फोन नं- 86760-56184 सुबह 6 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक, विक्रम सिंह, डी.पी.एम फोन नं- 91791-13793, शिवेन्द सिंह डी.पी.एम., फोन नं- 98930-61946 ,दोपहर 12 बजे से शाम 6 बजे तक, एच.आर. देवांगन, सहा. मत्स्य अधि.रायपुर फोन नं-83193-82779, अनुभूति देवांगन, सहा. मत्स्य अधि.रायपुर फोन नं- 86691-22430, सोनल सोनी, शिक्षक, फोन नं- 88399-24004, प्रकाश दीवान, व्याख्याता, फोन नं- 98271-75990, शाम 6 बजे से रात 12 बजे तक, सी.एल शर्मा सहा. परियोजना अधि. साक्षर भारत फोन नं- 98279-58846, लोकेश वर्मा प्रभारी पढ़ना बढ़ना अभियान फोन नं- 9977-451981, समर अब्बासी, सहायक शिक्षक, फोन नं- 90396-58761, रात 12 बजे से सुबह 06 बजे तक की अपने दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

होम आइसोलेशन कंट्रोल रूम के प्रभारी डॉक्टर से फोन नं-75661-00283, 75661-00284, 75661-00285 से संपर्क किया जा सकता है।

## आयुष्मान योजना एवं पीएमकेयर फंड से खरीदी गई वेंटिलेटर में हुए घोटालों की पोल खोल दी

# सुनील सोनी ने खोल दी मोदी सरकार की आयुष्मान योजना की पोल, 5 लाख तक ईलाज का दावा निकला जुमला : कांग्रेस

पायनियर संवाददाता ➤ रायपुर
www.dailypioneer.com

भाजपा सांसद सुनील सोनी के बयान पर कांग्रेस ने कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि भाजपा सांसद सुनील सोनी ने ही मोदी सरकार के आयुष्मान योजना एवं पीएमकेयर फंड से खरीदी गई वेंटिलेटर में हुए घोटालों की पोल खोल दी है।

गुजरात के कंपनी को फायदा पहुंचाने के लिए घटिया क्वालिटी का वेंटिलेटर महंगे दामों में खरीदा गया और वेंटिलेटर घोटाला किया गया है प्रधानमंत्री केयर फंड जिसमें देश भर की जनता ने आपदा के समय लोगों को सहयोग करने के लिए मुक्त हस्त से सहयोग किए थे वह फंड भी मोदी के मित्रों का निजी फंड हो गया है। आयुष्मान योजना भी मोदी सरकार के अन्य योजना की तरह ही जुमला ही निकला। मोदी भाजपा ने आयुष्मान योजना में 5 लाख तक का ईलाज का दावा कर बीपीएल कार्डधारी गरीब जनता के साथ छल धोखा किया है। आयुष्मान योजना से कोरोना के इलाज में मात्र 50 हजार तक कि राशि केंद्र सरकार स्वीकृत कर रही है। आयुष्मान योजना भी नाम बड़े दर्शन छोटे की तरह है। भाजपा सांसद सुनील सोनी बताये आखिर मोदी सरकार आयुष्मान योजना के हितग्रहियों को 5 लाख रु का ईलाज की सुविधा क्यों नहीं दे रही है? हितग्राहियों को मात्र 50 हजार रुपए तक इलाज की सुविधा ही क्यों दी जा रही है? आयुष्मान योजना का लाभ आम जनता को नहीं बल्कि मोदी के मित्र बीमा कम्पनी वाले पूजीपतियों को मिल रहा है। जैसे पूर्व में प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना सहित अनेक बीमा योजनाओं का प्रीमियम बतौर मोटी राशि मोदी के पूंजीपति मित्रों को मिल गई लेकिन योजना का लाभ हितग्राहियों को ठीक से नहीं मिला है। प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता धनंजय सिंह ठाकुर ने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की सरकार कोरोना महामारी को नियंत्रित करने युद्ध स्तर पर कारगर प्रयास कर रही है।



प्रभावी कदम उठा रही है। हर स्तर पर सुविधाएं प्रदान कर रही है फंड की कही कमी नही है। ग्राम पंचायतों को प्रवासी मजदूरों के लिए गांव गांव में कवारेटीन सेंटर संचालित करने सुविधाएं एवं अधिकार दिए गए है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में ऑक्सीजन और आईसीयू सुविधा वाले बिस्तरों तथा वेन्टीलेटर की संख्या बढ़ाई जा रही है। डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से कोरोना ईलाज की सुविधा प्रदान की गई है। राज्य में उत्पदित कुल आक्सीजन में से 80 प्रतिशत आक्सीजन की आपूर्ति अस्पतालों को देने एवं आवश्यकता पड़ने पर शेष 20% आक्सीजन जो उद्योग को दिया जा रहा है उसको भी अस्पतालों को देने का निर्देश दिया गया है।

राज्य के 13% आबादी को वैक्सीन लगाई जा चुकी है। रोज 40 से 50 हजार टेस्ट किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सर्वाधिक वैक्सीनेशन करने वाला राज्य भी है। रेमडेसीवीर एवं जरूरी दवाइयों की सुचारू रूप से आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए दो वरिष्ठ अधिकारियों को हैदराबाद और महाराष्ट्र भेजे जा रहे है।

## निधन

### होरीलाल यादव



**रायपुर।** होरीलाल यादव 36 वर्ष फाफाडीह रमण मंदिर वार्ड रायपुर निवासी का रविवार दिनांक 11 अप्रैल 2021 को निधन हो गया है। वे कांग्रेसी कार्यकर्ता व रमण मंदिर वार्ड कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष रहे हैं। रायपुर तहसील कार्यालय में कार्यरत रामदेव यादव के बड़े पुत्र, शशिकांत यादव के भतीजे, महेंद्र यादव, किशोर यादव, बल्लू यादव , नंदू यादव, श्वेता यादव के भाई थे। अंतिम संस्कार देवेन्द्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। होरीलाल यादव के निधन से परिवार एवं कांग्रेस जनो में शोक व्यप्त है ।

### रमेश चंद्राकर



**रायपुर।** कैलाश पुरी निवासी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण आंदोलनकारी नेता (खोली वाले) रमेश चंद्राकर 67 का शनिवार 10 अप्रैल प्रातः 5:00 बजे निधन हो गया। वे मंजू लता चंद्राकर के पतिदेव तथा रश्मि ,चंद्रशेखर व तन्मय के पिता थे। चंद्राकर आजाद छत्तीसगढ़ फौज के प्रधान सेनापति के रूप में फौज के प्रांत अध्यक्ष ललित मिश्रा के साथ राज्य आंदोलन में प्रदेश से लेकर दिल्ली तक राज्य निर्माण होते तक लगातार आंदोलनरत थे।

राज्य निर्माण सेनानी संघ के प्रांत अध्यक्ष ललित मिश्रा ,महासचिव रुकुम लाल वर्मा, महिला अध्यक्ष मीना देवांगन ,प्रमोद गोस्वामी ,नीतीश शुक्ला, सुरेश लहरे ,केके सिंह , कमल भारद्वाज कांगेस वरिष्ट नेता, आशीष धनगर , गजेंद्र ठाकुर, प्रफुल्ल तिवारी ,सोहन लाल शुक्ला, कमलेश मिश्रा ,अजय साहू ,छोटका पांडे ,शैलेंद्र सिंह राजपूत ,माखनलाल ताम्रकार, देवेंद्र वर्मा ,तारकेश्वर वर्मा, पुनाराम कौशल सहित आंदोलनकारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित कर दुख की इस घड़ी में परिजनों को शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना परमेश्वर से की।

## क्विक न्यूज

### हवाई मार्ग से जगदलपुर पहुंचने वाले यात्रियों का कोरोना परीक्षण अनिवार्य

**जगदलपुर।** हवाई मार्ग से जगदलपुर पहुंचने वाले सभी यात्रियों का कोरोना परीक्षण अनिवार्य किया गया है। छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार छत्तीसगढ़ में आने से पहले पिछले 3 दिनों के भीतर एक नकारात्मक रिपोर्ट लेकर आना होगा। अन्यथा यात्रियों का अनिवार्य तौर एयरपोर्ट पर तत्काल परीक्षण किया जाएगा। कोरोना जांच की रिपोर्ट नकारात्मक होने पर यात्री को उसके गंतव्य के लिए छोड़ा जाएगा, अन्यथा रिपोर्ट सकारात्मक होने पर गंभीर लक्षण नहीं होने पर होम आइसोलेशन में या स्वयं के व्यय पर शासकीय क्वारन्टीन सेंटर में रहना होगा।

### नवरात्र की पूजा और रमजान की इबादत मनाएं घर पर

**जगदलपुर।** कलेक्टर रजत बंसल ने लॉकडाउन में त्यौहारों को अपने घर में मनाने की अपील की है। उन्होंने कहा कि जिस तरह लोगों ने पिछले साल नवरात्र और रमजान से लेकर रामनवमी और ईद घर पर मनाई थी। कोरोना की वर्तमान लहर को देखते हुए वैसी ही सावधानी बरतने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि हमें महामारी से बचना है और लोगों को भी बचाना है। उन्होंने त्योहारों की खुशियों को बढ़ाने के लिए घर मे ही पूजा-आराधना और इबादत पर जोर दिया है। इसके साथ ही सार्वजनिक स्थानों मेंजाने से बचने और हाथों की सफाई पर भी जोर दिया है।

### नवोदय की चयन परीक्षा 16 मई को

**जगदलपुर।** कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते जवाहर नवोदय विद्यालय की चयन परीक्षा तिथि बढ़ा दी गई है। बस्तर जिले में यह परीक्षा 10 अप्रैल को निर्धारित की गई थी। परीक्षा की तिथि बढ़ाकर 16 मई कर दी गई। परीक्षा सुबह 11.30 बजे से जिले के सभी विकासखंडों में आयोजित की जाएगी। परीक्षा को लेकर अभिभावक व अभ्यर्थी जवाहर नवोदय विद्यालय के कार्यालय से जानकारी प्राप्त कर सकता है।

# कोण्डागांव साप्ताहिक बाजार को प्रशासन ने लगवाया 4 अलग-अलग स्थलों पर

- **सर्व समाज ने भी कोरोना से जिले को बचाने कलेक्टर मीणा से मिल सौपा था कई बिंदुओं पर सुझाव**

पायनियर संवाददाता < कोण्डागाँव
www.dailypioneer.com



जिला मुख्यालय कोण्डागाँव में लगने वाले रविवारीय साप्ताहिक बाजार को जिला प्रशासन ने 4 हिस्सो में बांट अलग अलग जगह लगवाया जिससे बाजार भीड़-भाड़ से दूर सुगमता से संचालित नजर आया। ज्ञात हो कि उक्त बाजार में जिले कई गांव के ग्रामीण पहुंचते है, जिसमे साप्ताहिक बाजार में भीड़ कम करने के उद्देश्य से राजस्व विभाग एवं नगर पालिका परिषद की संयुक्त टीम सुबह से ही बाजार स्थल पहुंच तहसीलदार गौतम चन्द पाटिल एवं सीएमओ नगर पालिका सूरज सिदार द्वारा सब्जी विक्रेताओं को समझाइश देकर आपस मे दूरी बनाए रखने के लिए प्रेरित करते नजर आए साथ ही बगैर किसी परेशानी के सुदूर ग्रामीण अंचलों से पहुंचे साग सब्जी विक्रेताओं की बैठक व्यवस्था सुनिश्चित करते दिखे। अक्सर कोरोना काल मे देखने मे आता था कि, ग्रामीण भय युक्त शहर पहुंचता था कि कहीं उसे क्रय विक्रय करने में बंदिश तो नही होगी या उसका अनाज व शाक सब्जी आज कोई जप्ती तो नही कर लेगा लेकिन आज जिला प्रशासन के बाजार सु-संचालन से ग्रामीण भी प्रसन्न नजर आए व बाजार स्थल में एक दूसरे से दूरियां बनाते सामग्री क्रय विक्रय करते दिखे। रविवार साप्ताहिक बाजार मे आये विक्रेताओं को 4 अलग अलग स्थानों पर बाजार लगाने को कहा गया साथ ही पुलिस प्रशासन राजस्व व नगर पालिका का अमला दिन भर स्थिति पर नजर बनाये नजर आया।वहीं भीड़ नियंत्रण करते मास्क ना पहनने वालों को सब्जी ना देने के लिए भी ग्रामीण विक्रेताओं को समझाइश देते नजर आया ताकि लोगों ने जागरूकता नजर।वहीं सर्व समाज कोण्डागाँव भी लगातार लाऊड स्पीकर के माध्यम से कई दिनों से लोगों को कोरोना संक्रमण के प्रति जागरूक करता नजर आ रहा है, कलेक्टर पुष्पेंद्र मीणा को कई बिंदुओं पर सर्व समाज ने कोरोना पर रोकथाम हेतु सुझाव देते आवेदन सौपा था,जिस पर कलेक्टर कोंडागाँव व पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी द्वारा सर्व समाज के प्रतिनिधियों के साथ अलग अलग बैठक कर उक्त सुझावों पर गंभीरता से चर्चा किया गया था ,जिससे उक्त महामारी के प्रति जिले के नागरिकों व प्रशासन की गंभीरता साफ नजर आ रही है।

## कोरोना से बचाओ के लिए पूर्व विधायक ने लॉकडाउन लगाने हेतु कलेक्टर को लिखा पत्र

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com



कोरोना मामलों के बढ़ते कहर को मद्देनजर रखते हुए प्रदेश के अन्य जिलों में लगाये गए सम्पूर्ण लॉकडाउन के तरह बस्तर जिले में भी हफ्तेभर का लॉकडाउन लगाने वरिष्ठ भाजपा नेता एवं क्षेत्र के पूर्व विधायक संतोष बाफना ने जिला कलेक्टर को पत्र लिखकर सिफारिश की है। गौरतलब है कि, छत्तीसगढ़ प्रदेश में कोरोना का कहर लगातार इस कदर बढ़ता जा रहा है कि, प्रतिदिन संक्रमित मरीजों की संख्या 14000 से भी ऊपर के आंकड़े पार कर रही है। और वहीं अब तक प्रदेश में 4500 से भी ज्यादा मौत हो चुकी है। बस्तर जिले में भी इसी प्रकार कोरोना संक्रमण फिर एक बार बड़ी तेजी से पांव पसार रहा है। जगदलपुर शहर समेत आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों को मिलाकर रोजाना 150 से भी अधिक नए मरीज मिल रहे है। बीते कुछ दिनों में बस्तर जिले में मरीजों की संख्या लगभग दोगुनी से भी ज्यादा हो चुकी है। ऐसे में आमजन की चिंता एक बार फिर से बढ़ने लगी है। पूर्व विधायक संतोष बाफना ने कलेक्टर को पत्र लिखकर इस संबंध में कहा है कि, इस भयावह स्थिति से निपटने के लिए जिला प्रशासन की अगुवाई में संक्रमण की रोकथाम हेतु हालही में नाईट कर्फ्यू लगाने एवं कोरोना से जुड़े प्रोटोकॉल का पालन करने को लेकर हिदायतें भी दी गई, किन्तु उससे कोरोना के मामलों में कमी आती नहीं दिख रही है। मेरा व्यक्तिगत रूप से ऐसा मानना है कि, ऐसी स्थिति में केवल नाईट कर्फ्यू व अन्य प्रोटोकॉल से इस समस्या का समाधान संभव नहीं है। लॉकडाउन एवं वेक्सिनेशन में गति में बढ़ोतरी ही एकमात्र कारगर उपाय है। जिससे संक्रमण की चेन तोड़ी जा सकती है और इसे अधिक फैलने से रोका जा सकता है। क्योंकि यदि संक्रमण बढ़ेगा तो इसे बाद में संभालना मुश्किल हो जायेगा। इसलिए बस्तर जिले में हफ्तेभर का सम्पूर्ण लॉकडाउन लगाकर जिले के प्रत्येक ग्राम पंचायत एवं शहरी क्षेत्र में वार्डवार प्रत्येक नागरिक की टेस्टिंग की जाये।

# माओवादियों के लगाये गये आईईडी को बरामद करने में पुलिस को मिली सफलता


पायनियर संवाददाता < नारायणपुर
www.dailypioneer.com



जिले में लगातार चलाये जा रहे सर्चिंग अभियान में नारायणपुर पुलिस को सफलता मिल रही है श्री सुन्दरराज पी. पुलिस महानिरीक्षक बस्तर रेंज, श्री विनीत खन्ना, पुलिस उप महानिरीक्षक, कांकेर रेंज, उ0ब0 कांकेर, पुलिस अधीक्षक, नारायणपुर श्री मोहित गर्ग, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नीरज चन्द्राकर, नारायणपुर के निर्देषन में जिले में तैनात जिला बल, छसबल, आईटीबीपी, बीएसएफ सुरक्षा बलों द्वारा लगातार नक्सल विरोधी अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में दिनांक 10.04.2021 को थाना कुरूषनार से जिला बल एवं आइटीबीपी की संयुक्त पुलिस पार्टी आर0ओ0पी0 एवं रोड डी-माइनिंग की कार्यवाही पर कुरूषनार से नारायणपुर की ओर रवाना हुई थी। रोड डी-माइनिंग की कार्यवाही के दौरान थाना कुरूषनार से करीबन 04 कि0मी0 दूरी पर कोषा सेंटर खालेपारा के पास रोड से सटे जंगल में दो अलग-अलग स्थानों पर 02 नग टिफीन बम ( 01 टिफीन बम वजनी करीबन 02 कि0ग्रा0 एवं 01 टिफीन बम वजनी करीबन 01 कि0ग्रा0 ) लोकेट किया गया। बीडीएस टीम नारायणपुर द्वारा दोनों आईईडी को सावधानी पूर्वक डिफ्यूज किया गया और माओवादी नक्सलियों के सुरक्षा बलों को नुकसान पहुंचाने के नापाक मन्सुबें को असफल किया गया। माओवादी नक्सलियों में सुरक्षा बलों से आमने-सामने की ल?ाई करने कि हिम्मत नहीं होती, वे अपनी मौत के डर के कारण छीपकर वार करना ही जानते है, इसलिए माओवादी नक्सली बहुतायात मात्रा में नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में आईईडी का प्रयोग करते है। नक्सलियों की इस रणनीति को जानते हुए सुरक्षा बलों द्वारा निरंतर रोड डी-माईनिंग की कार्यवाही कर माओवादियों द्वारा आईईडी लगाये जाने के संभावित स्थानों पर सर्चिंग की कार्यवाही की जा रही है, जिससे पिछले कुछ दिनों में लगातार नक्सलियों द्वारा लगाये गये आईईडी बरामद करने में सुरक्षा बलों को सफलता मिली है।

## किरन्दुल की बहुप्रतीक्षित ओवरब्रीज निर्माण कार्य के लिए अधिशासी निदेशक ने किया भूमिपूजन

पायनियर संवाददाता < किरन्दुल
www.dailypioneer.com



किरन्दुल फुटबॉल ग्राउंड से मेन मार्केट को जोड़ने हेतु ओवर ब्रीज का निर्माण एनएमडीसी द्वारा किया जा रहा था और पिछले 07 वर्षो से निर्माण कार्य को बंद कर इसे छोड़ दिया गया था और जिसके कारण नगर के आम नागरिकों एवं विभिन्न ग्रामों से पहुंचने वाले मूल निवासियों को बाजार, बस स्टैंड, मुख्य चिकित्सालय जाने हेतु रेल पटरी पार करके जाना पड़ता है एवं मालगाड़ी लगे रहने के कारण काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था साथ ही इसी मार्ग से कई विद्यालयों के बच्चों को आवागमन में परेशानी के साथ ही दुर्घटना की आशंका बनी रहती है।इन सभी विषयों को ध्यान में रखते हुए किरन्दुल नगरपालिका अध्यक्ष मृणाल राय ने कलेक्टर दीपक सोनी को लिखित में आवेदन भी दिया था।जिसके बाद आज एनएमडीसी किरन्दुल अधिशासी निदेशक आर गोविन्दराजन ने ओवरब्रीज निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया गया इस दौरान एनएमडीसी प्रबन्धन के वरिष्ठ अधिकारीगण मौजूद थे।

# मेडिकल स्टोर्स और अन्य दुकानों में किया गया औचक निरीक्षण

### लापरवाही पर नोटिस और जुर्माना

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल के निर्देश पर अनुविभागीय दंडाधिकारी जीआर मरकाम के साथ राजीव विभाग और खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के अधिकारियों ने आज जगदलपुर स्थित अनेक मेडिकल स्टोर्स और अन्य दुकानों का औचक निरीक्षण किया गया। इन दुकानों में कोरोना से बचाव के लिये किये गए एहतियाती कदमों का अवलोकन किया गया। मेडिकल स्टोर्स में कोरोना के उपचार के लिए आवश्यक दवाओं की उपलब्धता और उनकी कीमत के बारे में जानकारी ली गई। इस दौरान दौरान महारानी अस्पताल के सामने स्थित न्यू रॉयल मेडिकल स्टोर में दुकान के सामने ग्राहकों के बीच दूरी के लिए घेरा नहीं पाए जाने पर 500 रुपये का जुर्माना लगाया गया। कोरोना के उपचार में सहायक दवाओं की उपलब्धता और उनके मूल्य की सूची भी दुकानों के समक्ष चस्पा करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं संजय बाजार के सामने स्थित चावल विक्रेता के दुकान पर स्टॉक पंजी सहित आवश्यक दस्तावेज संधारित नहीं पाए जाने पर नोटिस जारी किया गया है। दुकान संचालकों को कोरोना से बचाव के लिए मास्क के उपयोग और सोशल डिस्टेंसिंग के पालन के साथ ही हाथ धुलाई के लिए साबुन-पानी और हैंड सेनेटाइजर रखने के निर्देश दिए गए हैं। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी जाहिरा खान, तहसीलदार पुष्पराज पात्रा, नायब तहसीलदार मधुकर सिरमौर, औषधि निरीक्षक सुनील पंडा, राजस्व निरीक्षक सतीश मिश्रा सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

## थाना प्रभारी ने ग्रामीणों को बांटा मास्क



**किरंदुल।** थाना प्रभारी डी के बरवा ने आज हाट बाजारों में कोरोना वायरस संक्रमण की रोकथाम व बचाव के उद्देश्य से अपने निजी पैसे से मास्क खरीदकर ग्रामीणों को मास्क बांटते नजर आए साथ ही उन्होंने ग्रामीणों से सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने मास्क लगाने एवं बार बार साबुन से हाथ धोने और सैनिटाइजर का उपयोग करने की अपील भी की।

# कोरोना के नाम पर गुटखा, गुडाखू व सिगरेट की कालाबाजारी शुरू हुई

पायनियर संवाददाता < दंतेवाड़ा
www.dailypioneer.com

जिले में कोरोना की आड़ में थोक व्यापारियों ने मौके का फायदा उठाते गुटखा-गुडाखू एवं सिगरेट की कालाबाजारी शुरू कर दिया है। जिससे गुटखा एवं गूडाखू प्रेमियों को दोगुना से ज्यादा दाम देकर सामान खरीदना पड़ रहा है। दंतेवाड़ा जिले में रोजाना 50-60 कोरोना पाजिटिव मरीज मिल रहे हैं। अभी लॉकडाउन नहीं लगा है पर साप्ताहिक हाट बाजार आदि को बंद करने का फैसला प्रशासन ने लिया है।

गौरतलब है कि पिछले वर्ष मार्च अप्रैल में जब कोरोना ने दस्तक दी थी और पूरे देश में लॉकडाउन लगा था उस दौरान भी थोक व्यापारियों ने जमकर कालाबाजारी की थी। लोगों को कोराना का डर दिखाकर आवश्यक जरूरी सामानों के दामों पर बेतहाशा वृद्धि कर जनता को खूब लूटा था। बीते साल लॉकडाउन के समय 10 रूपए का एक डिब्बी गुडाखू 100 से 150 रूपए तक में बेची गई थी। इसी प्रकार गुटखा एवं सिगरेट के दाम भी चौगुना बढ़ा दिए गए थे।

जानकारी के मुताबिक एक पूड़ा राज गुटखा जिसमें 30 पीस गुटखा रहता है वह पहले 130 रूपए में मिलता था जो आज उसी पूड़े को 220 से 240 रूपए में थोक व्यापारी बेच रहे हैं।

वहीं एक पेटी गुड़ाखू जिसमें 24 पैकेट होता है। एक पैकेट में 12 पिस गुडाखू होता है जिसकी कीमत दो दिनों पहले तक 03 हजार रूपए थी उसे बढ़ाकर 08 हजार रूपए कर दिया गया है। इसी प्रकार सिगरेट एवं बिड़ी के दामों में बढ़ोत्तरी कर दी गई है। मौके का फायदा उठाकर कालाबाजारी करने वाले बड़े व्यापारियों पर प्रशासन का कोई अंकुश नहीं है जिसके चलते इनके हौसले बुलंद हैं।

### वैक्सीन की कमी से टीकाकरण हो रहा है प्रभावित

**कांकेर।** जिला मुख्यालय के चार टीकाकरण सेंटर में से एक मात्र सेंटर में टीकाकरण किया गया। शहर में वैक्सीन नही होने से सभी जगह टीकाकरण कार्य बंद रहा। दोपहर 03 बजे वैक्सीन की 10 हजार डोज कांकेर पहुंची, रविवार को सभी 48 सेंटरों में टीकाकरण किया गया। जिले में वैक्सीनेशन के लिए 48 सेंटर बनाए गए हैं लेकिन पिछले सप्ताह भर से वैक्सीन की कमी के चलते आधे से अधिक सेंटरों में टीकाकरण नहीं हो पा रहा था। कांकेर में 10 हजार वैक्सीन का डोज पहुंचा है जबकि जरूरत 03 लाख डोज की है। 10 हजार वैक्सीन डोज पहुंचा है वह दो दिन ही चल पाएगा। इस बीच वैक्सीन पहुंचा तो ठीक नहीं तो फिर एक बार जिले में टीकाकरण प्रभावित होगा। टीकाकरण के नोडल अधिकारी डॉ. आईके सोम ने कहा बताया कि वैक्सीन की10 हजार डोज शनिवार को पहुंचा है।

**कुम्भ मेले को लेकर अपमानजनक पोस्ट दोबारा श्याम शाक्यवार द्वारा फेसबुक पर डाला गया**

# फेसबुक पर हिन्दू धर्म विरोधी पोस्ट शेयर किये जाने के विरुद्ध सर्व हिन्दू समाज द्वारा शिकायत दर्ज करवाया

पायनियर संवाददाता < बचेली
www.dailypioneer.com



फेसबुक पर हिन्दू धर्म विरोधी पोस्ट शेयर किये जाने के विरुद्ध सर्व हिन्दू समाज द्वारा बचेली थाना प्रभारी को सूचित करते हुए शिकायत दर्ज करवाया गया। बचेली निवासी श्याम शाक्यवार नामक व्यक्ति जो ठ्ठद्वस्र बचेली परियोजना का कर्मचारी है उनके द्वारा लगातार हिन्दू भावनाओ को आहात करने वाले पोस्ट्स सोशल मीडिया में शेयर किये जाते रहे है , पूर्व में भी होली के त्यौहार को लेकर आरोपी के द्वारा पोस्ट किये गए थे और शिकायत के बाद श्याम शाक्यवार ने माफी भी मांगी थी इसके पश्चात अपनी हरकतों से बाज नहीं आते हुए कुम्भ मेले को लेकर अपमानजनक पोस्ट दोबारा श्याम शाक्यवार द्वारा फेसबुक पर डाला गया जिसके विरुद्ध आज एफआईआर बचेली थाने में दर्ज करवाया गया। एफआईआर दर्ज करवाने राष्ट्रीय बजरंग दल के जिला संयोजक ओम सोनी भी सर्व हिन्दू समाज के युवाओ के समर्थन में बचेली पहुंचे और थाना प्रभारी जी से आग्रह किया की इनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्यवाही की जाये नहीं तो हम सड़कों पर उतर आंदोलन करने हेतु बाध्य होंगे। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी ने भी युवाओ के साथ बचेली थाने पहुंच कार्यवाही हेतु द्बद्बह्र दर्ज करवाया और कहा की कुम्भ हिन्दू आस्था का केंद्र है और इससे हमारी धार्मिक भावनाये आहात हुई है पूर्व में भी आरोपी द्वारा माफी मांगे जाने के पश्चात भी ऐसा कृत्य किया जा रहा है तथा जो कोई भी किसी धार्मिक भावनाओ को चोट पहुंचने हेतु आपत्तिजनक प्रतिक्रिया वाले पोस्ट डालता या शेयर करता है उसके विरुद्ध कड़ी से कड़ी कार्यवाही की जनि चाहिए जिसके विरुद्ध शिकायत करने हेतु कोरोना काल के नियमो को ध्यान में रखकर सोशल डिस्टैन्सिंग और मास्क लगाकर युवा साथियो के साथ हम बचेली थाने आये है। शिकायत दर्ज करवाने हेतु राष्टिय बजरंग दल के जिला संयोजक ओम सोनी , पवन माहेश्वरी ,भाजपा जिला मीडिया प्रभारी राहुल असरानी , आरत मोहंती ,वीरेश मिश्रा , राजेंद्र स्वाई ,संतोष राव,सुधीर नाग , , शिवेंद्र पटेल , कुंदन शर्मा , विष्णु शिवहरे , हिमांशु परघनिया इत्यादि मौजूद थे।

# शाम 6 बजे के बाद नहीं किया जाएगा दुकानों का संचालन

पायनियर संवाददाता < जगदलपुर
www.dailypioneer.com

कलेक्टर रजत बंसल ने सभी दूकानों को शाम 6 बजे तक ही संचालित करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने अपने आदेश में कहा है कि

छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार द्वारा जारी गाईडलाईन अनुसार कोरोना वायरस नियंत्रण के लिए धारा 144 दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 के अधीन आदेश 24 मार्च को जारी किये गये हैं।

वर्तमान में कोविड-19 पॉजिटिव प्रकरणों की संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों के अनुक्रम में जिला बस्तर में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कडे प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना आवश्यक हो गया है । अतः दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 की धारा 30, 34 सहपठित ऐपिडेमिक एक्ट 1987 तथा यथा संशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुये इस कार्यालय द्वारा पूर्व में जारी आदेश में आंशिक संशोधन करते हुये 10 अप्रैल से समय सध्या 6.00 बजे से प्रातः 8.00 बजे तक आगामी आदेश पर्यन्त रात्रि कर्फ्यू लगाया जाता है । समस्त व्यवसायिक प्रतिष्ठान, किराना दुकान, माल्स, चैपाटी स्थल, सिनेमा हॉल, बाजार स्थल आदि को संध्या 6 बजे तक खोलने की अनुमति होगी। संध्या 6 बजे के पश्चात् सभी व्यवसायिक प्रतिष्ठान एवं दुकानों का संचालन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा । होटल, रेस्टोरेंट आदि में बैठकर भोजन ग्रहण करने की अनुमति नहीं होगी। किन्तु घर ले जाने की सुविधा रहेगी में आंशिक संशोधन करते हुये होटल, रेस्टोरेंट आदि में बैठकर भोजन ग्रहण करने के लिये रात्रि 8.00 बजे तक की अनुमति होगी एवं रात्रि 10.00 बजे तक घर ले जाने की सुविधा रहेगी। कार्यालय, प्रतिष्ठान, सेवाओं इत्यादि को दी गई छुट इस आदेश में भी यथावत रहेगी। उक्त आदेश का उल्लंघन किये जाने पर दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30,34 सहपठित ऐपिडेमिक एक्ट, 1987 यथा संशोधित 2020 के अन्तर्गत दंडात्मक कार्यवाही की जायेगी।

# गरियाबंद जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र 13 से 23 अप्रैल तक लॉकडाउन

**उक्त अवधि में गरियाबंद जिले की सभी सीमाएँ पूर्णत : सील रहेगी**

**जिला अन्तर्गत संचालित समस्त शराब दुकाने बंद रहेगी**

पायनियर संवाददाता < गरियाबंद
www.dailypioneer.com

छत्तीसगढ़ शासन एवं भारत सरकार द्वारा नोबेल कोरोना वायरस (कोविड-19) के रोकथाम नियंत्रण के संबंध में जारी गाइड लाइन अनुसार कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी निलेश कुमार क्षीरसागर द्वारा गरियाबंद जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को 13 अप्रैल प्रातः 06:00 बजे से 23 अप्रैल 2021 प्रातः 06:00 बजे तक कन्टेनमेंट जोन घोषित किया गया है। इस आशय का आदेश आज जारी किया गया । आदेश में कहा गया है कि वर्तमान में कोविड-19 प्रकरणों संख्या में लगातार वृद्धि होने के कारण उत्पन्न परिस्थितियों को देखते हुये जिला गरियाबंद में सार्वजनिक आवागमन एवं अन्य गतिविधियों पर कडे प्रतिबंध अधिरोपित किया जाना अत्यावश्यक हो गया है। अतएव दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित ऐपिडेमिक एक्ट 1897 यथासंशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए इस कार्यालय द्वारा जारी आदेश क्रमांक 1458/एडीएम/ 2021 गरियाबंद दिनांक 25.03 2021 एवं आदेश कमांक 1557/ एडीएम/ 2021 गरियाबंद दिनांक 31.03.2021 में आंशिक संशोधन करते हुये मैं निलेशकुमार क्षीरसागर, कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, गरियाबंद निम्नलिखित आदेश प्रसारित करता हूँ।

गरियाबंद जिला अन्तर्गत सम्पूर्ण क्षेत्र को दिनांक 13 अप्रैल 2021 प्रातः 06:00 बजे से 23 अप्रैल 2021 प्रातः 06:00 बजे तक कन्टेनमेंट जोन घोषित किया जाता है। उपरोक्त दर्शित अवधि में गरियाबंद जिले की सभी सीमाएँ पूर्णतः सील रहेगी। उपरोक्त अवधि में केवल मेडिकल दुकानों को अपने निर्धारित समय में खुलने की अनुमति होगी। मेडिकल दुकान संचालक दवाओं की होम डिलवरी व्यवस्था को प्राथमिकता देगें। पेट्रोल पंप संचालको द्वारा केवल शासकीय वाहनों व शासकीय कार्य में प्रयुक्त वाहनों, अस्पताल/ मेडिकल से इमरजेन्सी से संबंधित निजी वाहन/ एम्बुलेंस तथा एल.पी.जी परिवहन कार्य में प्रयुक्त वाहन, बस स्टैण्ड से संचालित ऑटो/टैक्सी, विधिमान्य, एडमिट कार्ड/कॉल लेटर दिखाने पर परीक्षार्थी/ उनके अभिभावक, परिचय पत्र दिखाने पर मीडियाकर्मी/प्रेस



वाहन/न्यूज पेपर हाकर, दुग्ध-वाहन तथा छत्तीसगढ़ में नही रूकते हुऐ अन्य राज्य से सीधे अन्य जाने वाले वाहन को पी.ओ.एल. प्रदान किया जायेगा। अन्य सभी वाहनों हेतु पी.ओ.एल. प्रदान करना पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगा। दुग्ध पार्लर व दुग्ध-वितरण तथा न्यूज होकर द्वारा सामाचार पत्रों के वितरण की समयावधि का निर्धारण प्रातः 06 00 बजे से प्रातः 08:00 बजे तक एवं संध्या 05¬00 बजे से सध्या 06.30 बजे तक होगी। साथ ही यह स्पष्ट किया जाता है कि दुग्ध व्यवसाय हेतु कोई दुकान /पार्लर नही खोले जायेगे। केवल दुकान/पार्लर के सामने फिजिकल डिस्टेसिंग एवं मास्क संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए उपरोक्त समयावधि में केवल दुग्ध विक्रय की अनुमति होगी। पैट शॉप/एक्वेरियम को केवल पशुओं को पशुचारा देने हेतु प्रातः 06 बजे से प्रातः 08 बजे तक एवं संख्या 05 बजे से 06¬ 30 बजे तक खोलने की अनुमति होगी। एल.पी.जी. गैस सिलेन्डर की एजेसियों केवल टेलिफोनिक या ऑनलाईन ऑर्डर लेंगे तथा ग्राहको को सिलेन्डरों की घर पहुँच सेवा उपलब्ध करायेंगे। जिले के अंतर्गत लगने वाले समस्त साप्ताहिक बाजार/हाट बंद रहेगे। औद्योगिक संस्थानों एवं निर्माण इकाईयों को अपने कैम्पस के भीतर (ह्ठ्ह्यद्बह्ल्द्ग) मजदूरों को रखकर द अन्य आवश्यक व्यवस्था करते हुए उद्योगों के संचालक व निर्माण कार्यो की अनुमति होगी। उक्त अवधि के दौरान सम्पूर्ण जिला अन्तर्गत संचालित समस्त शराब दुकाने बंद रहेगी। सभी धार्मिक, सांस्कृतिक एवं पर्यटन स्थल आम जनता के लिए पूर्णतः बंद रहेंगे। उपरोक्त अवधि में गरियाबंद जिले अन्तर्गत सभी केन्द्रीय/ शासकीय/ अशासकीय/ निजी कार्यालय एवं बैंक बंद रहेंगे। तथापि टेलीकॉम के संचालन व रख-रखाव से जुड़े कार्यालय वर्कशाप, रेक पाइंट पर लोडिंग-अनलोडिंग का कार्य खाद्य सामाग्री के थोक परिवहन, धान मिलिंगहेतु परिवहन एवं शासन से अनुमति प्राप्त समस्त परीक्षाओं को छोड़कर अन्य समस्त शैक्षणिक गतिविधिया बंद रहेगी, किन्तु अस्पताल एवं एटीएम पूर्ववत संचालित रहेगी। सभी प्रकार की सभाएँ. जुलुस, सामाजिक, धार्मिक एवं राजनैतिक आयोजन इत्यादि पूर्णत प्रतिबंधित रहेगे। कोविड संक्रमण के रोकथाम हेतु जिले में समस्त कार्य जैसे कांटैक्ट ट्रेसिंग, एक्टिव सर्विलांस, होम आइसोलेशन, दयाई वितरण आदि पूर्वानुसार चलते रहेंगे। इन कार्य में संलग्न सभी कर्मचारियों की उपस्थिति पूर्वानुसार अनिवार्य होगी। कोविड केयर सेन्टर से डिस्चार्ज होने वाले मरीजों के परिवहन में संलग्न वाहन पूर्वानुसार संचालित रहेंगे। गरियाबंद जिले में प्रतियोगी/अन्य परीक्षाओं में सम्मिलित होने वाले परीक्षार्थीयों हेतु उनका एडमिट कार्ड मान्य होगा तथा रेलवे, टेलीकॉम का संचालन रख-रखाव का कार्य या हास्पिटल या कोविड-19 ड्यूटी में संलग्न कर्मचारियों/चिकित्सकों की दशा में नियोक्ता द्वारा जारी आई कार्ड, ई-पास के रूप में मान्य किया जायेगा। अपरिहार्य परिस्थितियों में गरियाबंद जिले से अन्यत्र आने-जाने वाले यात्रियों को ई-पास के माध्यम से पूर्व अनुमति लिया जाना अनिवार्य होगा। कोविड-19 टीकाकरण हेतु पजीयन, कोविड-19 जाच हेतु मेडिकल दस्तावेज या आधार कार्ड/ विधिमान्य परिचय पत्र दिखाने पर कोविड-19 टीकाकरण केन्द्र अस्पताल/पैथालॉजी लैब अथवा आने-जाने की अनुमति होगी, किन्तु अनावश्यक भ्रमण सख्त प्रतिबंधित रहेगा। आपात स्थिति में यात्रा के दौरान 04 पहिया वाहनों में ड्राईवर सहित अधिकतम 03 ऑटो में ड्राईवर सहित अधिकतम 03 एवं दो पहिया वाहन में केवल 02 व्यक्तियों की यात्रा की अनुमति होगी। बस स्टैण्ड, हास्पिटल आवागमन हेतु ऑटो/टैक्सी परिचालन की अनुमति रहेगी,किन्तु अन्य प्रयोजन हेतु पूर्णत प्रतिबंध रहेगा। इस निर्देश का उल्लंघन किये जाने पर 15 दिवस हेतु वाहन जप्त करते हुए चालानी व अन्य कानूनी कार्यवाही की जायेगी। विवाह इत्यादि प्रयोजन हेतु पूर्व में अधिकतम 50 व्यक्तियों के शामिल होने हेतु अनुमति प्रदान की गई थी, किंतु कोविड-19 के बढ़ते प्रकोप के दृष्टिगत विवाह इत्यादि प्रयोजन हेतु पूर्व में प्रदाय की गई समस्त अनुमतियों को निरस्त किया जाता है। विवाह कार्यकम वर अथवा वधू केनिवास-गृह में ही आयोजित करने की शर्त के साथ आयोजन में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 निर्धारित की जाती है। इसी प्रकार अंत्येष्टि, दशगात्र, इत्यादि मृत्यु संबंधी कार्यक्रम में शामिल होने वाले व्यक्तियों की अधिकतम संख्या 10 निर्धारित की जाती है। मीडिया कर्मी यथासंभव वर्क फाम होम द्वारा कार्य सम्पादित करेंगे। अत्यावश्यक स्थिति में कार्य हेतु बाहर निकलने पर अपना आई-कार्ड साथ रखेगें तथा फिजिकल डिस्टेसिंग एवं मास्क संबंधी निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करेंगे। यह आदेश कार्यालय पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त जिला दण्डाधिकारी, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, उप पुलिस अधीक्षक, होम गार्ड, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय एवं उनके अधीनस्थ समस्त कार्यालय, अनुविभागीय दण्डाधिकारी, तहसील, थाना एवं पुलिस चौकी पर लागू नही होगा। इसके अतिरिक्त कानून व्यवस्था एवं स्वास्थ्य सेवा से संबंधित पदाधिकारी एवं बिजलीकर्मी, पेयजल आपूर्ति एवं नगरपालिका सेवायें जिसमें सफाई, सिवरेज एवं कचरे का डिस्पोजल इत्यादि भी शामिल है तथा अग्निशमन सेवाएं संचालन हेतु संबंधित अधिकारियों/ कर्मचारियों को कार्यालय संचालन एवं आवागमन की अनुमति होगी, किन्तु इन शासकीय कार्यालयों में उपरोक्त अवधि में आम जनता का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा। राज्य शासन के विशेष आदेश द्वारा अनुमति प्राप्त किसी सेवा के संचालन की अनुमति होगी। उपरोक्त बिन्दुओं को छोड़कर जिले मे समस्त गतिविधियाँ पूर्णतः प्रतिबंधित रहेगी। इस आदेश का उल्लंघन करने वाले व्यक्ति/समूह / प्रतिष्ठान भारतीय दण्ड संहिता 1860 की धारा 188 एवं 270, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 51-60 एवं महामारी नियंत्रण अधिनियम 1897 यथा संशोधित 2020 के तहत् तथा अन्य सुसंगत विधि अनुसार कड़ी कार्यवाही के भागी होंगे। यह आदेश अल्प समयावधि में लागू किया जाना अति आवश्यक है।

## होम आइसोलेशन मरीजों के लिए बना नियंत्रण कक्ष

**बलौदाबाजार।** कोरोना से संक्रमित और होम आइसोलेशन में रहकर इलाज करा रहे मरीजों की सुविधा के लिए जिला ग्रंथालय परिसर, बलौदाबाजार में जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। यह नियंत्रण कक्ष दिन-रात 24 घण्टे काम करेगा। अवकाश के दिनों में भी क्रियाशील रहेगा। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर (88174-00390) है। पारी-पारी से 12 अधिकारी एवं कर्मचारियों की ड्यूटी इसमें लगाई गई है। होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीज किसी भी समय उपरोक्त नम्बर पर सम्पर्क करके सहायता प्राप्त कर सकते हैं। नियंत्रण कक्ष के नोडल अधिकारी आयुर्वेद चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजकुमार बंजारे मो.(98261-52308) को बनाया गया है।

## अब ऑनलाइन मोड में होगा जीपीएफ का अंतिम भुगतान

पायनियर संवाददाता < बलौदाबाजार
www.dailypioneer.com

शासकीय कर्मियों की सेवानिवृति उपरांत मिलने वाली सामान्य भविष्य निधि (जीपीएफ) के फाइनल पेमेन्ट भुगतान ऑनलाइन तरीके से किया जायेगा। इससे कर्मियों को अपने सेवाकाल के बचत की राशि अंतिम भुगतान के रूप में जल्द मिल सकेगी और उन्हें काफी राहत मिलेगी। कलेक्टर सुनील कुमार जैन ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को इस साल 1 अप्रैल से तमाम प्रकरण ऑनलाइन मोड में महालेखाकार दफ्तर रायपुर भेजने को कहा है। इसके पहले मैनुअल तरीके से प्रकरण भेजे जाते थे, जिससे भुगतान में विलंब की संभावना बनी रहती थी। इस समस्या को दूर करने के लिए संचालनालय कोष लेखा एवं पेंशन रायपुर ने इसके लिए अलग से सॉफ्टवेयर सिस्टम तैयार किया गया है। जिला कोषालय अधिकारी के के दुबे ने कहा कि मामला ऑनलाइन भेजने में यदि किसी विभाग को कोई दिक्कत आये तो जिला कोषालय से संपर्क स्थापित कर समस्या का निराकरण किया जा सकता है।

## खाली पोल्ट्री फार्म के अंदर खेल रहे थे जुआ, साइबर व चौकी की संयुक्त टीम ने दी दबिश

**6 आरोपी से 92 हजार रुपए नगद, 1 कार व 3 बाइक जब्त**

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



पोल्ट्री फार्म के अंदर जुआ खेल रहे 6 व्यक्तियों को साइबर सेल व चौकी की संयुक्त टीम ने दबिश देकर पकड़ा है। इसके पास से 92 हजार 370 रुपए, 1 कार व 3 बाइक व 6 मोबाइल जब्त किया गया है । सभी आरोपी बसना क्षेत्र के रहने वाले है । इनके खिलाफपुलिस ने 13 जुआ एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया गया है। मामला भवंरपुर चौकी क्षेत्र का है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार साइबर सेल व भंवरपुर पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम रामभाठा के खाली फर्म में कुछ लोग रुपए का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं । सूचना पर संयुक्त टीम ने शनिवार को दबिश देकर 6 लोगों को पकड़ा है। पकड़े गए आरोपी में ग्राम चनाट निवासी सुनिधर पटेल पिता उदल पटेल(44), नेहरू पटेल पिता धनेशर पटेल (38), कुंजन पटेल पिता जगदीश पटेल (35), बसना निवासी सुनील अग्रवाल पिता चंद्रभान अग्रवाल (58), मोहम्मद समीम पिता मोहम्मद आदम (48) एवं अजगरखार निवासी गोपाल नायक पिता मोहन नायक (45) शामिल है । बता दें कि आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने अलग-अलग टीम बनाई थी। टीम कार व बाइक के माध्यम से घटना स्थल तक पहुंच जुआरियों को पकड़ा । बता दें कि जुआरियों ने वाचर भी रखा था, जो वहां आने जाने वालों पर नजर बनाई हुई थी। टीम ने वाचर को चकमा देकर पोल्ट्री फार्म में दबिश दी।

इस कार्रवाई में सायबर सेल महासमुन्द प्रभारी उप निरीक्षक संजय सिंह राजपूत व चौकी प्रभारी उमाकान्त तिवारी, प्रआर जनक उराव, आरक्षक रवि यादव, संदीप भोई, हेमन्त नायक, युगल पटेल, योगेन्द्र दुबे, ललित यादव, त्रिनाथ प्रधान, देव कोसरिया, शैलेन्द्र ठाकुर, गोविंद प्रधान, मनोज मानिकपुरी, डिग्री नंद शामिल थे।

## सिहावा विधायक ने हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान एवं जनसम्पर्क निधि प्रदान की

**नगरी।** उपाध्यक्ष मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण एवं सिहावा विधायक डॉ. लक्ष्मी ध्रुव की अनुशंसा पर हितग्राहियों को स्वेच्छानुदान एवं जनसम्पर्क निधि चेक द्वारा प्रदान की गई।

विधायक महोदया द्वारा स्वेच्छानुदान राशि कुमारी भूमिका/मनोज कुमार ग्राम दिनकरपुर 10000 रुपये, खिलेश्वरी साहू ग्राम घटुला 50000 रुपये, धर्मेन्द्र कोसरे ग्राम घटुला 50000 रुपये, प्रभाबाई ग्राम छिपली 50000 रुपये, ललित कुमार साहू पंडरीपानी 50000 रुपये,बिंदुलाल साहू नगरी 30000 रुपये, वेदप्रकाश ध्रुव अमाली 20000 रुपये एवं जनसम्पर्क निधि से पुनारद राम मरकाम ग्राम घटुला 25000 रुपये,योगेश कुमार ग्राम घटुला 5000 रुपये,अवधराम मरकाम ग्राम गुड़ापारा 5000 रुपये,रामेश्वर ध्रुव ग्राम गुड़ापारा 5000 रुपये, श्याम लाल ग्राम पाँवद्वार 5000 रुपये,गोदावरी ग्राम घटुला 5000 रुपये चेक द्वारा प्रदान किया गया।

इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी नगरी भूषण साहू, विधायक प्रतिनिधि नगरी रुद्रप्रताप नाग, अध्यक्ष सरपंच संघ राजू सोम,राजेन्द्र ठाकुर एवं कांग्रेसजन उपस्थित थे।

## फिर से सक्रिय हुआ कोरोना नियन्त्रण कक्ष

**बलौदाबाजार।** कोरोना नियन्त्रण के लिए जिला कार्यालय बलौदाबाजार के उप निर्वाचन शाखा में स्थापित नियंत्रण कक्ष को फिर से सक्रिय कर दिया गया है। नियंत्रण कक्ष का दूरभाष नम्बर (07727-223697) है। राजीव गांधी शिक्षा मिशन के जिला मिशन समन्वयक आर सोमेश्वर राव को नोडल अधिकारी बनाया गया गया है। नियन्त्रण कक्ष अवकाश के दिन सहित दिन-रात 24 घण्टे काम करेगा। कोरोना संक्रमण से बचाव एवं राहत सम्बन्धी जानकारी, शिकायत, सहायता एवं सुझाव उपरोक्त नम्बर पर दर्ज कराया जा सकता है। 13 अधिकारी कर्मचारियों की पारी-पारी से नियंत्रण कक्ष में ड्यूटी लगाई गई है।

## कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में झूठ बोलने वालों पर अब पुलिसिया कार्रवाई

**बलौदाबाजार।** कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के दौरान सही जानकारी नहीं देने वालों की सूची पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस इस मामले में अब कार्रवाई करेगी। संयुक्त कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी टेकचन्द अग्रवाल ने बताया कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के दौरान हर मरीज से उनके सम्पर्क में आने वाले मरीजों की हिस्ट्री एकत्र की जा रही है। उन्होंने लोगों से कहा है कि कोरोना टेस्टिंग के दौरान सही जानकारी दें। अपना नाम, पता और मोबाइल नम्बर सही बताएं। कई लोग गलत मोबाइल नम्बर अथवा पता गलत दर्ज करा लेते हैं या फोन बंद कर लेते हैं। जिससे उन्हें ढूंढ निकालने में दिक्क त होती है। इस प्रकार पॉजिटिव व्यक्ति बाहर घूमकर अन्य व्यक्ति यों को संक्रमित करते रहता है। सही जानकारी नहीं देने पर यह समस्या विकराल रूप ले ले सकती है।

## महापौर, आयुक्त सहित पार्षदों व नागरिकों ने सुनी लोकवाणी

**लॉकडाउन के दौरान प्रशासन का अपेक्षित सहयोग करने की गई अपील**

पायनियर संवाददाता < धमतरी
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मासिक रेडियो वार्ता 'लोकवाणी' की 17वीं कड़ी का प्रसारण आज सुबह 10.30 बजे से आकाशवाणी सहित क्षेत्रीय समाचार चैनलों में किया गया। 'नया बजट, नए लक्ष्य' विषय पर प्रदेशवासियों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री बघेल ने सबसे पहले बीजापुर जिले में शहीद हुए 22 जवानों को प्रदेश के दो करोड़ 80 लाख जनता की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए कहा कि अमर शहीदों का बलिदान व्यर्थ नहीं जाएगा। प्रदेश को नक्सलवाद से मुक्त कराने भारत सरकार की मदद से निर्णायक अभियान जारी रखा जाएगा। इसके उपरांत कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण पर मुख्यमंत्री ने कहा कि इस वैश्विक महामारी से निबटने के लिए संयम, धैर्य व सावधानी की जरूरत है। भीड़ वाली जगहों पर जाने से परहेज करें तथा मास्क, सैनिटाइजर का इस्तेमाल जरूर करें। उन्होंने प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा कि जितना संभव हो, घर पर ही रहें। ऐसे प्रतिकूल समय में शासन-प्रशासन यथायोग्य मदद करेगा तथा खुद को व परिवार को सुरक्षित रखने टीका जरूर लगवाएं। इसके अलावा मुख्यमंत्री बघेल ने वित्तीय वर्ष 2021-22 में नए बजट के तहत किए गए प्रावधानों की जानकारी लोकवाणी के माध्यम से दी। जिला स्तर पर लोकवाणी की आज की कड़ी को सुनने की व्यवस्था नगर निगम के सभाकक्ष में की गई थी। इससे सुनने के बाद महापौर विजय देवांगन ने कहा कि विपरीत दौर में भी प्रदेश सरकार बेहद सकारात्मक भूमिका निभा रही है। प्रदेश के मेहनतकश किसानों के जीवन में राजीव गांधी न्याय योजना फिर से बहार लेकर आएगी। उन्होंने यह भी कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार का ऐतिहासिक बजट सभी वर्गों की जरूरतों व मांगों को लेकर बनाया गया है। महापौर ने पिछले दिनों शहीद हुए 22 जवानों को निगम परिवार की ओर से श्रद्धांजलि देते हुए संवेदना प्रकट की। साथ ही वर्तमान में प्रदेश सहित धमतरी में लगातार बढ़ रहे कोविड-19 के प्रकरणों को दृष्टिगत करते हुए उन्होंने अधिकांश समय घर पर ही रहने, अतिआवश्यक होने पर ही प्रतिवेदित समय में मास्क, सैनिटाइजर के साथ घर से निकलने तथा जिला प्रशासन द्वारा की गई तालाबंदी (लॉकडाउन) के दौरान धैर्यपूर्वक अपेक्षित सहयोग करने की अपील नगरवासियों से की है।

इस दौरान उपस्थित आयुक्त मनीष मिश्रा, एमआईसी सदस्य सर्व केन्द्रकुमार पेंदरिया, अवैश हाशमी, पार्षद सोमेश मेश्राम, एल्डरमैन देवेन्द्र जैन, प्रेमशंकर चैबे ने भी लोकवाणी की आज की कड़ी का प्रसारण सुनकर अपनी प्रतिक्रियाएं दीं।

## पुलिस की अभिरक्षा में जुआरी

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com

शराब की अवैध कोरोबार व अधिक कीमत में बिक्री को लेकर अब कांग्रेसी उठा रहे सवाल, कह रहे सरकार को बदनाम करने में तुले है अधिकारी जिले में शराब की अवैध कारोबार व अधिक रेट में बिक्री का खेल लगातार जारी है। इससे सरकार को लाखों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंच रही है। विभाग में बैठे अफसर भी माफिआओं पर कार्रवाई नहीं कर रहे है, इससे प्रतीत हो रहा है कि कहीं न कहीं अधिकारियों की माफियों से मिली भगत है । इधर, कांग्रेस नेता भी अधिकारी पर सरकार की छवि धुमिल करने का आरोप लगा रहे हैं। बागबाहरा ब्लॉक कांग्रेस के प्रथम अध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी अंकित बागबाहरा ने बताया कि महासमुंद जिला अब दूसरे राज्यों की अवैध शराब की बिक्री,व स्थानीय शराब दुकानों में दूसरे प्रदेश के व्यक्ति यों से आज भी काम करवाया जा कर स्थानीय व्यक्ति यों को रोजगार से मरहूम किया जा रहा है। जानकारी अनुसार पूरे जिले की दुकानों में मिलावटी शराब और ओवर रेट की जांच होनी चाहिए, शीतली नाला दुकान में लगी आग की भी उच्च स्तरीय जांच होनी चाहिए। अंकित ने बताया लगातार शिकायत के बाद भी नर्रा की अवैध दुकान पर कोई कार्यवाही नही की गई जिसके कारण इतना बड़ा वहां आंदोलन हुआ और शाशन प्रशाशन की बहुत बदनामी हुई। अंकित ने बताया कि स्थानीय बेरोजगारों को रोजगार देने की जगह अन्य प्रदेश के पुराने अनुभवी शराब के काम करने वालों से बसना,सराईपाली एरिया में आज भी काम करवाया जा रहा है, जिसका प्रमाण तुमगांव से पैसे लेके भागा और ओड़िसा में पकड़ाया व्यक्ति है, बसना से हाल में ही बड़ी मात्रा में ढक्क न का मिलना, 50 पेटी से ऊपर मिलावटी शराब की खेप मिलना,और जिस पर कार्यवाही हुई वो भी पोलिस रिकॉर्ड में अन्य प्रदेश का व्यक्ति है। लगातार जिले में जिला पुलिस व साइबर के द्वारा ट्रकों ट्रकों दूसरे राज्य की शराब मिलना भी एक बड़ी मिलिभगत की ओर इशारा करता है। बागबाहरा के आस पास भिलाइदादार व अन्य जगहों के साथ साथ जिले में आज भी महुआ शराब व ओड़िसा की शराब व मध्यप्रदेश की धड़ल्ले से बिक्री होती है और कई बार लिखित शिकायत करने के बाद भी आबकारी द्वारा कार्यवाही शून्य है। दिवाली के समय भी ओवर रेट बेचे जाने का वीडियो वायरल हुआ था, आज सबसे बड़ा सवाल ये भी है कि पूरे जिले में जो भी कार्यवाही हो रही है वो या तो रायपुर से आकर फ्लाइंग वाले कर रहे है या पुलिस विभाग कर रहा है।

**दो दिन बाद नवरात्र प्रारंभ, नौ दिनों तक रहेगी नवरात्र**

## चैत्र नवरात्र में इस साल भी श्रद्धालु नहीं कर पाएंगे देवी मंदिरों में प्रवेश

**केवल प्रज्जवलित होंगी मनोकामना ज्योति**

पायनियर संवाददाता < महासमुंद
www.dailypioneer.com



चैत्र नवरात्र को दो दिन बच गए हैं । 13 अप्रैल से नवरात्र प्रारंभ होगा। इस बार नवरात्र पूरे नौ दिनों की है । 21 तारीख को राम नवमीं मनाई जाएगी । किसी भी तिथि का लोप नहीं है। इधर, पर्व को लेकर मंदिर समितियों में तैयारियां प्रारंभ कर दी है । मंदिरों में ज्योत कक्ष से लेकर गर्भगृह तक साफ -सफाई के साथ साज-सज्जा की तैयारियां चल रही है, लेकिन दर्शन पहले की तरह नहीं होगी । इस बार भी लोगों को घरों में रहकर मां देवी की उपासना करनी होगी, क्योंकि कोरोना की दूसरी लहर के साथ प्रशासन मंदिरों में प्रवेश वर्जित कर दिया है । कोरोना के बढ़ते संक्रमण के चलते प्रशासन ने देवी मंदिरों में भीड़ एकत्रित न करने की चेतावनी दी है, वहीं समितियों को हिदायत भी दी है कि जिले में धारा 144 लागू है ।

जिले में लगातार बढ़ते कोरोना संक्रमण को देखते हुए इस वर्ष भी नवरात्र पर देवी मंदिरों में मनोकामना ज्योतिकलश प्रज्जवलित होंगे । मंदिरों में कोविड गाईडलाइन का पालन करते हुए मंदिर समिति केवल ज्योत प्रज्जवलित करेंगे। दर्शन के लिए मंदिरों में प्रवेश के लिए रोक रहेगी। इसके अलावा धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन भी नहीं होगा। जिले के मुख्य मंदिरों में प्रवेश अप्रैल महीने से ही बंद कर दिया गया है। इधर, नवरात्र को लेकर ज्योति कलश प्रज्जवलित करने की तैयारियां चल रही है । ज्योति प्रज्जवलित के लिए पंजीयन जारी है । 12 अप्रैल के देर रात तक पंजीयन होगा, इसके बाद दूसरे दिन यानी 13 अप्रैल को शुभ मुहूर्त पर देवी मंदिरों में ज्योति प्रज्जवलित की जाएगी।

### मंदिरों में प्रवेश वर्जित, बढ़ रहे केस

कोरोना की दूसरी लहर ने इस साल भी नवरात्र को फीका कर दिया है । लगातार दूसरी बार चैत्र नवरात्र में देवी मंदिरों में केवल ज्योति प्रज्जवलित हो रही है।

दर्शन के लिए श्रद्धालुओं पर रोक लगा दी है। कलेक्टर ने शुक्रवार को बैठक में अनुविभागीय अधिकारियों को सख्त हिदायत देते हुए कहां कि मंदिर समितियों के पदाधिकारियों से चर्चा कर मंदिरों में प्रवेश न दें । केवल ज्योति प्रज्जवलित ही करें । मंदिरों में पुजारी के अलावा किसी को दर्शन के लिए प्रवेश न दिया जाए । बता दें कि मुख्य मंदिरों में प्रवेश तो पहले से ही बंद कर दिया गया है । शहर के मंदिरों में ही भीड़ जुट रही है । हालांकि सुरक्षा की दृष्टि से सेनेटाइजर व हाथ धोने की व्यवस्था समिति ने की है । इधर, कोरोना संक्रमण लगातार बढ़ रहा है ।

### खल्लारी मंदिर का मुख्य मार्ग बंद

जिले के मुख्य मंदिर भीमखोज खल्लारी में समितियों ने प्रवेश द्वार पर बांस के बैरिकेट्स लगा दिए हैं, ताकि श्रद्धालु दर्शन के लिए प्रवेश न कर पाए। समिति के कोषाध्यक्ष सुरेश चंद्राकर ने बताया कि कोरोना की दूसरी लहर की शुरुआत को देखते हुए ही समिति ने दर्शन के लिए रोक लगा दी है। नवरात्र में भी दर्शन के लिए श्रद्धालुओं का प्रवेश बंद रहेगा। वहीं घुंचापाली चंदी मंदिर में भी नौ दिनों तक पहाड़ में पुजारी व सेवादार ही रहेंगे। भक्तों का प्रवेश बंद रहेगा।

## बिना अलग कमरा, टॉयलेट के नहीं दी जाएगी होम आयसोलेशन की सुविधा

**धमतरी।** कलेक्टर जयप्रकाश मौर्य ने कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण को ध्यान में रखते हुए यह निर्देश दिया है कि होम आयसोलेशन की सुविधा उन्हीं कोविड-19 धनात्मक मरीजों को मुहैया कराया जाए, जो शासन द्वारा जारी दिशानिर्देशों के नियमों का पालन करते हों। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कहा कि कोविड के उन्हीं मरीजों को होम आयसोलेट किए जाने की अनुमति दी जाएगी, जिनके घर में पृथक् से कमरा हो तथा दो अलग-अलग टॉयलेट हों, जिसका वह निजी तौर पर उपयोग कर सके। साथ ही उन्होंने यह भी निर्देश दिया है कि जिन लोगों को होम आयसोलेट किया गया है, उनके घर के सामने सूचना पर्ची अनिवार्य रूप से चस्पा करें, ताकि उन्हें चिन्हांकित कर उनका यथासंभव उपचार जारी रखा जा सके तथा अन्य व्यक्तियों के सम्पर्क में आने ना पाए।

# जिले के सरकारी अस्पतालों में आक्सीजन सुविधा युक्त वाले बेड की संख्या 500 से बढकर 700 होगी

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



जिले में लगातार बढ़ रहे कोरोना मरीजों की संख्या तथा इससे निपटने के लिए अब जिले के सरकारी अस्पतालों में आक्सिजन सुविधा युक्त वाले बिस्तरों की संख्या में बढ़ोतरी की जा रही है। इस तरह के बेड की संख्या 500 से बढ़ाकर 700 करने की प्रक्रिया शुरू हो चुकी है।

इतना ही नहीं जिला प्रशासन ने अस्पताल व होम आइशोलेशन में रहने वाले मरीजों को मानसिक स्वास्थ्य की सुविधाएं भी दी जाएगी। मरीजों के अस्पताल में होने वाले मानसिक दबाव को कम करने के लिए परिजनों से मोबाइल पर बात करने की सुविधाएं भी प्रदान करने पर विचार किया जा रहा है।

मरीजों की संख्या के साथ ही उपचार के लिए पहुंचने वाले गंभीर मरीजों को ऑक्सीजन सपोर्ट वाले बेड की जरुरत पड़ रही है जिसके लिए प्रशासन द्वारा प्रयास किया जा रहा है।स्वास्थ्य विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार जिले में कोरोना के 18,374 से अधिक सक्रिय केस हैं। वहीं होम आइसोलेशन में रहने वालों की संख्या भी 22,869 से अधिक है। जिले में आज 4342 लोगों की कोरोना सेंपल जांच की गई जिसमें 1786 लोग कोरोना पॉजिटिव मिले जबकि अस्पताल में इलाज के दौरान आज 14 लोगों की मौत हुई है। 315 मरीज स्वस्थ्य होकर डिस्चार्ज हुए हैं। सीएमएचओ डॉ गम्भीर सिंह ठाकुर ने बताया, जिला प्रशासन द्वारा चंदुलाल चंद्राकर मेडिकल कॉलेज में ऑक्सीजन सुविधा युक्त बेड को बढाकर 115 किया जा रहा है।

शंकराचार्य कोविड सेंटर में 10 बेड, झीट में 25 बेड, सुपेला में 50 बेड सहित अन्य सरकारी अस्पतालों में 700 ऑक्सीजन बेड की संख्या निरंतर बढाने का प्रयास किया जा रहा है।

वर्तमान में सरकारी अस्पतालों में करीब 500 ऑक्सीजन बेड हैं। वहीं वेंटिलेटर की संख्या 36 है। कोरोना इलाज के लिए अधिकृत जिले के निजी अस्पतालों में 234 ऑक्सीजन बेड और 50 वेंटिलेटर हैं। आक्सिजन सपोर्ट वाले बेड की संख्या बढ़ाने से अति गंभीर कोरोना मरीजों को राहत मिलेगी। सीएमएचओ डॉ गम्भीर सिंह ठाकुर ने सुविधाएं बढाने के लिए समीक्षा बैठक भी ली है जिसमें तय हुआ कि चरणबद्ध तरीके से ऑक्सीजन बेड की संख्या को पहले आवश्यकतानुसार बढाया जाए।

## जिले में टीकाकरण की स्थिति

जिले में कोरोना के बढते संक्रमण को थामने के लिए 268 सरकारी व 22 निजी अस्पतालों में वैक्सीनेशन किया जा रहा है । 16 जनवरी से 9 अप्रैल तक फंट लाइन वर्कर, हेल्थ वर्कर, 60 व 45 से अधिक उम्र के 3.30 लाख हितग्राहियों को टीके लग गए हैं। अब तक हेल्थ वर्कर को प्रथम डोज 18913व द्वितीय डोज 14197, फंट लाइन वर्कर को प्रथम डोज 20618 व द्वितीय डोज 12048 , वृद्धजनों में 60 वर्ष से अधिक उम्र को प्रथम डोज 1,10,094 व द्वितीय डोज 4088 और 45 से अधिक उम्र को प्रथम डोज 1,48,906 व द्वितीय डोज 969 सहित कुल 3,29,833 लोगों को टीके लगाए जा चुके हैं। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के अनुसार आज सरकारी व प्राइवेट टीकाकरण केंद्रों में 60 से अधिक उम्र के 3358 लोगों , 45 से अधिक उम्र के 10,714 लोगों, हेल्थ वर्कर 70 लोगों को और फंट लाइन वर्कर 201 सहित कुल 14,343 हितग्राहियों को टीके लगाए गए हैं। जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. सुदामा चंद्राकर ने बताया, स्वास्थ्य विभाग से मिले निर्देश के अनुसार हेल्थ वर्कर व फंट लाइन वर्कर जिनका टीकाकरण छुटे हुए हैं उनका ऑन साइट पंजीकरण केवल शासकीय कोविड वैक्सीनेशन सेंटर में किया जाएगा।

# मनोरा के अमीन अंसारी की कोरोना से मौत बीमार अवस्था में घर पर थे, जांच पॉजीटिव



### सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाने पर कोरोना की हुई पुष्टि, अनदेखी करना पड़ा भारी

पायनियर संवाददाता ◄ मनोरा
www.dailypioneer.com

कोरोना वायरस से संक्रमित होने पर उसके लक्षण को जानते हुए अनदेखा करना भारी पड़ सकता है। जिले के मनोरा विकासखंड में अनदेखी करने से मौत का एक मामला सामने आया है। एक बीमार व्यक्ति घर पर रह रहा था और जब उनकी हालत बिगड़ी और उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया और वहां उनकी कोरोना की जांच की गई तो रिपोर्ट पॉजीटिव अई। रिपोर्ट आने के कुछ देर बाद ही मरीज की अस्पताल में ही मौत हो गई। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक मनोरा निवासी अमीन अंसारी उम्र लगभग 60 वर्ष की तबीयब कुछ दिनों से खराब थी। वे घर पर ही रहकर ठीक होने का इंतजार कर रहे थे। रविवार की दोपहर अचानक तबीयत ज्यादा खराब होने पर उन्हे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मनोरा लाया गया जहां उनकी कोरोना की जांच की गई। रिपोर्ट पॉजीटिव आई और इससे पहले की उनके इलाज की प्रक्रिया को और आगे बढ़ाया जाता उनकी मौत हो गई।

### पहली मौत

मनोरा विकासखंड में कोरोना से मौत का यह पहला मामला है। स्थिति चिंताजनक है लोगों को सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने के साथ ही टीकाकरण पर ध्यान देना होगा। लॉक डाउन का पालन करना होगा।

**डॉ. रोशन बरियार,**
बीएमओ मनोरा

### टीका लगवाने की अपील

मनोरा विकासखंड स्वास्थ्य अधिकारी, बीएमओ डॉ. रोशन बरियार और तहसीलदार सहोदर पैंकरा ने लोगों से कोविड-19 का टीका अवश्य लगवाने की अपील की है।

जिनकी उम्र 45 वर्ष या उससे अधिक है उनसे अपील की है कि अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में जाकर कोविड-19 का टीका अवश्य लगवाएं।

## मेडिकल दवाई, उपकरण एवं कोविड वैक्सीनेशन व टेस्टिंग हेतु परिवहन एवं वाहनों को पेट्रोल

**बालोद।** कलेक्टर जनमेजय महोबे ने आदेश जारी कर कहा है कि 8 अप्रैल 2021 द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144, आपदा प्रबंधन अधिनियम 2005 की धारा 30, 34 सहपठित एपीडेमिक एक्ट 1987 यथासंशोधित 2020 द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए बालोद जिला अंतर्गत संपूर्ण क्षेत्र को 19 अप्रैल 2021 प्रातः 6 बजे तक कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है। उपरोक्त आदेश में आंशिक संशोधन किया गया है। अब मेडिकल, मेडिकल दवाई, मेडिकल उपकरण आदि संबंधी सुविधाओं के लिए परिवहन एवं वाहनों हेतु पेट्रोल, डीजल प्रदाय करने की अनुमति होगी। कोविड वैक्सीनेशन एवं टेस्टिंग हेतु किसी भी प्रकार के परिवहन एवं वाहनों हेतु पेट्रोल, डीजल प्रदाय किए जाने की अनुमति होगी। यह आदेश तत्काल प्रभावशील होगा।

# कलेक्टर महोबे ने कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों का किया आकस्मिक निरीक्षण

### शासन से प्राप्त डोज का शतप्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के दिए निर्देश

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





कलेक्टर जनमेजय महोबे ने रविवार को डौण्डी विकासखण्ड अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र चिखलाकसा, दल्लीराजरा के शहीद अस्पताल, बीएसपी अस्पताल और उप स्वास्थ्य केन्द्र पथराटोला के कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों का आकस्मिक निरीक्षण कर जायजा लिया।

उन्होंने वहां कोविड-19 टीकाकरण कार्य की प्रगति और आवश्यक सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने टीकाकरण केन्द्रों में टीका लगवा चुके लोगों से चर्चा कर उनकी स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली। कलेक्टर ने कोविड-19 टीकाकरण के लिए शासन से प्राप्त डोज का शतप्रतिशत उपयोग सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कोविड-19 टीकाकरण केन्द्रों में आवश्यक सुविधाएं बनाएं रखने के भी निर्देश दिए। इस अवसर पर जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. एसके सोनी सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद थे।

## जिले में सभी रेल यात्रियों का रोज किया जाएगा कोविड टेस्ट

**सक्ती।** जांजगीर चाम्पा जिले में कोविड-19, संक्रमण की रोकथाम के लिए अब जिले में सभी रेल यात्रियों का कोरोना टेस्ट किया जाएगा।जिन यात्रियों की तीन दिन पहले का कोरोना वायरस का निगेटिव टेस्ट रिपोर्ट रहेगी उन्हें आगे की यात्रा की अनुमति होगी। कोविड टेस्ट में जिन यात्रियों की रिपोर्ट पाज़ीटिव आएगी उन्हें गत वर्ष की तरह जिले क्वारंटीन किया जाएगा। कलेक्टर यशवंत कुमार ने शासन के उक्त निर्देश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए हैं,कलेक्टर रेल यात्रियों की स्टेशन में कोरोना टेस्टिंग, ट्रांसपोर्टिंग और कोरोना पाज़ीटिव रेल यात्रियों के लिए क्वारंटीन सेंटर की व्यवस्था शीघ्र सुनिश्चित करने कहा है।

### वैक्सीनेशन सेंटरो की संख्या में इजाफा

**जैजैपुर।** जनपद पंचायत जैजैपुर के अंतर्गत अभी वर्तमान में 15 वैक्सीनेशन सेंटर बनाए गए हैं क्योंकि कोविड-19 की लगातार इजाफा को देखते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी जांजगीर के आदेशानुसार कोविड-19 संक्रमण की रोकथाम के लिए वैक्सीनेशन सेंटर की कमी को देखते हुए 15 सेंटर जैजैपुर क्षेत्र में बनाए गए हैं जिसमें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जैजैपुर के शासकीय कन्या उत्तर माध्यमिक विद्यालय में 200, पीएचसी ठठारी 120, पीएचसी भोथीया, पीएचसी रायपुरा 90, शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय हसौद110, उप स्वास्थ्य केंद्र मुक्त I 100,उपस्वास्थ्य केंद्र ओडेकेरा 100, उप स्वास्थ्य केंद्र परसाड़ीह 100, उपस्वास्थ्य केंद्र चिसदा 90, उप स्वास्थ्य केंद्र हरेठीकला 80, उप स्वास्थ्य केंद्र करही 100, उप स्वास्थ्य केंद्र गुंजियाबोड 100,उप स्वास्थ्य केंद्र छीराड़ीह 100,उप स्वास्थ्य केंद्र देवरघटा 100 इस प्रकार से 1490 लोगों को इन 15 सेंटरों से वैक्सीन का टीका 10 अप्रैल को लगाया गया।

## 307 के फरार आरोपी को पोड़ी पुलिस ने किया गिरफ्तार

पायनियर संवाददाता ◄ कवर्धा
www.dailypioneer.com



प्रार्थी मोहित यादव निवासी सारंगपुर चौकी पोड़ी द्वारा दिनांक 29/03/21 को रिपोर्ट दर्ज कराया कि इसके पिता जगुआ यादव को आरोपी नारायण यादव द्वारा जमीन विवाद को लेकर डंडा से मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिया है कि रिपोर्ट पर थाना बोड़ला में अपराध क्रमांक 60/21 धारा 294 ,323, 506 (B)ipc कायम कर विवेचना में लिया गया। घायल जगुआ यादव का मेडिकल रिपोर्ट प्राप्त होने पर प्रकरण में धारा 307 ipc जोड़ा गया।

बाद घटना के बाद से फरार आरोपी नारायण यादव को पता तलाश कर ग्राम बिजरहा से गिरफ्तार कर लाया गया तथा रिमांड पर जेल भेजा गया। आरोपी गिरफ्तारी के डर से घटना करने के बाद से फरार था पोंडी पुलिस चौकी प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस चौकी पोंडी के एरिया में हर तरह के अपराध को रोकने एवं त्वरित कार्यवाही के लिए तत्पर रहती है प्रभारी चौकी के नेतृत्व में कई सराहनीय कार्य भी पोंडी में हो रहा है।

# 13 अप्रैल से 23 अप्रैल तक संपूर्ण जांजगीर-चांपा जिला कंटेनमेंट जोन घोषित

पायनियर संवाददाता ◄ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर चांपा कलेक्टर ने 11 अप्रैल को आदेश जारी कर जांजगीर-चांपा जिले में कोरोनावायरस के बढ़ते संक्रमण के मद्देनजर बचाव एवं रोकथाम तथा आमजनों की सुरक्षा के लिए जिला मजिस्ट्रेट यशवंत कुमार ने 13 अप्रैल 2021 कि सायं- 6 बजे से 23 अप्रैल की रात्रि 11.59 बजे तक जिले के संपूर्ण क्षेत्र को कंटेनमेंट जोन घोषित किया है। इस अवधि में जिले की सभी सीमाएं पूर्णतः सील रहेगी।

जारी आदेश के अनुसार -

केवल मेडिकल दुकानों को पूर्व निर्धारित समय में खुलने की अनुमति होगी। मेडिकल दुकान संचालकों को दवाओं की होम डिलीवरी में प्राथमिकता देने कहा गया है, दूध पार्लर, वितरण के लिए सुबह 6 बजे से 8 बजे तक एवं सायं 5 बजे से 6 बजे तक अनुमति होगी। यह स्पष्ट किया गया है कि दुग्ध व्यवसाय हेतु कोई भी दुकान पार्लर नहीं खोले जाएंगे। केवल दुकान/पार्लर के सामने फिजिकल डिस्टेंसिंग एवं मास्क संबंधी निर्देशों का पालन करते हुए उपरोक्त समयावधि में दुग्ध विक्रय की अनुमति होगी, न्यूजपेपर हॉकर को प्रातः 5 बजे से 7 बजे तक आवाजाही की अनुमति होगी, पशुचारा दुकानें/पेट शॉप/ एक्वेरियम को केवल पशुओं को चारा देने हेतु सुबह 6 बजे से 8 बजे तक दुकान खोल सकेंगे, एलपीजी गैस सिलेंडर की एजेंसी केवल टेलीफोनिक या ऑनलाइन आर्डर लेंगे तथा ग्राहकों को सिलेंडर की घर पहुंच सेवा उपलब्ध कराएंगे।



औद्योगिक संस्थानों एवं निर्माण इकाइयों को कैंपस के भीतर मजदूरों को रखकर अन्य आवश्यक व्यवस्था करते हुए उद्योग संचालन एवं निर्माण कार्यों की अनुमति होगी,अनवरत उत्पादन वाले जिले में स्थित औद्योगिक संस्थान अथवा फैक्ट्री, ब्रायलर, सीमेंट, स्टील, शक्कर, फर्टिलाईजर एवं खान माइंस कोरोना वायरस विस्तार को दृष्टिगत रखते हुए भारत सरकार एवं राज्य सरकार तथा समय-समय पर संस्थानों के द्वारा महामारी से सुरक्षा हेतु दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए संचालित कर सकेंगे, इस अवधि में सभी शराब दुकानें पूर्णता बंद रहेगी, सभी प्रकार की सभा, जुलूस, सामाजिक, धार्मिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक का आयोजन पूर्णतः प्रतिबंधित रहेंगे। जिले के अंतर्गत लगने वाले समस्त दैनिक एवं साप्ताहिक हाट बाजार, मवेशी बाजार पूर्णतः बंद रहेंगे,पेट्रोल पंप द्वारा केवल शासकीय वाहनों,शासकीय कार्य में प्रयुक्त वाहन, एटीएम कैश वैन, अस्पताल, मेडिकल इमरजेंसी से संबंधित निजी वाहन, एंबुलेंस, एलपीजी परिवहन कार्य में प्रयुक्त वाहन,रेलवे स्टेशन, बस स्टैंड से संचालित ऑटो टैक्सी विधि मान्य यात्रा टिकट जारी करने वाली विधि मान्य पासधारक वाहन, एडमिट कार्ड/ कॉल लेंटर दिखाने पर एवं अभिभावक द्वारा परिचय पत्र दिखाने पर, मीडिया कर्मी, न्यूजपेपर हॉकर, दुग्ध वाहन तथा छत्तीसगढ़ में नहीं रूकने एवं राज्य से सीधे अन्य राज्य जाने वाले वाहनों को पीओल प्रदान किया जाएगा। पीओल प्रदान करने की संधारित जानकारी जिला खाद्य अधिकारी को प्रदान करेंगे। अन्य सभी वाहनों हेतु पीओएल प्रदान करना प्रतिबंधित रहेगा।,उक्त अवधि में जांजगीर-चांपा जिला अंतर्गत सभी केंद्रीय, शासकीय, सार्वजनिक निजी कार्यालय, प्रतिष्ठान एवं बैंक बंद रहेंगे। तथापि टेलीकॉम, रेल्वे एसईसीएल, कोयला एवं एयरपोर्ट संचालन व रखरखाव से जुड़े कार्यालय वर्कशॉप, लोडिंग, अनलोडिंग का कार्य खाद्य सामग्री के परिवहन हेतु एवं शासकीय अनुमति प्राप्त समस्त परीक्षाओं को छोड़कर अन्य समस्त शैक्षणिक गतिविधियां बंद रहेंगी। अस्पताल एवं एटीएम संचालित रहेंगे,कोविड-19 हेतु जिले में समस्त कार्य जैसे कांटेक्ट ट्रेसिंग, एक्टिव सर्विलांस, होम आइसोलेशन, दवा वितरण आदि चालू रहेंगे। इन कार्यों में संलग्न सभी शासकीय अधिकारी, कर्मचारी की उपस्थिति पुर्वाअनुसार अनिवार्य होगी। कोविड-19, केयर सेंटर में एडमिट एवं डिस्चार्ज होने वाली मरीजों की परिवहन में संलग्न वाहन संचालित रहेंगे,कंटेनमेंट जोन से बाहर जाने एवं आने की अनुमति सिर्फ स्वास्थ्यगत आपातकालीन स्थिति में ही होगी।

### 50 पहुंचे कोविड टेस्ट कराने तो 23 हितग्राहियों ने कराया वैक्सीनेशन

# पुलिस कंट्रोल रुम में कोविड हेल्प डेस्क प्रारंभ होते ही पहले दिन आये 71 कॉल

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com






कोविड हेल्प डेस्क प्रारंभ होने के पहले ही दिन 71 लोगों का कॉल आया। कॉल कर लोगों ने एम्बुलेंस की सुविधाएं और अस्पताल में भर्ती होने को लेकर जानकारियों के बारे में पूछताछ की। वहीं पुलिस कंट्रोल रुम में शुरु की गई हेल्प डेस्क में स्वास्थ्य विभाग व निगम कर्मियों के सहयोग से 50 लोगों का कोरोना टेस्ट और 23 हितग्राहियों का वैक्सीनेशन किया गया। इसके अलावा दो पुलिस कर्मियों के परिवारजनों को ऑक्सीजन की कमी होने पर अस्पताल में बेड की सुविधा उपलब्ध कराई गयी।

वर्तमान में वैश्विक महामारी कोविड -19 संक्रमण में वृद्धि को दृष्टिगत रखते हुए लगातार अपने कर्तव्य का निर्वहन करने के दौरान पुलिस के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं इनके परिवार के सदस्योंमें से कोईकोरोना से संक्रमित होता है, तो उसे पृथक से तत्काल आवश्यक चिकित्सा सुविधा, कोविड टेस्ट, वेक्सीनेशन की सुविधा उपलब्ध कराये जाने की आवश्यकता को देखते हुये पुलिस कण्ट्रोल रूम, भिलाई सेक्टर -06 में शुक्रवार की शाम पुलिस अधीक्षक प्रशांत ठाकुर द्वारा कोविड गाईड लाईन के निर्देशों का पालन करते हुये कोविड हेल्प डेस्क का शुभारंभ किया गया।

कोविड हेल्प डेस्क प्रारंभ होते ही दो पुलिस कर्मियों के परिवारजनों को ऑक्सीजन की कमी होने पर अस्पताल में बेड की सुविधा उपलब्ध कराई गयी। कोविड हेल्प डेस्क का कार्य कोविड टेस्ट कराये जाने हेतु सूचना आने पर संबंधित पुलिस अधिकारी व कर्मचारी या इनके परिवार के सदस्य का कोविड टेस्ट कराना, रिपोर्ट प्राप्त करना, रिपोर्ट के आधार पर संबंधित को मेडीसिन उपलब्ध कराना, होम आईसोलेशन या संबंधित मरीज को अस्पताल में भर्ती कराये जाने हेतु सहायता प्रदान करना, होम आईशोलेशन या अस्पताल में भर्ती मरीजों की वस्तुस्थिति से अवगत होना, इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को देकर निर्देशानुसार सहायता पहुंचाई जाएगी। इसी प्रकार जिन पुलिस अधिकारी व कर्मचारी एवं इनके परिवार के सदस्य जिनकी उम्र 45 वर्ष से अधिक हो चुकी है, जो वैक्सीन नहीं लगाये हैं, उन्हें वैक्सीन लगाया जाएगा। जिले के किसी भी पुलिस अधिकारी व कर्मचारी को कोविड संबंधी सहायता प्रदान किये जाने के लिए गौरव पांडेय को हेल्प डेस्क इंचार्ज बनाया गया है। वहीं लोगों को आपात चिकित्सा सेवा के लिए 24 घंटे सहायता को हेल्प लाईन नम्बर 94792-42420 एवं वाट्सअप नं . 94792-42152 जारी किया गया है ,जिसमें कॉल कर आवश्यक सुविधा प्राप्त की जा सकेगी। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर संजय कुमार ध्रुव, डीएसपी निशांत पाठक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण प्रज्ञा मेश्राम एवं जिले के समस्त राजपत्रित अधिकारी, थाना, चौकी प्रभारी उपस्थित थे।

## जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर चांपा ने शक्ति के सहारा खाताधारक को दिए ब्याज सहित जमा राशि लौटाने के आदेश

**सक्ती।** जांजगीर-चांपा जिला उपभोक्ता आयोग ने शक्ति शहर के वार्ड क्रमांक-06 निवासी सहारा खाताधारक कैलाशचंद्र गोयल पिता स्व. रामदास गोयल की याचिका पर सहारा कंपनी में ए सेलेक्ट एफ- टू स्कीम के अंतर्गत जमा की गई राशि 418680/-रुपये ब्याज सहित लौटाने के आदेश दिए हैं, उपरोक्त निर्णय के संबंध में जांजगीर-चांपा जिला अब भोक्ता आयोग में शक्ति नगर पालिका क्षेत्र के बुधवारी बाजार रोड वार्ड क्रमांक- 6 निवासी कैलाशचंद गोयल पिता स्व. रामदास गोयल ने अधिवक्ता महेश अग्रवाल के माध्यम से याचिका दायर करते हुए उनके द्वारा सहारा इंडिया परिवार द्वारा संचालित सहारा ए सेलेक्ट योजना में विगत15 जून 2017 को तीन खातों में क्रमशः 120000/-,120000/- एवं 120000/- रुपये जमा करवाए जाने तथा परिपक्वता अवधि 15 दिसंबर 2018 को होने की बात कहते हुए सहारा कंपनी द्वारा परिपक्वता अवधि पूर्ण हो जाने के बावजूद खाताधारक की राशि का भुगतान नहीं किए जाने याचिका लगाई गई थी, जिस पर जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर चांपा की अध्यक्ष तजेश्वरी देवी देवांगन, सदस्य मनरमन सिंह, सदस्य मंजूलता राठौर की बेंच ने 16 मार्च 2021 को पारित आदेश के तहत खाताधारक की याचिका पर पूर्ण रूप से सुनवाई करते हुए उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 1986 की धारा 12 संशोधित धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 अंतर्गत प्रस्तुत परिवाद स्वीकार करते हुए परिवादी को सहारा ए सेलेक्ट स्कीम में जमा की गई।

# कारपोरेट प्रशासन में सुधार की आवश्यकता

## नियामकों और नीति-निर्माताओं को भारतीय फर्मों में स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशकों को अधिक शक्तियां प्रदान करने के लिए नियम और कानून विकसित करने होंगे।

**हिमा बिंदू कोटा**
(लेखिका एमिटी विश्वविद्यालय में सह प्रोफेसर हैं)





हालांकि ऐसा लग रहा है, वित्तीय घोटाले दुनिया भर में कारपोरेट प्रशासन के बढ़ते महत्व को उजागर करते हैं। भविष्य के घोटालों की पृष्ठभूमि में, शासन के मुद्दों पर ध्यान दिया जाएगा - विशेष रूप से पारदर्शिता और प्रकटीकरण, नियंत्रण और जवाबदेही - और बोर्ड संरचना के सबसे उपयुक्त रूप पर जो इस तरह के घोटालों को रोकने में सक्षम हो सकता है। वैश्विक वित्तीय संकट ने प्रभावी जोखिम-प्रबंधन के एक अनिवार्य तत्व के रूप में एक ध्वनि कारपोरेट प्रशासन प्रणाली की प्रासंगिकता को सामने लाया है। हालांकि एकमात्र कारण नहीं है, शासन की विफलताएं महत्वपूर्ण हैं जहां बोर्ड जोखिम को समझने और प्रबंधित करने में विफल होते हैं। संकट कारपोरेट प्रशासन और जोखिम प्रबंधन के साथ-साथ वित्तीय क्षेत्र में सामाजिक जिम्मेदारी के महत्व के लिए अधिक प्रभावी दृष्टिकोण विकसित करने की आवश्यकता पर प्रकाश डालता है; भूमिका जो कॉरपोरेट गवर्नेंस की हो सकती है और जिसे निभाना चाहिए वह भरोसा बहाल करने में है।

कुछ हद तक, कंपनियों को जवाबदेह नहीं रखने के लिए शेयरधारकों की आलोचना की जा सकती है, और यह सच है कि बांडधारकों ने कंपनियों को उत्तोलन के माध्यम से अल्पकालिक रिटर्न रैंप करने के लिए प्रोत्साहित किया है। हालांकि, नियामकों ने अक्सर निर्णायक रूप से इस बात पर प्रतिक्रिया नहीं दी है कि बाजार जोखिम को कम कर रहे हैं, जिससे बैंक बोर्डों को बहुत कम पूंजी, अत्यधिक लाभ, बहुत अधिक तरलता जोखिम और खराब बंधक-उधार प्रथाओं का संचालन करने की अनुमति मिलती है। एक बढ़ती हुई धारणा है कि वैश्विक वित्तीय उथल-पुथल से छूत और फैलने वाले प्रभाव किसी भी देश की आर्थिक उपलब्धियों को कमजोर कर सकते हैं। नतीजतन, कारपोरेट गवर्नेंस और वित्तीय प्रणाली की स्थिरता और सुदृढ़ता के बीच एक बढ़ी हुई सहभागिता होनी चाहिए। इसलिए, कारपोरेट गवर्नेंस प्रथाओं को मजबूत बनाने की आवश्यकता है, विशेष रूप से बोर्ड की क्षमता और जिम्मेदारी को बढ़ाकर। बोर्ड के सदस्यों को अपने कार्यों को पूरा करने के लिए वित्तीय मुद्दों और जोखिम प्रबंधन के बारे में नवीनतम जानकारी होनी चाहिए और जब आवश्यक हो तो प्रशिक्षण आयोजित किया जाना चाहिए। बोर्ड को अपने प्रदर्शन का वार्षिक मूल्यांकन करना चाहिए और शेयरधारकों को रिपोर्ट करना चाहिए। भारत जैसी तेजी से उभरती अर्थव्यवस्था के संदर्भ में कारपोरेट प्रशासन के आसपास के कुछ मुद्दों का पता लगाना उचित है।

बाहर के स्वतंत्र निदेशकों और दृढ़ प्रदर्शन के बीच संबंध पर अनुभवजन्य साक्ष्य मिश्रित हैं। कारपोरेट बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की प्रभावशीलता के संबंध में शोधकर्ताओं द्वारा दो परस्पर विरोधी विचार प्रस्तुत किए जाते हैं। विचारों में से एक एजेंसी सिद्धांत पर आधारित है और दूसरा प्रबंधकीय आधिपत्य है। निदेशक मंडल सुशासन प्रथाओं की धुरी है। स्टॉकहोल्डर्स और अन्य प्रमुख हितधारकों द्वारा नियुक्त, निदेशक शेयरधारकों के सहायक हैं, न कि प्रबंधन के। इसलिए, जहां प्रबंधन के उद्देश्य शेयरधारकों से भिन्न होते हैं, गैर-कार्यकारी निदेशकों को अंतिम मालिकों के हितों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए और उनके विवादास्पद निरीक्षण कार्यों का निर्वहन करना चाहिए। यही कारण है कि स्वतंत्रता किसी भी बोर्ड की संरचना का निर्धारण करने में एक महत्वपूर्ण मुद्दा बन गया है।

कारपोरेट प्रशासन का एजेंसी परिप्रेक्ष्य उन प्रोत्साहन समस्याओं की चिंता करता है जो निगमों में प्रबंधन और स्वामित्व के अलगाव द्वारा बनाई गई हैं। इसमें प्रबंधकों को अपनी उपयोगिता बढ़ाने के लिए कार्रवाई करने के लिए प्रोत्साहन है, लेकिन शेयरधारकों को अधिकतम रिटर्न देने के लिए नहीं। इन समस्याओं के परिणामस्वरूप, कारपोरेट नियंत्रण तंत्र ऐसे साधनों के रूप में विकसित हुए हैं जिनके द्वारा प्रबंधकों को निवेशकों के हितों में कार्य करने के लिए

कारपोरेट बोर्ड ऑफ डायरेक्टर्स की प्रभावशीलता के संबंध में शोधकर्ताओं द्वारा दो परस्पर विरोधी विचार प्रस्तुत किए जाते हैं। विचारों में से एक एजेंसी सिद्धांत पर आधारित है और दूसरा प्रबंधकीय आधिपत्य है। निदेशक मंडल सुशासन प्रथाओं की धुरी है। स्टॉकहोल्डर्स और अन्य प्रमुख हितधारकों द्वारा नियुक्त निदेशक शेयरधारकों के सहायक हैं, न कि प्रबंधन के। इसलिए, जहां प्रबंधन के उद्देश्य शेयरधारकों से भिन्न होते हैं, गैर-कार्यकारी निदेशकों को अंतिम मालिकों के हितों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए।

अनुशासित किया जाता है। निदेशक मंडल, विशेष रूप से स्वतंत्र और गैर-कार्यकारी निदेशक, आंतरिक शासन प्रणाली का शीर्ष है और इसका उद्देश्य प्रबंधकों को अवसरवादी कार्य करने के लिए प्रोत्साहन प्रोत्साहन के माध्यम से एजेंसी की समस्याओं को कम करने में सहायता करना है। अकादमिक साहित्य में इस बात के स्पष्ट प्रमाण दिए गए हैं कि एजेंसी की समस्या होने पर स्वतंत्र निदेशक शेयरधारकों की रक्षा करते हैं।

गैर-कार्यकारी निदेशकों का मुद्दा यह सवाल उठाता है कि क्या यह बाहरी विशेषज्ञता निर्णयों के लिए अधिक ठोस आधार प्रदान करती है। बाहर के निदेशक (अंदर या कार्यकारी निदेशकों के विपरीत), संसाधनों और सूचनाओं को मूल्यवान पहुंच प्रदान करने के अलावा, शेयरधारकों के हितों की रक्षा भी करते हैं क्योंकि उनके रोजगार या उन्नति के अवसरों के साथ समान चिंता नहीं होती है। अध्ययन के इस क्षेत्र में प्रसिद्ध शोधकर्ताओं, जेन्सेन और मेकलिंग ने 1976 में शेयरधारकों और निदेशकों / प्रबंधकों के रिश्ते को प्रमुख और एजेंट के रूप में पहचाना। शेयरधारक चाहते हैं कि उनका धन अधिकतम हो, लेकिन प्रबंधकों के पास ऐसा करने के लिए कम प्रोत्साहन है कि वे मालिक हों। बोर्ड पर अधिक गैर-कार्यकारी निदेशक होने से, इस स्पष्ट संघर्ष को कम किया जा सकता है।

1986 में मेस और 1981 में हरमन जैसे शोधकर्ताओं का तर्क है कि बाहर के निदेशकों को सलाह दी जाती है कि वे सलाह देने की अपनी क्षमता के लिए, व्यापार और व्यक्तिगत संबंधों को मजबूत करने के लिए और एक संकेत भेजने के लिए कि कंपनी उनकी निगरानी करने की क्षमता के बजाय अच्छा कर रही है। आगे मेस का तर्क है कि बाहर के निर्देशकों का चयन करने में, उम्मीदवारों के शीर्षक और प्रतिष्ठा का मुख्य विचार है। इसके अलावा, उन्होंने कहा कि सीईओ निदेशक चयन प्रक्रिया पर हावी हैं और इसलिए बोर्ड को नियंत्रित करते हैं। इस दृश्य को वैंकिल और वाल्डो जैसे कुछ अन्य शोधकर्ताओं का समर्थन प्राप्त है, जो बाहरी निदेशकों के चयन में सीईओ द्वारा निभाई गई प्रमुख भूमिका के कारण फर्म के प्रदर्शन पर स्वतंत्र निर्णय लेने के लिए बाहर के निदेशकों की क्षमता पर भी संदेह करते थे। गैर-कार्यकारी निदेशकों की आलोचना यह है कि वे अन्य प्रतिबद्धताओं के साथ बहुत व्यस्त हैं और केवल अंशकालिक आधार पर कंपनी के व्यवसाय के साथ जुड़े हुए हैं।

द्वैतता तब होती है जब कोई व्यक्ति निदेशक मंडल में दो सबसे शक्तिशाली पद रखता है - जैसे कि सीईओ और अध्यक्ष। सीईओ एक पूर्णकालिक पद है और कंपनी की दिन-प्रतिदिन की दौड़ के साथ-साथ कारपोरेट रणनीति को स्थापित करने और लागू करने की जिम्मेदारी है। सीईओ भी अंततः कंपनी के प्रदर्शन के लिए जिम्मेदार है। इसके विपरीत, अध्यक्ष का पद सामान्य रूप से अंशकालिक होता है और मुख्य जिम्मेदारी यह सुनिश्चित करना है कि बोर्ड प्रभावी ढंग से काम करे। इसलिए भूमिका में सीईओ सहित कार्यकारी निदेशकों के प्रदर्शन की निगरानी और मूल्यांकन शामिल है।

नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) में दो साल के आंकड़ों को लेकर सूचीबद्ध 130 मिडकैप कंपनियों पर किए गए एक अध्ययन में, परिणाम बताते हैं कि कुल निदेशकों के लिए गैर-कार्यकारी निदेशकों का अनुपात और स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशक की उपस्थिति लेखापरीक्षा समिति के प्रमुख का फर्म के प्रदर्शन से कोई महत्वपूर्ण संबंध नहीं है। यह आधिपत्य सिद्धांत के अनुसार है कि निदेशक मंडल इसकी देखरेख की भूमिका को पूरा करने में असमर्थ है। यह भी पाया गया है कि भारत में मध्यम आकार की कंपनियों में फर्म के प्रदर्शन में सीईओ द्वैत संरचना सकारात्मक और महत्वपूर्ण योगदान देती है। यह स्टीवर्डशिप सिद्धांत के साथ सहमति में है, कि प्रबंधक स्वाभाविक रूप से भरोसेमंद हैं और कंपनी के संसाधनों के अच्छे प्रबंधक हैं। परिवार-नियंत्रित फर्मों में, परिवार के सदस्यों को नियंत्रित करने वाले बोर्ड में निदेशक नियुक्त किया जा सकता है, और इस प्रकार निदेशकों की स्वतंत्रता से समझौता हो सकता है। भारत में, सीईओ द्वैत और लघु बोर्ड सकारात्मक रूप से एक फर्म के प्रदर्शन में योगदान करते हैं। हालांकि, कुछ ऐसा प्रतीत होता है कि गैर-कार्यकारी स्वतंत्र निदेशक अपनी निगरानी की भूमिका में विफल हो रहे हैं। नियामकों और नीति निर्माताओं को इस पर ध्यान देना होगा और स्वतंत्र गैर-कार्यकारी निदेशकों को अधिक दांत देने के लिए नियम और कानून विकसित करने होंगे।

---

# सरकार के लिए चुनौती है किसान आंदोलन

## किसान आंदोलन के मुद्दे पर सरकार रक्षात्मक भूमिका में है तथा अनेक किसान नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन शायद बंगाल के चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि सरकार दीर्घकालीन रूप से किसान आंदोलन की चुनौती का सामना कैसे करेगी।

**इंद्रशेखर सिंह**
(लेखक कृषि एवं पर्यावरण विशेषज्ञ हैं)





संयुक्त किसान मोर्चा ने भारत में 26 मार्च को सड़कें जाम कर भारत बंद का प्रयास किया। इसमें अहमदाबाद में स्थिति काबू से बाहर हो गई। भारतीय किसान यूनियन-बीकेयू के युद्धवीर सिंह को एक प्रेस सम्मेलन के दौरान गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार करने वाले आईपीएस अधिकारी ने मीडिया को बताया कि 'अनुमति न लेने के कारण यह गिरफ्तारी हो रही है।' इससे यह सवाल स्वाभाविक रूप से उठा कि क्या प्रेस कान्फ्रेंस करने के लिए भी सरकारी अनुमति की जरूरत है। उस समय प्रेस कान्फ्रेंस स्थल पर कोई प्रदर्शन या आयोजन नहीं हो रहा था और प्रेस सम्मेलन में बहुत कम लोग उपस्थित थे। क्या इतना छोटा कार्यक्रम सरकार को कोई नुकसान पहुंचा सकता था? हालांकि, टिकैत परिवार से संबंध रखने वाले वरिष्ठ नेता युद्धवीर की गिरफ्तारी से गुजरात सरकार ने उनको राजनीतिक लाभ ही पहुंचाया क्योंकि सामान्य प्रेस कान्फ्रेंस राष्ट्रीय खबर न बनती, जबकि अब बीकेयू के दूसरी श्रेणी का नेतृत्व भी राष्ट्रीय लोकप्रियता पा चुका है। इस प्रकार युद्धवीर को ट्विटर पर शहीद बना कर सरकार ने वास्तव में राकेश टिकैत के बीकेयू की सहायता ही की है।

हालांकि, प्रेस कान्फ्रेंस को निष्प्रभावी बनाने के लिए गिरफ्तारी की बात किसी प्रकार समझ से परे है। यह समझना कठिन है कि आखिरकार सरकार क्या सोच रही है। क्या अपने मनपसंद लोगों को आगे बढ़ा कर किसान मोर्चा तोड़ने के प्रयास हो रहे हैं? टिकैत गुट को ज्यादा वरीयता मिलने से 40 सदस्यों वाले किसान नेतृत्व समूह में तनाव पैदा हो गया है।

शायद यह सरकार की कार्यशैली के अनुरूप है। हालांकि, बाद में युद्धवीर को रिहा कर दिया गया और उन्होंने 27 मार्च को राजस्थान की किसान पंचायत में भाग लिया। युद्धवीर और राकेश टिकैत ने केन्द्र और गुजरात सरकार के इस 'उत्पीड़न' का भारी विरोध किया। उन्होंने इसे 'गुलामी का गुजरात माडल' बताते हुए कहा है कि 'गुजरात की जनता और किसान आजाद नहीं हैं।' इन बयानों का महत्व इसलिए बढ़ जाता है क्योंकि इनका संबंध महात्मा गांधी के राज्य में जनता को प्रेस कान्फ्रेंस करने पर गिरफ्तारी से है। ऐसा लगा जैसे युद्धवीर ने उस दिन कोई बहुत बड़ी राजनीतिक गलती कर डाली थी।

हमें एक और संभावना पर भी विचार करना चाहिए। क्या सरकार वास्तव में टिकैत की रणनीतियों और भाषणों से डरती है? 27 जनवरी की रात से राकेश टिकैत एक प्रकार से राष्ट्रीय राजनीति में पहुंच गए हैं। उनको राजस्थान और उत्तर प्रदेश की जाट पट्टी में भारी समर्थन मिला है। राकेश टिकैत के मार्च अभियान ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जो नंदीग्राम से राजस्थान और पंजाब से तमिलनाडु तक फैला था। किसानों और खासकर नौजवान किसानों में उनका समर्थन बढ़ रहा है। एक हालिया मीडिया सर्वे ने उनको 100 शक्तिशाली भारतीयों में शामिल किया है। जल्द ही वे ऐसी शक्ति बन जाएंगे जिनसे निपटना कठिन होगा। क्या सरकार उन पर नजर रखने के लिए अनावश्यक रूप से राजनीतिक लाभ के लिए करदाताओं का पैसा खर्च कर रही है। केन्द्र सरकार की आक्रामकता बढ़ने के साथ ही किसानों का यूनियन के लिए समर्थन भी बढ़ रहा है। इस बीच टिकैत लगातार किसानों का आह्वान कर रहे हैं कि वे अनुचित कीमतों के खिलाफ विरोध करें।

हाल ही में पीपड़, मेहम, जयपुर व अन्य स्थानों पर

क्या सरकार वास्तव में टिकैत की रणनीतियों और भाषणों से डरती है? 27 जनवरी की रात से राकेश टिकैत एक प्रकार से राष्ट्रीय राजनीति में पहुंच गए हैं। उनको राजस्थान और उत्तर प्रदेश की जाट पट्टी में भारी समर्थन मिला है। राकेश टिकैत के मार्च अभियान ने सबका ध्यान अपनी ओर खींचा जो नंदीग्राम से राजस्थान और पंजाब से तमिलनाडु तक फैला था। किसानों और खासकर नौजवान किसानों में उनका समर्थन बढ़ रहा है।

उन्होंने जोर दिया कि किसानों को दिल्ली में प्रवेश कर संसद के बाहर अपनी फसलें बेचने के लिए तैयार रहना चाहिए। अनेक किसान यह साहसी रणनीति पसंद कर रहे हैं। उनका कहना है कि यदि सरकार कहती है कि किसान अपनी फसल कहीं भी बेच सकते हैं तो वे डीएम या एसपी के दफ्तर के बाहर ऐसा क्यों नहीं कर सकते हैं? अप्रैल मध्य मक देश के अधिकांश भागों में रबी की फसल तैयार हो जाएगी। यदि किसान आंदोलन आगे बढ़ता है तो सरकार को देशव्यापी प्रदर्शनों के लिए तैयार रहना होगा। ऐसा खासकर उस स्थिति में होगा जब कृषि उत्पादों के दाम न्यूनतम समर्थन मूल्य-एमएसपी के नीचे चले जाएं। ऐसे में सरकार का यह आश्वासन निष्प्रभावी हो जाएगा कि 'एमएपी जारी रहेगी।'

किसान आंदोलन में शामिल राकेश टिकैत का गुट बार-बार 'वाल्मार्टीकरण' की बात करता है। इस प्रकार वह भारतीय कृषि तथा किसानों के निगमीकरण की संभावनाओं की ओर ध्यान आकर्षित करता है। हालांकि, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ-आरएसएस से जुड़े स्वदेशी जागरण मंच का भी यही विचार है जो कृषि क्षेत्र प्रत्यक्ष विदेशी निवेश-एफडीआई तथा अमेजन जैसे ई-रिटेलरों के प्रवेश के खिलाफ है। इस प्रकार संभवतः किसान आंदोलन अपने सार्वजनिक अभियानों में बहुत सतर्कता और जागरूकता बरत रहा है। किसान आंदोलन अब पुलिस सुधारों की बात भी करने लगा है। टिकैत ने एक रैली में पुलिस और सुरक्षा बल कर्मियों के लिए बेहतर वेतन और आवास की आवश्यकता बताई। ऐसे में उन पुलिसजनों के चेहरों पर आई मुस्कराहट देखने वाली थी जिनको वहां 'शांति बनाए रखने' के लिए तैनात किया गया था। अभी हाल में राकेश टिकैत ने नौजवानों को संदेश दिया, 'अपनी जमीन पर जाएं, मिट्टी छुएं, उसे अपने माथे पर लगाएं और जमीन का अनुभव करें।' ऐसा लगता है कि इस प्रकार टिकैत समेत अन्य किसान नेता पिछले चार-पांच साल से जारी घृणा और आक्रामकता फैलाने वाले भाषणों व प्रचार के बजाय अब एक सकारात्मक व समावेशी संदेश देना चाहते हैं। उन्होंने जमीन, कृषि और अधिकारों को एकसाथ जोड़ा है और वे सरकार का प्रति-विमर्श तैयार कर रहे हैं। उनके तरीके गांधीवादी हैं और उनका राजनीतिक संगठन हर बीतते दिन के साथ और मजबूत होता जा रहा है। किसान आंदोलन के मुद्दे पर सरकार रक्षात्मक भूमिका में है तथा अनेक किसान नेताओं के खिलाफ मामले दर्ज किए गए हैं। लेकिन शायद बंगाल के चुनाव परिणाम ही बताएंगे कि सरकार दीर्घकालीन रूप से किसान आंदोलन की चुनौती का सामना कैसे करेगी।

# जिले में लॉकडाउन का दिखा व्यापक असर, घरों में ही कैद रहे लोग, सड़के व गलियां दिखी सुनसान

## लॉकडाउन का कड़ाई से पालन करवाने 500 जवानों की गई तैनाती

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com

जिले में लॉक डाउन का व्यापक असर देखने को मिल रहा हैं। जिले के हर प्रमुख चौक-चौराहों मे पुलिस बल की तैनाती की गई हैं। जो घरों से बेवजह बाहर निकलने वालों पर नजर रख रहे हैं।। जिले मे लॉकडाउन की पहली सुबह से ही पुलिस बल की तैनाती है। लॉकडाउन के मद्देनजर पुलिस की लगभग 500 जवान जिले के हर कोने मे तैनात किये गया है। जो लोगों की प्रत्येक तरह की गतिविधियों पर नजर रखें हुए है। जो बालोद नगर सहित जिले के ग्रामीण अंचलो मे अपना कार्य करते नजर आ रहें है। लॉकडाउन का उलंघन करने वालों पर कार्यवाही की का रही हैं। जिले मे लॉकडाउन के बाद भी जानबूझकर उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जा रही है। वहीं जिले के सीमावर्ती इलाकों को भी सील किया गया है। 10 चेकपोस्ट बनाये गए हैं। जहाँ पर पुलिस विभाग द्वारा वाहनों की चेकिंग की जा रही है। जो लोगों की पूर्ण जानकारी के बाद ही लोगों को आने जाने के लिए छो? रहें है। जिले की सीमावर्ती क्षेत्रों में 10 चेक पोस्ट बनाये गए तो वही जिले के अंदर प्रमुख चौक चौराहों में 30 प्वाइंट बनाये गए हैं। जहां पुलिस व ट्रैफिक के जवान तैनात हैं।

पेट्रोलिंग पार्टी के अलावा बालोद, गुंडरदेही, दल्लीराजहरा, गुरूर, डौंडीलोहारा एवं डौंडी थानों में 10-10 अतिरिक्त वाहन उपलब्ध कराए गए हैं। ग्रामीण अंचलों में कोतवालों की भी ड्यूटी लगाई गई हैं।




### 24 घँटे पुलिस बल की तैनाती- दिनेश सिन्हा

डीएसपी दिनेश सिन्हा ने पायनियर को जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस प्रशासन द्वारा प्रॉपर दुरूस्त व्यवस्था इख्तियार किया गया हैं। बालोद जिले में विभिन्न जिलों के बॉर्डर सरहदी पॉइंट हैं। वहां पर 10 चेकपोस्ट तैयार किया गया है। जवानों की तैनाती की गई हैं। जिले में प्रवेश करने वाले लोगों को प्रॉपर पास और उनके वैलिड रिजन बताने के बाद ही उन्हें प्रवेश दिया जा रहा हैं। साथ ही इसके अलावा 40 फिक्स्ड ड्यूटी पॉइंट तैयार किये गए हैं। जहाँ पर 24 घंटे हमारे पुलिस बल की तैनाती की गई है। इसके अलावा 22 पेट्रोलिंग पार्टी तैयार किया गया है। जो जिले भर में घूमकर प्रॉपर एनाउंसमेंट के साथ लॉकडाउन के जो निर्देश हैं।

### पूर्ण लॉकडाउन में वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध नहीं

सख्त लॉकडाउन के मद्देनजर जिले मे जरूरत की सामग्री के लिए होम डिलीवरी की व्यवस्था नहीं है। पूर्व में लॉकडाउन के दौरान लोगों की आवश्यकता से जुड़ी सामग्री घर तक पहुंचाने के लिए प्रशासन द्वारा व्यवस्था बनाई गई थी। जिसके चलते सब्जी वि ेताओं को छूट दी गई था। लेकिन इस बार लॉकडाउन के पहले दो दिन किराना एवं अन्य उपयोगी सामग्री की खरीदी की सुविधा दी गई थी। जिसकी वजह से लोगों ने पहले ही अपने उपयोग के लिए सामग्री की खरीदी कर डाली हैं। माना जा रहा है कि लॉकडाउन तक होम डिलीवरी की व्यवस्था की जरूरत प? सकती है। जिसे लेकर प्रशासन को व्यापक इंतेजाम करने की जरूरत हैं।

### लॉकडाउन का पहले दिन दिखा असर

जिले के जगहों पर लॉकडाउन के बाद पहले दिन सन्नाटा पसरा हुआ हैं। वही जिला मुख्यालय स्तिथ घ?ी चौक, जयस्तम्भ चौक, दल्ली चौक, पुराना बस स्टैंड, मधु चौक सभी जगहों मे कोई भी व्यक्ति घर से बाहर नजर नहीं आया। बस स्टैंड में यात्री बस नहीं चल रही है। जिसके कारण बस स्टैंड मे सन्नाटा पसरा रहा है। बालोद के अधिकांश बस ड्राइवर अपनी बसें बस स्टैंड मे 19 अप्रैल की सुबह 6 बजे तक के लिए खड़े कर दिए है। इसलिए बस स्टैंड में जिले के अधिकांश बस खड़ी नजर आ रही है। जो अब लॉकडाउन के बाद ही शुरू हो सकती है।

# कैंप क्षेत्र में पानी की समस्या से निजात दिलाने लॉकडाउन में भी कार्य प्रगति पर

## ग्रीष्म ऋतु में पेयजल व्यवस्था बेहतर बनाने युद्ध स्तर पर किया जा रहा है कार्य

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाई नगर
www.dailypioneer.com




नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत जोन क्रमांक 3 मदर टैरेसा नगर क्षेत्र के कुछ वार्ड एवं मोहल्ले में ग्रीष्म ऋतु में पानी की समस्या खड़ी हो जाती है! जहां कुछ क्षेत्रों में पानी का टैंकर भी भेजना पड़ता है! कई जगह पानी की सप्लाई एवं प्रेशर कम होती है! इन क्षेत्रों को चिन्हित कर पानी का प्रेशर बढ़ाने एवं जल प्रदाय करने के उद्देश्य से पाइप लाइन बिछाने का कार्य किया जा रहा है! पावर हाउस चौरसिया होटल एवं सीएससी कार्यालय के समीप कार्य किया जा रहा है!

निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर जल विभाग के अधिकारियों ने कार्य का निरीक्षण किया! वहीं मदर टैरेसा नगर क्षेत्र में जल प्रदाय करने के लिए काफी कार्य हो चुकी है! मदर टैरेसा नगर के कई मोहल्ले में पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है! शारदा पारा न्यू संजय टेंट हाउस, शिवाजी चौक, राष्ट्रीय विद्यालय से पप्पू चौक, अशोक गुप्ता के घर के समीप से शुभम होटल तक, खजूर लाइन, सुनील किराना स्टोर के सामने से एक काली मंदिर तक, शांति पारा चौक से 10 बिस्तर अस्पताल तक, बापू चौक से सुलभ के सामने तक, कर्मा भवन से हरी होटल तक पाइप लाइन बिछाने का कार्य पूर्ण किया जा चुका है! वार्ड क्रमांक 22 श्याम नगर, वार्ड क्रमांक 23 रविदास नगर, वार्ड क्रमांक 24 शारदा पारा एवं वार्ड क्रमांक 25 संतोषी पारा में जल प्रदाय की समस्या से निजात दिलाने के लिए पाइपलाइन का कार्य किया जा रहा है! नए एवं पुराने पाइपलाइन को भी इंटरकनेक्शन का कार्य किया जा रहा है! साथ ही नल कनेक्शन करने का कार्य किया जा रहा है! उल्लेखनीय है कि वार्ड क्रमांक 22 श्याम नगर में चंद्रा मौर्या पानी टंकी एवं वार्ड क्रमांक 24 एवं 25 में मदर टेरेसा नगर पानी टंकी से जल प्रदाय किया जाता है! निरीक्षण के दौरान जल विभाग के उप अभियंता अर्पित बंजारे, उप अभियंता श्वेता वर्मा एवं जोन क्रमांक 3 के श्याम सहित अन्य उपस्थित रहे!

# निगम द्वारा सामाजिक जनों से समन्वय बनाकर करवाया जा रहा है टीकाकरण



## अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के सहयोग से 100 लोगों को लगाया गया कोविड का टीका

पायनियर संवाददाता ◄ नगर
www.dailypioneer.com

निगम द्वारा सामाजिक जनों एवं अन्य से समन्वय बनाकर कोविड का टीका लगाया जा रहा है! न्यू खुर्सीपार के अग्रसेन भवन में अग्रवाल समाज के अलावा अन्य लोगों को कोविड का टीका लगाया गया! अग्रसेन भवन में 100 लोगों ने टीका लगवाया! इस दौरान जोन आयुक्त अमिताभ शर्मा एवं सहायक अभियंता अखिलेश चंद्राकर मौजूद रहे! टीकाकरण के लिए सामाजिक जनों का अभूतपूर्व सहयोग मिल रहा है! इसी का नतीजा है कि लोग टीकाकरण के लिए प्रेरित होकर केंद्रों में पहुंच रहे हैं! कोरोना संक्रमण की रोकथाम में समाजिक समाजिक जनो का भरपूर सहयोग मिल रहा है! टीकाकरण के लिए समाज अपने स्वयं के भवन भी उपलब्ध करा रहे हैं! साथ ही केंद्रों तक पहुंचने के लिए सभी से संपर्क भी कर रहे हैं! समाजिक जन स्वयं वॉलिंटियर की नियुक्ति कर व्यवस्था भी बना रहे हैं! वार्ड क्रमांक 32 न्यू खुर्सीपार में निगम एवं अग्रवाल समाज के द्वारा अग्रसेन भवन में टीकाकरण लगाने के लिए कैंप लगाया गया, जहां 45 वर्ष एवं अधिक उम्र के लोग टीका लगवाने पहुंचे थे! समाज के द्वारा बैठक एवं पेयजल व्यवस्था का इंतजाम किया गया था! उल्लेखनीय है कि कलेक्टर एवं भिलाई निगम के प्रशासक डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे के निर्देश पर भिलाई में कोविड टीकाकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है! 45 वर्ष एवं अधिक का टीकाकरण हो रहा है! निगमायुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर भिलाई में आवश्यकता अनुसार टीकाकरण केंद्रों की संख्या में बढ़ोतरी की जा रही है! वही समाजिक, व्यापारी गण, संस्था, जनप्रतिनिधि, वरिष्ठ नागरिक एवं अन्य लोगों भरपूर सहयोग टीकाकरण को लेकर मिल रहा है!

# पाटन में कोविड नियंत्रण पर कलेक्टर ने की समीक्षा, ट्राइबल होस्टल में आरम्भ होगा 25 बेड का कोविड केअर सेंटर

## संपूर्ण वैक्सीनेशन का कार्य जल्द होगा पूरा

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने पाटन ब्लाक में कोविड नियंत्रण के चल रहे कार्यों की समीक्षा की। कलेक्टर ने कहा कि जिन मरीजों को होम आइसोलेशन में रहने में असुविधा है, उनके लिए 25 बेड का कोविड केअर सेंटर पाटन के ट्राइबल होस्टल में आरम्भ करें। उन्होंने कहा कि जिन गांव में कोविड के अधिक मरीज आ रहे हैं वहां कंटेंटमेंट बनाकर व्यापक सर्वे का कार्य कर लक्षण वाले मरीजों का चिन्हांकन करें। कलेक्टर ने वैक्सीनेशन कार्य की भी समीक्षा की। अधिकारियों ने बताया कि फिलहाल 45 वर्ष से अधिक के 70 प्रतिशत से अधिक लोगों का टीका हो चुका है। लगभग 40 हजार लोगों को टीका लग चुका है और अभी 15000 लोगों को टीका लगाया जाना शेष है। कलेक्टर ने व्यापक मुहिम चलाकर टीकाकरण कार्य को पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं स्थानीय अमला मिलकर सघन अभियान छेड़े तथा टीकाकरण कार्य को पूरा करें। उन्होंने कहा कि हर पंचायत में एक पल्स ऑक्सीमीटर तथा साथ ही आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के पास के पल्स ऑक्सीमीटर से लक्षण वाले मरीजों की पहचान कर इनका प्रिजप्टिव ट्रीटमेंट आरंभ कर दिया जाए। जिन ग्राम पंचायतों में कोविड के अधिक मामले आ रहे हैं उन्हें कंटेनमेंट जोन बनाने पर भी बैठक में चर्चा हुई। इसके अलावा शिक्षा विभाग का अमला भी लोगों को टीकाकरण के लिए प्रेरित करेगा, साथ ही कोविड अनुकूल व्यवहार के संबंध में भी लोगों को मार्गदर्शन प्रदान करेगा।

इसके साथ ही काड़े का भी वितरण किया जाएगा ताकि लोगों की प्रतिरोधक क्षमता मजबूत हो सके। बैठक में जिला पंचायत सीईओ सच्चिदानंद आलोक, एसडीएम विपुल गुप्ता, बीएमओ डॉ. आशीष शर्मा सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

## अब शादी/तेरहवीं/अंत्येष्टि व कार्यक्रमों में अधिकतम 20 लोगों को अनुमति

**दुर्ग।** जिले में कोविड-19 के संक्रमण की रोकथाम हेतु शादी, तेरहवीं, अंत्येष्टि एवं अन्य कार्यक्रम हेतु कार्यालय अतिरिक्त जिला दंडाधिकारी दुर्ग से पूर्व में जो अनुमति जारी गई थी, जिसके अनुसार 50 लोगों को शामिल होने की अनुमति दी गई थी, जिसे संशोधित कर अब अधिकतम 20 लोग कर दिया गया है। अतः 20 लोगों के साथ पूर्व में जारी अनुमति प्रभावशील होगी।

## अपना मोबाइल नंबर और पता सही लिखे अन्यथा ट्रेसिंग में होगी दिक्कत

**दुर्ग।** कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर नरेंद्र भुरे ने आम नागरिकों से अपील की है कि टेस्टिंग के दौरान भरे गए फॉर्म को काफी सावधानी से भरे। इसमें मोबाइल नंबर और एड्रेस चेक कर लें, कई बार मोबाइल नंबर गलत होने की वजह से या एड्रेस सही नहीं दिए जाने की वजह से ट्रेसिंग में दिक्क त होती है। इससे मरीज को बचाने का अमूल्य समय नष्ट होता है। साथ ही प्रशासनिक अमले को भी काफी दिक्क त आती है। टेस्टिंग के बाद क्रशिंग टीम को मरीजों को लोकेट करने में न्यूनतम समय लगे इसके लिए सही एड्रेस और मोबाइल नंबर होना बहुत आवश्यक है कलेक्टर ने अपील की है कि टेस्टिंग के दौरान सैंपल देने के दौरान सभी नागरिक इस बात का विशेष ध्यान दें कलेक्टर नागरिकों से अपील की है कि कोरोना के लक्षण उभरते ही टेस्ट कराएं ताकि इलाज जल्द शुरू किया जा सके।

# लॉकडाउन में बेच रहे थे सामान, निगम की टीम ने लगाया 9650 रुपए जुर्माना, निगम की टीम लगातार कर रही है मॉनिटरिंग

पायनियर संवाददाता ◄ भिलाईनगर
www.dailypioneer.com



बढ़ते हुए कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम के लिए लॉकडाउन के नियमों का सख्ती से पालन आवश्यक है। निगम की टीम ने वैशालीनगर, स्मृतिनगर, सुपेला बाजार, नंदीनी रोड, नेहरू नगर, कोसानगर, राधिका नगर, अंडा चौक, शास्त्रीनगर सहित भिलाई निगम के विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किए और लॉकडाउन की अवहेलना करने वाले दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया तथा आवश्यक सेवाओं वाली दुकान पर भीड़ न लगे इसकी भी समझाइश दी। लॉकडाउन से छूट वाले कुछ जगह भीड़ पाए जाने वाले स्थान पर क्रमबद्ध दूरी बनाकर सामान देने समझाईश दी। इसके अलावा सामग्री ले जाने वाले वाहन में बिना मास्क के अधिक लोग बैठाकर ले जाते हुए पाए जाने पर भी अर्थदण्ड वसूला गया। भिलाई निगम आयुक्त ऋतुराज रघुवंशी के निर्देश पर निगम की टीम शहर के सभी प्रमुख बाजारों का निरिक्षण कर रही है! तथा लॉकडाउन के आदेश का उल्लंघन करने वालों पर कार्रवाई कर रहे है, घनी आबादी वाले गली, मोहल्लों में दुकान न खुल पाए इसकी लगातार मॉनिटरिंग की जा रही है! निगम की टीम सभी क्षेत्रों में घूम-घूम कर निरीक्षण कर रहे है ताकि लोग अनावश्यक न निकले। निरीक्षण के दौरान पांच लोगों से 9650 रूपये अर्थदण्ड वसूलने की कार्रवाई की गई। निगम क्षेत्र के नेहरू नगर के वाई रेहरे कीचन खुला पाया जिनसे 3000 हजार रूपए, मिलन चौक राधिका नगर के क्षीर सागर होटल संचालक द्वारा दुकान का आधा सटर खोलकर सामान देते हुए पाए जाने पर 5000 हजार रूपये, दो जगह दुकान का शटर आधा खोलकर सामान देते हुए पाए जाने पर तत्काल बंद कराया गया! भिलाई निगम क्षेत्र में कोरोना वायरस के संक्रमण की रोकथाम करने जिला प्रशासन द्वारा 14 अप्रैल तक लगाए गए लॉकडाउन का सख्ती से पालन कराया जा रहा है। मोबाइल टीम में कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी संजय वर्मा, शरद दुबे एवं दल प्रभारी प्रकाश अग्रवाल सहित अन्य मौजूद रहे!

# दुर्ग नया बस स्टैण्ड के चार बस ट्रवल्स सील, लॉकडाउन का उल्लंघन करते मिले ट्रवल्स बुकिंग आफिस

पायनियर संवाददाता ◄ दुर्ग
www.dailypioneer.com



आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देशानुसार लॉकडाउन का उल्लंघन करने वाले बनया बस स्टैण्ड के चार बस बुकिंग ट्रवल्स कार्यालय को निगम अमले ने सील कर दिया। पूरे जिला में लॉकडाउन का आज पांचवां दिन है। नया बस स्टैण्ड में बस ट्रवल्स वाले आफिस खोलकर बस बुक कर रहे थे इसकी शिकायत मिल रही थी। आयुक्त के निर्देश पर अतिक्रमण प्रभारी शिव शर्मा, सहा0 राजस्व निरीक्षक निशांत यादव, शशिकांत यादव, भुवन दास साहू, ईश्वर वर्मा, शोएब अहमद, विनीत वर्मा, लवकुश शर्मा महेन्द्र सोनटके की टीम ने चारों ट्रवल्स में सील करने की कार्यवाही किये। **सभी ट्रवल्स पर होगी कानूनी कार्यवाही-** नगर पालिक निगम दुर्ग के नया बस स्टैण्ड दुर्ग के मनीष ट्रवल्स दुकान ̇0 5 व 6, नवीन ट्रवल्स ̇0 13 व 14, मनोज ट्रवल्स ̇0 19, तथा पायल ट्रवल्स ̇0 12 व 13 के द्वारा बुकिंग आफिस को खोलकर बस बुक किया जा रहा था। जो लॉकडाउन के नियम का उल्लंघन था। सूचना मिलने पर आयुक्त मंडावी के निर्देशानुसार सील बंद की कार्यवाही कर पंचनामा बनाया गया। आयुक्त ने कहा लॉकडाउन में सभी प्रकार की सेवाए बंद की गई है परन्तु बस ट्रवल्स वाले लॉकडउन का उल्लंघन किया है इनका पंचनामा बनाया गया है जिन पर लॉकडाउन की घारा के अनुसार कानूनी कार्यवाही की जाएगी। सभी बस ट्रवल्स वालों से अपील है कि नियमानुसार उन्हें केवल ऑनलाईन बुकिंग करने अधिकृत किया गया है वह भी कोरोना जांच रिर्पोट के आधार पर। अतः कोई भी ट्रवल्स नियमों का उल्लंघन न करें। कोरोना संक्रमण की रोकथाम और नियंत्रण में जिला प्रशासन एवं निगम प्रशासन को सहयोग प्रदान करें।

## 2 माह के भीतर बाल विवाह रुकवाने का यह तीसरा मामला

# सयुंक्त रेस्क्यू टीम द्वारा ग्राम तरौद में नाबालिक बालक-बालिका का रुकवाया गया विवाह

पायनियर संवाददाता ◄ बालोद
www.dailypioneer.com





शनिवार की बीती रात ग्राम तरौद में सयुंक्त रेस्क्यू टीम के द्वारा एक नाबालिक बालक-बालिका का विवाह रुकवाया गया। बीते 2 माह के भीतर बाल विवाह रुकवाने का यह तीसरी दफा मामला सामने आया हैं। दरअसल महिला बाल विकास विभाग को सूचना मिली कि बालोद थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम तरौद में नाबालिग लड़के व लड़की की शादी कराई जा रही है। जिसमें बालक की उम्र 19 वर्ष 2 माह और बालिका की उम्र 17 वर्ष 2 माह हैं। सूचना मिलते ही महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी के मार्गदर्शन तहसीलदार बालोद, परियोजना अधिकारी बाल विवाह प्रतिषेध अधिकारी बालोद, सेक्टर सुपरवाइजर जिला बाल संरक्षण इकाई से संरक्षण अधिकारी व सामाजिक कार्यकर्ता चाइल्ड लाइन जिला बालोद से काउंसलर व टीम मेंबर के सदस्य, बालोद थाना से सहायक उपनिरीक्षक व महिला आरक्षक, ग्राम पंचायत तरौद के सरपंच, सचिव व पंचगण की मदद से ग्राम पंचायत भवन में पहुंच गई। सयुंक्त रेस्क्यू टीम द्वारा लड़के व लड़की के उम्र सम्बधी दस्तावेजो का सत्यापन किया गया। जिसमें बालक व बालिका दोनों की उम्र विवाह योग्य नही पाया गया। विभाग ने नाबालिग लड़के व लड़की के परिजनो को समझाइश देकर नाबालिग की शादी रुकवा दी। पुलिस ने परिजनों बालक की उम्र को 21 व बालिका को 18 साल होने तक शादी के लिए इंतजार करने को कहा है। जिसके बाद परिजन भी मान गए।

परिजनों ने शपथ पत्र बाल विवाह का घोषणा पत्र भरकर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006 की जानकारी प्राप्त कर पँचनामा किया गया। दोनों पक्ष पालको ने कहा है कि ल?के की 21 वर्ष और बालिका की 18 वर्ष की आयु पूर्ण होने के बाद ही विवाह रस्म पूरा किया जाएगा। आपको बता दे कि सयुंक्त रेस्क्यू टीम द्वारा बीते 2 माह के भीतर या तीसरी दफा बाल विवाह रुकवाया गया है। इससे पूर्व 16 फरवरी को सुरेगांव थाना क्षेत्रान्तर्गत एक नाबालिक बालक का विवाह और 18 फरवरी को बालोद थाना क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ओरमा में बालिका का विवाह रुकवाया गया था।

# जिले में पहले दिन ही लॉँकडाउन के चलते सन्नटा पसरा



**बेमेतरा।** जिस तरह से इन दिनों कोरोनावायरस का असर पूरे जिले में तेजी से बढ़ रहे उससे आम जनता के बीच दहशत बढ़ने लगा है जिसका असर भी अब देखने को मिल रहा है लॉकडाउन लगने के कारण से जहां लोगों ने आना जाना बंद कर दिया गया है वही लोग ने अपने में घर तक ही सीमित रह रहे हैं जिसका परिणाम स्वरूप जिला मुख्यालय सहित जिले केसभी शहरों-कस्बों सुबह से लेकर वीरानी छाई रही, बता दें कि कोरोना वायरस से प्रभावित होने वाले लोगों की संख्या दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही है शनिवार को जिले में 378कोरोना के मरीज मिले इससे अब लोगो में दहशत बढ़ने लगा है लगातार संक्रमण के बढ़ते आंकड़े इस सच को साबित कर रह की अब जीने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को बड़ी सावधानी का ध्यान रखना पड़ेगा संक्रमण के बढ़ते प्रकोप को देखते हुए जिला प्रशासन ने सम्पूर्ण जिले में शनिवार शाम छः बजे से 19 अप्रैल को सुबह 6 बजे तक कड़ा लॉक डाउन लगाने निर्णय लिया है जिसके अंतर्गत लोगों की लगभग सभी सुविधाओं को पूर्णता प्रतिबंधित कर दिया गया और लोगों से लाक डाउन का कड़ाई से पालन करन की अपील किया गया है और अपने घरों में सुरक्षित रहकर बड़ते संक्रमण के प्रवाह को रोकने में अपना योगदान दे पहले दिन शहर के सड़को पर पसरे सन्नाटा ने लॉक डाउन की उपयोगिता को साबित किया कि लोगो मे जिला प्रशासन के फरमान का असर दिखाई पड़ रहा। और आम लोग भी कोरोना सं मण के रोकथाम के लिए प्रशासन के कोशिश पर अपने सहयोग का मुहर लगा रहे।

## क्विक न्यूज

### चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टरों की परामर्श एवम् सलाह हेतु हेल्प डेस्क प्रभारियों की घोषणा



**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी छत्तीसगढ़ प्रदेश द्वारा कोविड -19 हेतु चिकित्सा प्रकोष्ठ के डॉक्टरों की परामर्श एवम् सलाह हेतु हेल्प डेस्क प्रभारियों की घोषणा की गई है, जिसमें जांजगीर-चांपा जिले में डॉ. संतोष मोदी जांजगीर को जिला प्रभारी एवं सह प्रभारी के रूप में डॉ. धीरेंद्र खूंटे बस्ती बाराद्वार को बनाया गया है

### अब महात्मा गांधी नेत्र चिकित्सालय भी बना वैक्सीन सेंटर



**रायगढ़।** जिले में भी 14 से 22 अप्रैल तक लॉकडाउन घोषणा के बीच स्वास्थ्य विभाग में शहर के भीतर बूजीभवन चौक स्थित महात्मा गांधी नेत्र चिकित्सालय को वैक्सीन सेंटर के रूप में चिन्हांकित किया है। इस सुविधा से शहरवासियों को कोरोना वैक्सीन लगाने में सुविधा मिलेगी। गौरतलब रहे कि कोरोना वैक्सीन सेंटर के रूप में शहर के भीतर रामभांठा संजय मैदान स्थित जिला चिकित्सालय, नगर पालिका स्कूल, मेडिकल कालेज और जिला पंचायत के सामने स्थित जतन केन्द्र के रूप में चार वैक्सीन सेंटर खोले गए थे। वहीं दो दिन पहले शहर के इंदिरा नगर में भी लैलूंगा विधायक चक्रधर सिदार के हाथों वैक्सीन सेंटर का शुभारंभ किया गया था, लेकिन प्रदेश में कोरोना संक्रमण की रफ्तार तेज होनें और रायगढ़ जिले में भी कोरोना मरीजों की संख्या लगातार बढ़ने के कारण शहरी क्षेत्र में छठवें सेंटर के रूप में महात्मा गांधी नेत्र चिकित्सालय को वैक्सीन सेंटर बनाया गया है।

### एनएसयूआई ने भारद्वाज को दी श्रद्धांजलि



**जैजैपुर।** एन.एस.यू.आई. छत्तीसगढ़ के जिला जाँजगीर-चाम्पा के जिला संयोजक अजय सिंह चन्द्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने विश्राम गृह जैजैपुर में 3 अप्रैल को बीजापुर में नक्सलियों के साथ मुठभेड़ में शहीद हुए जिले के लाल दीपक भारद्वाज को कैन्डल जलाकर भावभीनी श्रद्धांजलि दी। इस दौरान एन. एस. यू. आई (जैजैपुर) के शाला अध्यक्ष संजय चन्द्रा, उपाध्यक्ष संजय चन्द्रा, आशीष चन्द्रा, मनिष साहु, धनेश्वर महंत सहित अन्य सदस्य मौजूद थे।

# कहुवा लोड पिकप पकड़ाया, वन अमला की कार्रवाई

■ अवैध रूप से आरा मिल जा रहा था, छातामुड़ा रोड पर पकड़ा गया

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



बीते दिन कहुवा, बबूल व जामुन के चिरान से लोड पिकप रायगढ़ के आरामिल में परिवहन किया जा रहा था। इसी दौरान वन अमला को इसकी सूचना मिली और उसे धरदबोचा गया। जब्त पिकप को बेलादुला डिपो में खड़ी किया गया है और आगे की कार्रवाई जारी है।

इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक सात अप्रैल की शाम को एक पिकप में 230 नग चिरान जिसमें प्रतिबंधित कहुआ प्रजाति के 175 नग व शेष बबूल व जामुन के चिरान को लोड कर छातामुड़ा की ओर से रायगढ़ के आरामिल ले जाया जा रहा था। तभी तमनार रेंज के वन अधिकारी ने उसे देखा और मामले की सूचना रायगढ़ वन अमला को दी। इसके बाद रायगढ़ वन अमला तत्काल मौके पर पहुंचे और पिकप को रोककर उनसे संबंधित चिरान के दस्तावेज की मांग की गई, लेकिन ड्राईवर मदन मोहन के पास कोई दस्तावेज नहीं था। ऐसे में वाहन को अवैध प्रतिबंधित चिरान के साथ बेलादुला डिपो लेकर आ गए और वाहन को जब्त कर लिया गया। बताया जा रहा है कि बेलादुला डिपो में वाहन को रखा गया है और प्रतिबंधित अवैध चिरान को उर्दना कष्ठागार भेजा गया है। वहीं जानकार सूत्रों का यह भी कहना है कि अब वाहन व वनोपज को छोड़ने के लिए सांठगांठ भी शुरू कर दी गई है। फिलहाल विभाग के अधिकारी मामले में आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कह रहे हैं।

### पूर्व में हुई थी कार्रवाई

विदित हो कि पिछले दिनों प्रशिक्षु महिला रेंजर ने शहर के सभी आरामिल में दबिश दी और रूटिन जांच किया था। इस दौरान आरामिलों में कई तरह की गड़बड़ी पायी गई थी। ऐसे में लगभग दो से तीन आरामिलों को सील भी कर दिया गया था, पर अब फिर से वैसी कार्रवाई नहीं होने से आरामिल संचालको के हौसले बढ़ गए हैं और आरामिलों में अवैध चिरान जारी हो गया है।

सात अप्रैल को पिकप में लोड अवैध चिरान को पकड़ा गया था। 230 नग अवैध चिरान का जब्ती बना कर पीओआर करके रेंज कार्यालय में दे दिए। इसमें 175 नग कहुआ और शेष बबूल व जामुन प्रजाति के चिरान थे।

**-शरद बेक**
**परिसर रक्षक, रेंगालपाली**

## राष्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के लिए प्रशिक्षण वर्ग अड़भार में सम्पन्न



पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

20 वी सीनियर रास्ट्रीय कबड्डी चैंपियनशिप के छत्तीसगढ़ टीम चयन हेतु नगर पंचायत अड़भार एवम नागरिक एकता मंच के मेजबानी में हायर सेकंडरी स्कूल में हुआ, जिसमें प्रदेश से चयनित खिलाड़ी राष्टीय स्तर के लिये चयनित हुए और उनका 7 दिवसीय प्रशिक्षण कैम्प अड़भार में हुआ।छत्तीसगढ़ की टीम राष्टीय खेल हेतु अयोध्या जाएगी।खिलाड़ियों के लिए जे वी एस कंपनी के मैनेजर दिवाकर यादव ड्रेस की व्यवस्था की गई।खिलाड़ियों के लिये ट्रैक शूट की व्यवस्था चंद्रपुर विधायक रामकुमार यादव द्वारा की गई।खिलाड़ियों को रवाना करने जनपद अध्यक्ष लकेश्वरी देवा लहरे,जनपद उपाध्यक्ष लंबोदर चन्द्रा, नगर पंचायत अध्यक्ष चंद्रप्रभा गर्ग, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष कुसुमलता अजगले,प्रदेश सचिव नैन अजगले,दिवाकर यादव अध्यक्ष जिला पिछड़ा वर्ग कांग्रेस,ज्योतिष गर्ग नगर पंचायत विधायक प्रतिनिधि, हरि पटेल अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ,अनिल कुर्रे सचिव जिला संघ,रामलखन कटकवार पूर्व नगर अध्यक्ष बाबूलाल गबेल पार्षद, सुरेश अजगले, राजू मोरे पार्षद, विजय श्रीवास, मनोज कटकवार ,मिलेंद्र पांडेय, भुजबल यादव, सुनिल लहरें, भुवन श्रीवास ,गुरुचरण निषाद, टेकचंद पटेल, भोगसिह कवंर,मालिक राम पटेल, हलधर रात्रे नागरिक एकता मंच के संचालक लकेश्वर श्याम,अध्यक्ष विकास तिवारी कबड्डी टीम के खिलाड़ियों को शुभकामनाएं देते हुए रवाना किये।

## विधानसभा क्षेत्र सकती की सड़कें होगी चकाचक : गुलजार सिंह

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



विधानसभा क्षेत्र सकती कि लगभग सभी सड़कों का निर्माण हो रहा है, एवम स्वीकृति हो गयी हैं, तथा कई कार्य प्रारंभ हो गये हैं, विधानसभा क्षेत्र को विकास के मामले में अग्रणी ले जाने की मंशा विधानसभा अध्यक्ष डॉ चरण दास महंत ने यातायात सुगम के लिए कार्य स्वीकृति किया इस सम्बंध में डॉ महन्त के जिला प्रतिनिधि गुलजार सिंह ने बताया कि छतीसग? रोड डेवलपमेंट कॉर्पोसेन ने स्वीकृत कार्यो का निविदा आमंत्रित किया हैं जिसमें बरपाली कला सकती से बसीन पाट तक 8 किमी, सकती- अड़भार 13 किमी, सारागांव से अमरूवा 4 किमी, बम्बनइंडीह से सारागांव नेशनल हाईवे तक 19-90 किमी,बाराद्वार नेशनल हाईवे से पौड़ीकला व्हाया भगोडीह सरहर कुम्हारी कला, कडारी, दारग होकर 5-76 किमी, बाराद्वार वार्ड नं 1 से नहर किनारे सकरेली फाटक तक 5.25 किमी, परसापाली से रिसदा 1-80 किमी तक के कार्य के लिए निविदा प्रक्रिया शुरू हो गई है, उक्त सड़कें का शीघ्रता से निर्माण कार्य प्रारंभ होगा गुलजार सिंह ने बताया कि पूर्व में ग्रामीण क्षेत्र के पहुच मार्ग लो नि वी द्वारा कार्य स्वीकृति हुए है किसान नेता साधेश्वर गबेल का कहना हैं।

## 24 घंटे हो रही है कोविड की सैंपलिंग, लोग घबराएं नहीं

■ प्राइमरी कॉन्टैक्ट में आये लोगों की टेस्टिंग घर-घर जाकर कर रही स्वास्थ्य विभाग की टीम

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



जिले में फैले कोरोना वायरस के बढ़ते आंकड़ों को देखते हुए प्रशासन ने निगरानी बढ़ा दी है ताकि संक्रमण को रोका जा सके। स्वास्थ्य विभाग की टीम घर-घर जाकर प्राइमरी कॉन्टैक्ट में आए लोगों की जांच कर रही है। इसके लिए दो-दो लोगों की टीम बनाई गई है। वर्तमान में दो टीमें कार्य कर रही है। जिसे सोमवार से बढ़ा दिया जाएगा। जिला प्रशासन ने सुबह 6 से शाम 6 बजे तक ही बाजार खोलने की अनुमति दी है। पुलिस और नगर निगम ने कोरोना गाइडलाइन का पालन कराने के लिए अपनी पूरी शक्ति झोंक दी है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि वो कोविड गाइडलाइन का पालन करें और जरूरत पड़ने पर ही घर से बाहर निकले। आने वाले कुछ दिन बहुत महत्वपूर्ण है। टेस्टिंग सेंटर में भीड़ न करे और अपने घर के नजदीक टेस्टिंग सेटंर में नियत समय पर जांच के लिए जाएं। जो लोग कोविड पॉजिटिव आए हैं और उनके संपर्क मे आए लोगों की जांच के लिए सर्विलांस की टीम घर-घर जा रही है, लोग धैर्य बनाए रखें। कोरोना पॉजिटिव आने के बाद टीम लोगों को स्वतः ही संपर्क करेगी और परिस्तिथियों के अनुसार अस्पताल में भर्ती या होम आइसोलेशन देगी। जो लोग कोरोना पॉजिटिव मरीजों के सीधे संपर्क में आए हैं वो 7647921154, 7647921157 नंबरों पर अपनी जानकारी साझा कर टीम को सैंपल के लिए बुला सकते हैं। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केसरी ने बताया कोरोना के लक्षण दिखने पर लोग तत्काल इसकी जांच कराएं। कोरोना का खतरा अभी टला नहीं है, सतर्कता और सुरक्षा ही इससे बचने का एकमात्र उपाय है।

## जेल के भीतर संदिग्ध परिस्थितियों में विचाराधीन बंदी की मौत

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com



संदेहास्पद परिस्थितियों में एक विचाराधीन बंदी की मौत जेल के भीतर में हो गई। यह बंदी फांसी के फंदे पर झूलता मिला। सवाल है कि जेल के भीतर बंदी के पास वह रस्सी आई कहां से जिससे उसकी मौत हुई। घटना सारंगढ़ जेल की है। मृतक विचाराधीन बंदी का नाम दीपक मराठा है साल भर पहले लॉकडाउन के दौरान इसे सरिया से पॉक्सो एक्ट के मामले में गिरफ्तार किया गया था। जिसके बाद इसे सारंगढ़ जेल में दाखिल कर दिया गया। शनिवार की सुबह लगभग दस बजे इसका शव जेल के भीतर किचन के बाजू में बने रूम में फांसी के फंदे पर लटकता मिला। परिजनों की ओर से इस बात की आशंका जाहिर की जा रही है कि उसकी मौत आत्महत्या नहीं बल्कि हत्या है। मृतक दीपक किसी भी स्थिति में आत्महत्या नहीं कर सकता है बल्कि जेल में उसे प्रताड़ित कर और यातनाएं देकर मौत के घाट उतार दिया गया है।

**शुरू हो गई है जांच-** जेल प्रबंधन की ओर से विचाराधीन बंदी के फांसी पर लटके होने की सूचना पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को दी गई। जिसके बाद सारंगढ़ के तहसीलदार एवं थाना प्रभारी मौके पर पहुंच गए और मामले की छानबीन शुरू कर दी गई है।

## जांजगीर में कोरोना जनजागरण को लेकर भाजपा कार्यकर्ताओं ने निकाली प्रभात फेरी

■ कोविड-19 के संक्रमण से बचने हमको स्वयं को करनी होगी अपनी सुरक्षा- प्रशांत सिंह जांजगीर

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



कोरोना के बढ़ते खतरे और बचाव के उपायों को लेकर 11 अप्रैल को जांजगीर के विभिन्न वार्डो में भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोरोना जनजागरण प्रभात फेरी निकाली। इस दौरान आम नागरिकों से अपील करते हुए भाजपा कार्यकर्ताओं ने कोरोना संक्रमण से बचने के लिए मास्क लगाने, हाथ धोते रहने और अपनी बारी आने पर वैक्सीन लगवाने का आग्रह किया। ज्ञात हो कि भाजपा कार्यकर्ताओं के द्वारा कोरोना जनजागरण को लेकर विभिन्न स्तर पर सकारात्मक प्रयास किये जा रहे हैं। वैक्सीनेशन सेंटर में व्यवस्था सम्बन्धी निगरानी, हेल्प डेस्क संचालन के साथ ही कोरोना वारियर्स का सम्मान जैसी गतिविधियों के माध्यम से पार्टी कार्यकर्ता इस वैश्विक आपदा के दौर में अपनी सक्षम उपस्थिति प्रस्तुत कर रहे हैं,जांजगीर के विभिन वार्डो में सम्पन्न 'कोरोना जनजागरण प्रभात फेरी' में मुख्य रूप से भाजपा प्रदेश प्रतिनिधि (प्रशिक्षण) प्रशांत सिंह ठाकुर,पूर्व एल्डरमेन अनुराग तिवारी, भाजपा रायपुर सम्भाग प्रभारी(सोशल मीडिया) अभिमन्यु राठौर, भाजयुमो प्रदेश मंत्री जितेंद्र देवांगन, भाजपा नगर मंडल उपाध्यक्ष शिव चमन सिंह, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य (सांस्कृतिक प्रकोष्ठ) राहुल सेन, जीवनदीप समिति जिला चिकित्सालय के पूर्व सदस्य राकेश राठौर उपस्थित रहे।

## पूर्व विधायक युद्धवीर सिंह जुदेव ने लोगों से की हिंदू नववर्ष उत्साह के साथ मनाने की अपील

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



बहुजन हिंदू परिषद जूदेव के अध्यक्ष व पूर्व विधायक युद्धवीर सिंह जूदेव ने 13 अप्रैल मंगलवार को समस्त नागरिकों को चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2078 हिंदू नव वर्ष मनाने की अपील किए हैं । हिंदू हृदय सम्राट युद्धवीर सिंह जूदेव ने अंग्रेजी नववर्ष के बजाय पूरे भारतवर्ष तथा समस्त प्रदेशवासियों को हिंदू नव वर्ष मनाने विशेष अपील किये हैं । उन्होंने कहा कि जो 1 जनवरी को नववर्ष मनाते हैं वह वास्तव में नववर्ष नहीं है । 1 जनवरी केवल तारीख बदलता है और प्रतिवर्ष मार्च-अप्रैल माह के चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत में ही हम सबको हिंदू नव वर्ष के रूप में मनाना चाहिए, क्योंकि हिंदुस्तान में जन्मा प्रत्येक व्यक्ति हिंदू है और हम सब हिंदुओं को यह समझना चाहिए कि अंग्रेजों द्वारा बनाए गए 1 जनवरी केवल अंग्रेजी गणना के अनुरूप केवल तारीख परिवर्तन है, उसे नव वर्ष नहीं माना जाता । वास्तव में हम सभी हिंदुओं के लिए चैत्र शुक्ल पक्ष की तिथि से ही हमारा हिंदू नव वर्ष प्रारंभ होता है। बहुजन हिंदू परिषद जूदेव के अध्यक्ष व पूर्व विधायक युद्धवीर सिंह जूदेव ने हिंदू नववर्ष की महत्ता बताते हुए कहा कि इसी दिन के सूर्योदय से परम पिता ब्रह्मा ने सृष्टि की रचना प्रारंभ किए थे, जिसका प्रमाण वेदों पुराणों में उल्लेख है। वही सम्राट विक्रमादित्य ने इसी दिन राज्य स्थापित कर अपने ही नाम में विक्रमी संवत का प्रथम दिन प्रारंभ होता है । उन्होंने ऐसे ही महत्व बताते हुए कहा कि भगवान विष्णु का प्रथम अवतार भी इसी दिन हुआ था। पौराणिक कथाओं के अनुसार भगवान श्री राम के राज्यअभिषेक भी चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही हुआ था। इसी दिन शक्ति और भक्ति के 9 दिवस अर्थात नवरात्र का प्रारंभ होता है । इसी दिन धर्मराज युधिष्ठिर का भी राज्यअभिषेक हुआ था। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा के दिन ही सिंध प्रांत के प्रसिद्ध समाज रक्षक वरुण अवतार संत झूलेलाल इसी दिन प्रकट हुए थे। विक्रमादित्य की भांति शालीवाहन ने हूणों को परास्त कर दक्षिण भारत में श्रेष्ठतम राज्य स्थापित करने हेतु यही दिन चुना था । सिख परंपरा के द्वितीय गुरू श्री अंगद देव जी के जन्म दिन भी चैत्र शुक्ल पक्ष प्रतिपदा के दिन ही हुआ था ।

## जिला उपभोक्ता आयोग ने सहारा खाताधारक को दिया ब्याज सहित राशि वापस लौटाने आदेश

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com

जांजगीर-चांपा जिला उपभोक्ता आयोग ने शक्ति तहसील के देवरमाल निवासी भागवत प्रसाद साहू पिता लेखराम साहू की याचिका पर सहारा कंपनी को खाताधारक की ए सेलेक्ट स्कीम योजना में जमा की गई राशि ?118626/-रुपये ब्याज सहित 45 दिनों के अंदर देने का आदेश 1 अप्रैल 2021 को दिया है, जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर चांपा द्वारा पारित आदेश के अनुसार भागवत प्रसाद साहू जिसने सहारा कंपनी की ए सेलेक्ट योजना के अंतर्गत अलग-अलग राशि जमा की थी, तथा भागवत प्रसाद ने अपने अधिवक्ता के माध्यम से जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर चांपा में याचिका लगाई कि उसके द्वारा सहारा इंडिया परिवार के संचालित योजना सहारा ए सिलेक्ट एफ टू में दिनांक 10 जुलाई 2018 से 6 खातों में क्रमशः- 17-17 हजार रुपए 18 माह के लिए जमा किए थे, एवं उपरोक्त जमा राशि की परिपक्वता अवधि 10 जनवरी 2020 को थी, एवं परिपक्वता अवधि पूर्ण हो जाने के बावजूद परिपक्वता राशि का भुगतान खाताधारक को नहीं किया गया, जिस पर खाताधारक की याचिका पर जिला उपभोक्ता आयोग जांजगीर चांपा ने संपूर्ण सुनवाई करते हुए आवश्यक निर्णय लेते हुए सहारा कंपनी को उपरोक्त याचिकाकर्ता के प्रकरणों में मैच्यूरिटी राशि 118626/-रुपये 45 दिनों के अंदर भुगतान करने का आदेश दिया है, साथ ही परिवादी को मानसिक क्षतिपूर्ति के रूप में 5000/; 45 दिन के भीतर प्रदान करने एवं परिवादी को वाद व्यय के रूप में 2000 का भुगतान करने का आदेश दिया है।

## विधायक प्रकाश के प्रयासों से तेजी से हो रहा शहर का विकास

पायनियर संवाददाता ➤ रायगढ़
www.dailypioneer.com

विधायक प्रकाश नायक ने रायगढ़ नगर निगम के सामने से हंडी चौक एवं लिबास से सागरिका होटल बीटी रोड़ निर्माण लागत 46.50 लाख रुपये का भूमिपूजन किया। मिनीमाता चौक रायगढ़ से शहीद चौक तक 48 लाख रुपये की लागत से बनने वाले बीटी रोड निर्माण का भूमिपूजन विधायक प्रकाश नायक ने किया। विधायक प्रकाश नायक के प्रयासों से शहर विकास के कार्य तेजी पर है। उनके प्रयासों से ही शनिवार को दो स्थानों पर करीब एक करोड़ रुपये सड़क निर्माण कार्य का शिलान्यास कार्यक्रम संपन्न हुआ। करीब 12 बजे नगर निगम के सामने व मिनीमाता चौक के पास विधायक प्रकाश नायक व महापौर जानकी काटजू की उपस्थिति में बीटी रोड़ सड़क निर्माण कार्य का भूमिपूजन कार्यक्रम संपन्न किया गया। इस मौके पर प्रमुख रूप से नगर निगम के आयुक्त आशुतोष पाण्डेय,



जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अनिल शुक्ला व नगर निगम के पार्षद रत्थु जायसवाल, प्रभात साहू, शौकी बूटान, राकेश ताल्लूकदार, आरिफ हुसैन, रिमझिम मुक्तिनाथ साहू, कमल पटेल, विमल यादव, एल्डरमैन दयाराम धुर्वे, चंद्रशेखर चौधरी, विजय टंडन तथा आशीष केशरी,उपेंद्र सिंह खलीक अहमद, दुर्गा पटेल, भीमसेन सागर, बंसत दास, सहित शहर के कांग्रेस कार्यकर्ता मौजूद थे।

## ज्योतिष गर्ग ने किया अड़भार के स्वास्थ्य केंद्र का निरीक्षण

पायनियर संवाददाता ➤ सक्ती
www.dailypioneer.com



नगर पंचायत अड़भार के विधायक प्रतिनिधि एवं कांग्रेस नेता ज्योतिष गर्ग सहित नगर पंचायत के पार्षद बाबूलाल गबेल, विजय श्रीवास, राकेश कुमार,मनोज कुमार कटक्कार, एवं अनिल गर्ग द्वारा संयुक्त रूप से 11 अप्रैल को प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र अ?भार का निरीक्षण किया गया, इस दौरान वैक्सीनेशन सेंटर में चल रहे टीकाकरण की जानकारी देते हुए स्वास्थ्य कर्मियों का उत्साहवर्धन किया गया, एवं वहां जानकारी ली, जिस पर पता चला कि प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में सिर्फ 90 लोगों को वैक्सीन लगाने का लक्ष्य दिया गया है, जिस पर विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने कहा कि वर्तमान समय में कोविड-19 की परिस्थितियों को देखते हुए इस संख्या को बढ़ाना चाहिए तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश में जिस रूप से संक्रमण बढ़ रहा है उस स्थिति में हमको लोगों को टीकाकरण बढ़ाने की आवश्यकता है,तथा इस दौरान विधायक प्रतिनिधि ज्योतिष गर्ग ने समस्त कोविड-19 वैक्सीनेशन सेंटर के स्वास्थ्य अधिकारी कर्मचारियों का उत्साह वर्धन करते हुए उनके द्वारा किए जा रहे कार्यो के लिए उनका आभार व्यक्त किया।


**कार्यालय अनुविभागीय अधिकार (राजस्व), राजनांदगांव**

**// ईश्तहार //**

क्र./394/प्रवा.-3/अ.वि.अ./2020
राजनांदगांव, दिनांक 06.04.2021

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका भावना अग्रवाल पति घनश्याम अग्रवाल, निवासी - इन्द्रपुरी सर्किट हाउस, राजनांदगांव तहसील व जिला राजनांदगांव (छ.ग.) द्वारा कौरिनभाटा, प.ह.नं. 41 ख.नं. 79/31/क रकबा 0.0020, हेक्टेयर कृषि भिन्न आवासीय प्रयोजन हेतु पुर्न कर निर्धारण का आवेदन छत्तीसगढ़ भू-राजस्व संहिता की धारा -59 के तहत प्रस्तुत किया गया है।

उपरोक्त कृषि भिन्न प्रयोजन के पुर्न कर निर्धारण बाबत जिस किसी व्यक्ति को कोई दावा/आपत्ति हो तो वे अपना दावा/आपत्ति इस उदघोषणा प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के भीतर न्यायालय में प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि पश्चात प्राप्त दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार आज दिनांक 06.04.2021 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा से जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
राजनांदगांव (छ.ग.)

## ट्रेंड ब्लेजर



### फरहान को मिला मार्वेल फिल्म में अवसर


**अभिनेता** फरहान अख्तर को मार्वेल स्टूडियो का एक नया प्रोजेक्ट मिला है अपुष्ट सूत्रों का कहना है कि फरहान ने बैंकॉक में इस प्रोजेक्ट पर शूटिंग भी करना प्रारंभ कर दिया है। लेकिन जब डिज़्नी, जो मार्वेल के स्वामित्वधारी हैं, से इस बारे में पूछा गया तो उन्होंने किसी भी प्रकार की टिप्पणी करने से मना कर दिया।

सूत्रों के अनुसार, 'फरहान अभी बैंकॉक में है और वहां उनके साथ मार्वेल स्टूडियो के इस प्रोजेक्ट की शूटिंग के लिए अंतराष्ट्रीय कलाकारों की एक पूरी टीम उपस्थित थी।'

लेकिन सूत्रों ने इस प्रोजेक्ट के बारे में अधिक बताने से इंकार कर दिया।

### सत्य-वचन


पंकज त्रिपाठी



'**मुझे** लगता है कि माता-पिता अपनी बेटी के सही विकास के लिए अपनी सारी ऊर्जा व्यय कर देते हैं लेकिन जब हम बेटों की बात करते हैं तो संभवतः इस कार्य के लिए लड़कों को उतना महत्व नहीं दिया जाता। मुझे लगता है कि स्त्रीवाद के प्रति हर लड़के को संवेदनशील और जागरूक बनाया जाना चाहिये। उन्हें बताया जाना चाहिये कि लड़का या लड़की में से कोई भी किसी से ऊंचा या नीचा नहीं होता। एक ऐसा भी समय था जब मैं अपनी पत्नी के वेतन पर ही निर्भर था और मुझे ऐसा करने में जरा भी बुराई नहीं है।

### दिन-प्रतिदिन

इमरान हाशमी



'हर फिल्म में मेरा ये प्रयास रहता है कि मैं चरित्र को सही ढंग से परदे पर जियूं। हर चरित्र को निभाने से पहले हमें प्रारंभ से ही सीखना पड़ता है और लगता है जैसे मुझे कुछ भी नहीं आता। शूटिंग के पहले दिन मैं आज भी घबरा जाता हूं। लेकिन बाद में शूटिंग जारी रहने पर सबकुछ सरल और स्वाभाविक हो जाता है। कई सालों से फिल्मों के चयन के लिए मेरी प्रक्रिया एक जैसी ही रही है। यदि मुझे अच्छी कहानी ऑफर की जाती है तो मैं उसे स्वीकार कर ही लेता हूं।'

### मार्गट रॉबी को है चाय की लत



**हॉलिवुड** अभिनेत्री मार्गट रॉबी ने बताया है कि वो चाय के लिए उन्माद की सीमा तक जा सकती हैं। उन्होंने आगे बताया कि ऑस्टेऊेलिया से लंदन आने के बाद उन्हें ये लत लग गई थी।

उन्होंने बताया, 'मैं वैसे दलिया खाती थी और सबेरे मैं रोगप्रतिरोधक पेय लेती थी। लंच में मैं चिकेन सलाद लेती हूं और डिनर में टूना और शकरकंद। दिन भर मैं चाय ही पीती रहती हूं और ये आदत मुझे लंदन आने के बाद ही लग गई थी।'

# सकारात्मकता की प्रतीक हैं उनकी मां : अलाया एफ



**जी** हां, बात यदि पूजा बेदी की होगी तो ये बात तय थी कि वो बेबाक और सीधी बात करना पसंद करती थीं। लेकिन उदीयमान अभिनेत्री अलाया एफ का कहना है कि जब मैं अपनी मां से किसी जानकारी या फिल्म इंडस्ट्री के अनुभवों के बारे में बात करते हैं तो हम दोनों ही सकारात्मक रहते हैं। अलाया का कहना था, 'एक अद्भुत बात ये है कि वो अत्यधिक सकारात्मक व्यक्ति हैं उनका पूरा ध्यान मुझे सकारात्मक बनाने पर ही केन्द्रित रहा है। यदि में उनसे कुछ भी पूछती हूं तो वो मुझे पूरी जानकारी देती हैं। इस इंडस्ट्री से जुड़ी अधिकांश बातों में वो सदैव सकारात्मक रही हैं।'

उन्होंने बताया कि उनकी मां ने कभी भी फिल्म अभिनेत्री बनने के बारे में नहीं सोचा था, 'मेरी मां कभी अभनेत्री नहीं बनना चाहती थीं। ये उनका सपना नहीं था। वो तो बस बन गई थीं। मुझे नहीं लगता उनके बारे में कभी भी किसी ने भी कुछ बुरा कहा या सोचा होगा।'

हाल ही में उन्हें फिल्म 'जवानी जानेमन' में देखा गया था। इसके बाद अब वो एक वीडियो 'आज सजेया...' में दिखाई दी हैं। इसे गोल्डी सोहेल ने लिखा और गाया है।

अलाया ने आगे बताया, 'मेरी फिल्म रिलीज़ होते ही दुनिया में लॉकडाउन लग गया था। इससे मेरा कॅरियर प्रारंभ होते ही एक साल आगे बढ़ गया। चलो कोई बात नहीं। मुझे पता चल गया था कि अब मेरी दूसरी रिलीज़ विलंब से ही होगी। लेकिन जब पुनीत मल्होत्रा मेरे पास आए तो मेरे पास उन्हें मना करने का कोई कारण नहीं था। मनीष मल्होत्रा मेरे परिधान बनाने वाले थे मिकी सर मेरा मेकअप करने वाले थे और पुनीत इसे निर्देशित कर रहे थे। इसमें हर कोई अत्यंत रुचिपूर्वक काम कर रहा था। मुझे इसे पूरा करने की जल्दी थी।' अलाया इस संगीतमय वीडियो में एक दुल्हन बनी हैं वो बताती हैं, 'इसकी पूरी संकल्पना आनंददायक, ऊर्जा से भरी, नई और आधुनिक वधू का है। ये आनंददायक इसलिये है क्योंकि जब भी में किसी वैवाहिक समारोह में जाती हूं तो मुझे हाई हील्स के स्थान पर बूट अधिक प्रिय हैं क्योंकि वे आरामदायक होते हैं और आपको सहज अनुभव कराते हैं। व्यक्तिगत स्तर पर भी मुझे ये प्रिय था। मुझे इसकी भावना भी अच्छी प्रतीत हुई। फिल्म जवानी दीवानी में मेरे चरित्र में ऐसी कोई बात नहीं थी। फिल्म में तो मैं गर्भवती हो गई थी लेकिन मेरा विवाह नहीं हुआ। कम से कम इसमें मेरा विवाह तो हुआ!'



# सर्वकालीन कर्णप्रिय संगीत

## टीम पायनियर के साथ लोकप्रिय गायिका श्वेता शेट्टी ने साझा किये अपने सर्वकालीन प्रिय पांच गीत

स्वतंत्र संगीत परिदृश्य भारत में भी अपने पांव पसारता जा रहा है। इसका कारण यद्यपि कोविड19 से जुड़े बदलावों को दिया जा सकता है क्योंकि इस बीच तकनीक में भी कई अप्रत्याशित परिवर्तन देखने में आए हैं। अब ऐसा प्रतीत होने लगा है कि संगीतकारों को अपने अस्तित्व को बनाए रखने के लिए फिल्म उद्योग की अधिक आवश्यकता नहीं है। इसी बिंदु पर बता दें कि लोकप्रिय गायिका श्वेता शेट्टी ने अपना नवीनतम सिंगल 'जीने में है मज़ा, रिलीज़ किया है और वो हमसे साझा कर रही हैं अपने सर्वकालीन प्रिय पांच स्वतंत्र गाने-



**■ कोलोनियल कज़िन्स का गाना 'कृष्णा...**

इसमें हरिहरन और लेस्ली लूइस के स्वर जादुई प्रतीत होते हैं। इसमें हिंदी और अंग्रेजी के शब्दों को इतने सटीक ढंग से पिरोया गया है कि आप मंत्रमुग्ध हो जाएंगे। मेरे लिए इसमें राग और पॉप दोनों का आनंद है। इसे मैं पूरे 10 अंक दूंगी। ये अतुलनीय है!

**■ अलीशा चिनाय का 'मेड इन इंडिया'**

मुझे इसमें बिड्डू की डिस्को बीट अच्छी लगती हैं। उनके जैसा डिस्को कोई नहीं बना सकता। लोगों ने नकल का प्रयास किया है लेकिन वे बुरी तरह से असफल रहे। बात चाहे जॉनी जोकर की हो या मेड इन इंडिया की, जब आप इसका मुखड़ा सुनते हैं तो ये देर तक कान में गूंजता रहता है। अलीशा और उसके स्वर अद्भुत हैं।

**■ दलेर मेहंदी का 'तुनक तुनक तुन'**

इसकी बीट्स, इनर्जी और दलेर के दबंग स्वर हर डिस्को में जान डाल देते हैं। मुझे पूरा विश्वास है कि हर व्यक्ति इसे पसंद करता होगा। इस गाने के प्रारंभ होते ही हर व्यक्ति के लिए अपने पैर स्थिर रखना कठिन हो जाता है।


**■ शान, बाबुल सुप्रियो और सागरिका तथा मेरा गाना क्यू फंक**

90 के दशक का ये पहला रिमिक्स गाना था और क्या गाना था। हर लोकप्रिय गायक अपनी विशेषता लिये इसमें आया था। स्टेज पर ये गाना तूफान ले आता था। इसी गाने से रिमिक्स का बोलबाला और बढ़ गया था।

**■ यो यो हनी सिंह और नेहा कक्कड़ का 'सैयां जी...'**

हनी सिंह एक मात्र ऐसे रैपर हैं जो प्रतिभा के संबंध में मेरे लिए कई प्रतिभाशाली गायकों से आगे हैं। उनके गाने में ऐसा कुछ होता ही नहीं है जो आपको अच्छा न लगे फिर बात चाहे उनके रवैये, प्रोडक्शन या फिर वीडियो या किसी और की ही क्यों न हो। ये गाना तो अविश्वसनीय कहा जा सकता है।

# अच्छी और हृदयस्पर्शी कहानी



**कंक्रीट काउ ब्वॉय**

**नेटफ्लिक्स**

**कलाकारः इदरीश एल्बा, कैलेब मैकलॉग्लिन, झैरेल जेरोम, बायरन बॉवर्स, लॉरेन टोसेंट**

**रेटिंग 6/10**

**इ**सका निर्देशन किया है रिकी स्टॉब ने और ये ग्रेग नेरी द्वारा लिखित उपन्यास 'घेटो काउब्वॉय की कहानी पर आधारित है। ये फिलाडेल्फिया पेसिंलवेनिया में फ्लेचर स्ट्रीट अर्बन राइडिंग क्लब तथा अफ्रीकन अमेरिकन हॉर्सराइडिंग कल्चर से जुड़ी है। हालांकि इसकी कहानी औसत भारतीय के गले नहीं उतरेगी लेकिन ये दिलीप कुमार और वैज्यंतीमाला की फिल्म नया दौर से कुछ समानता तो रखती है। जिसमें तांगेवालों की जीविका बस वाले छीन लेते हैं।

अच्छी बात ये है कि इन काउब्वॉय के इतिहास के बारे में पता न होने पर भी इदरीस एल्बा और दूसरे कलाकार अपने अभिनय के बल पर दर्शकों को प्रभावित करने में सफल रहते हैं जबकि अंत के बारे में तो लोगों को पता ही चल जाता है।

**फिल्म के चरमोत्कर्ष में इन लोगों द्वारा अपने काम के प्रति गर्व की भावना परिलक्षित करने के दृश्य अच्छे बन पड़े हैं।**

फिल्म की कहानी पश्चिमी न भी हो लेकिन इससे हमें अतीत के क्लब कल्चर आदि के बारे में पर्याप्त जानकारी उपलब्ध कराती है जो नगरीकरण की दौड़ में समाप्त होते चले गए। फिल्म के चरमोत्कर्ष में इन लोगों द्वारा अपने काम के प्रति गर्व की भावना परिलक्षित करने के दृश्य अच्छे बन पड़े हैं।

# प्रियंका चोपड़ा जोनस 2021 के बाफ्टा पुरस्कारों के प्रस्तुतकर्ताओं में शामिल



**लंदन।** फिल्म अभिनेत्री एवं निर्माता प्रियंका चोपड़ा जोनस को 74वें ब्रिटिश एकेडमी ऑफ फिल्म एंड टेलिविजन आर्ट्स (बाफ्टा) पुरस्कारों के लिए एक प्रस्तुतकर्ता के तौर पर चुने जाने की घोषणा की गई है।

कोरोना वायरस वैश्विक महामारी के कारण फरवरी में स्थगित हुए वार्षिक पुरस्कार समारोह का आयोजन यहां रॉबर्ट अल्बर्ट हॉल में 10 और 11 अप्रैल को होगा।

बाफ्टा ने बृहस्पितवार को घोषणा की कि प्रियंका चोपड़ा जोनस के अलावा प्रस्तुतकर्ताओं में फोएब डिनेवोर, चिवेटल एजियोफोर, सिंथिया एरिवो, ह्यूग ग्रांट, रिचर्ड ई ग्रांट, टॉम हिडलस्टन, फेलिसिटी जोन्स, गुगु एम्बाथा रॉ, जेम्स मैकएवोय, डेविड ओयलोवो और पेड्रो पास्कल शामिल हैं। फिल्म क्वांटिको की अभिनेत्री ने हाल ही में अपने पति एवं पॉप स्टार निक जोनस के साथ ऑस्कर में नामित होने की घोषणा की थी। प्रियंका चोपड़ा जोनस और लंदन के अन्य कलाकार प्रस्तुतकर्ताओं के अलावा लॉस एंजिलिस से रोज बायर्न, आंद्रा डे, अन्ना केंड्रिक और रेनी जेलवेगर अतिरिक्त प्रस्तुतकर्ताओं के तौर पर शामिल होंगे। अभिनेत्री की आखिरी फिल्म द व्हाइट टाइगर बाफ्टा में दो श्रेणियों में नामित है। इसमें सर्वश्रेष्ठ मुख्य कलाकार की श्रेणी में आदर्श गौरव का नाम और निर्देशक श्रेणी में रूपांतरित पटकथा के लिए रमीन बहरानी का नाम शामिल है।

# मीका सिंह ने कहा कि दिवंगत वाजिद ने उन्हें विशेष रूप से अक्षय कुमार के लिए गाना सिखाया!



**पिछले** तीन दशकों से टेलिविजन कॉन्टेन्ट को आकार देने में ज़ी टीवी सबसे आगे और एक ट्रेंड सेटर रहा है और फिर एक बार वे अपनी नॉन फिक्शन प्रॉपर्टी 'इंडियन प्रो म्युज़िक लीग' (आईपीएमएल) के साथ म्युज़िक रिऑलिटी शो का चेहरा बदलने के लिए तैय्यार है। खेलजगत में कई लीग प्रतियोगिता देखने मिलती हैं लेकिन इस खास म्युज़िक लीग में 6 टीम्स भारत के विभिन्न क्षेत्रों का नेतृत्व करते हुए म्युज़िकल चैम्पियनशिप में लड़ेंगी। इस हर टीम को बॉलीवूड और स्पोर्ट्स सेलेब्रिटी का नेतृत्व मिला है और टॉप पार्श्वगायक उनके कप्तान हैं। एक रिऑलिटी शो स्टार, एक ऑल राऊंडर और एक नये गायक का इन टीम में समावेश होगा। तीन रोमांचक इनिंग्स के बाद इस वीकेन्ड को सभी छः टीम्स के सुपर मैच के साथ चौथे इनिंग की शुरूआत हो रही है। जहां सभी टीमें 'इंडियन प्रो म्युज़िक' के आगामी एपिसोड में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं, वहीं सभी सितारे वाजिद खान की कुछ विशेष यादें साझा करेंगे जो आज हमारे साथ नहीं हैं। मीका ने वाजिद के साथ भी ऐसी ही एक याद साझा की। वाजिद ने उसे अक्षय कुमार की 'चिंता ता चिता चिता' पर नृत्य और गायन करना कैसे सिखाया इस बारे में पंजाब लायंस के कप्तान मीका सिंह ने कहा, हम 'चिंता ता चिता चिता' की रिकॉर्डिंग कर रहे थे और वाजिद की अपनी एक शैली थी। इसमें एक अंतरा है और मैं 'अरे क्या रंग रूप है, क्या चाल ढाल है' ठीक से गा नहीं पा रहा था। कम ही लोग जानते हैं लेकिन वाजिद एक बेहतरीन डांसर थे। उन्होंने उस धुन पर नृत्य किया और मुझे धुन और शब्दों को पकड़ने में मदद की।

साजिद वाजिद के गीतों पर सभी टीमों ने अद्भुत प्रस्तुतियां दीं। आप गुजरात रॉकर्स, बंगाल टाइगर्स, दिल्ली जैमर्स, मुंबई वारियर्स, यूपी दबंग और पंजाब लायंस के बीच की लड़ाई तो बिलकुल मिस नहीं कर सकते। हर कोई चौथा सुपर मैच जीतने की पूरी कोशिश करेगा।

## क्विक न्यूज

### शहीदों को कैंडल प्रज्ज्वलित कर दी भावांजलि



**डोंगरगांव नगर।** प्रदेश के सीमांत जिले बीजापुर के नक्सली घटना के शहीदों को श्रद्धांजलि का दौर जारी है। ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच रोशन बंजारे सहित ग्रामीणों ने आलीखूंटा के माटीपुत्र जगत कँवर सहित 22 शहीद जवानों को कैंडल प्रज्ज्वलित कर भावांजलि दी। शोकसभा में ग्रामीणजनों ने शहीद परिवारों के प्रति सहानुभूति जाहिर किया। उक्त अवसर पर लिखन साहू, किशोरी साहू, सेवन साहू, उत्तम साहू, कीर्तिवल्लभ, डेनिश, डोमन साहू, रूपेश बंजारे, भूपदास दास साहू, रितेश साहू के अलावा मोनू साहू, राजेश साहू ,संतोष साहू,लक्की सिन्हा, सुभम सिन्हा, लक्की साहू,सुमीत यादव, सोनू साहू, विवेक साहू, पुनीत साहू, एन कुमार, सुभम देवांगन, सागर साहू शामिल हुए।

### जिला अस्पताल की ओपीडी बंद, नहीं मिलेंगे डॉक्टर

**राजनांदगांव।** जिला अस्पताल प्रबंधन ने सामान्य बीमारियों के लिए अस्पताल की ओपीडी बंद कर दी है। आगामी आदेश तक यहां डॉक्टर सिर्फ आवश्यक और आपातकाल मामलों को ही देखेंगे। हालांकि अस्पताल की ओर से चिकित्सकों के मोबाईल नंबर जारी किए गए हैं जिनसे फोन पर संपर्क कर लोग परामर्श ले सकते हैं। कोविड संक्रमण की बढ़ती स्थिति को लेकर यह फैसला लिया गया है। दरअसल, कोविड संक्रमण की लहर के बीच सामान्य बीमारियों के लिए अस्पताल में भीड़ जमा हो जाती है। वहीं एक के साथ एक से अधिक परिजन की मौजूदगी भी इसका बड़ा कारण बनती है। ऐसी स्थिति में संक्रमण फैलने और बढ़ने की आशंकाए बढ़ जाती है। इसे देखते हुए प्रबंधन ने ओपीडी बंद करने का निर्णय लिया है। डॉक्टरों से फोन पर परामर्श के लिए दोपहर 12 से 2 बजे और शाम 5 से 6 बजे तक का वक्त तय किया गया है।

# कोविड से जूझ रहे युवा भी तोड़ रहे दम, नहीं मिल पा रहा वेंटिलेटर सपोर्ट

- **शनिवार को 4, रविवार की सुबह एक युवा की मौत**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



शनिवार को जिले में 978 संक्रमित मरीज मिले हैं। शनिवार को जिले में 13 मौतें दर्ज की गई। रविवार की सुबह राजनांदगांव निवासी 34 वर्षीय युवा व्यवसायी वैभव खोब्रागढ़ की भी कोरोना से मौत हो गई। बताया जाता है कि उन्हें एक निजी अस्पताल में उपचार के लिए दाखिल किया गया था लेकिन वेंटिलेटर की उपलब्धता न होने के चलते जान नहीं बचाई जा सकी। इस खबर ने शहर को सकते में डाल दिया। कोविड-19 अब न सिर्फ गंभीर बीमारियों से जूझ रहे और बुजुर्गों के लिए खतरा साबित हो रहा है बल्कि अब युवा भी इस संक्रमण के चलते दम तोड़ रहे हैं। बीते कुछ दिनों में 18 से 45 वर्ष की उम्र के मृतकों की संख्या बढ़ रही है। शनिवार को जिले में हुई 13 मौतों में 4 युवा शामिल थे। इनमें 18 वर्षीय युवती से लेकर 44 वर्षीय युवक की मौत कोविड से हुई। रविवार की सुबह जिस युवा व्यवसायी वैभव की मौत हुई उनकी भी उम्र 34 वर्ष ही थी। इससे पहले शंकरपुर में एक 11 वर्षीय बच्चे की कोविड से मौत की खबर भी सामने आ चुकी है।

कोविड का संक्रमण अब हावी हो रहा है। स्वास्थ्य अमला जिले में कोविड से मृत्यु दर, युवाओं में संक्रमण की दर का खुलासा नहीं कर रहा है। अगर यह आंकड़े सामने आते हैं तो स्थिति कितनी बेकाबू है यह साफ हो जाएगा। बड़ी तादाद में युवा कोरोना संक्रमित पाए जा रहे हैं। यह आंकड़े लापरवाही का नतीजा है जिसके नतीजे काफी बुरे साबित हो रहे हैं। लॉकडाऊन के बचे दिनों में इस वर्ग के ज्यादा से ज्यादा टेस्ट कराने से ही स्थिति पर काबू पाया जा सकता है।

**नाकाफी साबित हो रही व्यवस्थाएं-** संक्रमितों की बढ़ती तादाद के बीच उपचार की व्यवस्थाएं नाकाफी साबित हो रही है। पेंड्री स्थित 240 बिस्तर के शासकीय कोविड अस्पताल में मरीजों के लिए जगह नहीं बची है। यहां सिर्फ 11 ऐसे बेड हैं जिनमें मरीजों को वेंटिलेटर पर रखा जा सकता है। इसके अलावा यहां 186 ऑक्सीजन बेड, 40 आईसीयू बेड और 30 एचडीयू बेड उपलब्ध हैं। यहां 10 नए वेंटिलेटर्स आने को हैं और शायद यह सोमवार तक अस्पताल को उपलब्ध हो सकें। लेकिन सिर्फ 10 वेंटिलेटर्स भी मौजूदा वक्त में लोगों की जान बचाने के लिए नाकाफी ही समझ आते हैं।

### मेनपॉवर की कमी

जैसे जैसे सं  मितों की तादाद बढ़ रही है वेंटिलेटर सपोर्ट की जरुरत भी बढ़ रही है। ऐसे मरीज काफी तादाद में सामने आ रहे हैं जिन्हें वेंटिलेटर सपोर्ट चाहिए होता है लेकिन समय पर यह उपचार न मिल पाने की वजह से वे दम तोड़ रहे हैं। दूसरी ओर मेनपॉवर की कमी ने रीढ़ तोड़ रखी है। इसके चलते स्वास्थ्य प्रबंधन पर भी ग्रहण लग चुका है। अस्पताल में 120 बिस्तर और बढ़ाए जाने हैं। बाकी व्यवस्थाएं तो जुटा ली गई हैं लेकिन स्टॉफ की कमी के चलते यहां अभी मरीजों को दाखिल नहीं किया जा सकता।

### शासकीय, निजी अस्पतालों में बेड फुल

जिले में एक शासकीय कोविड अस्पताल के अलावा तीन निजी अस्पतालों में भी कोविड का ईलाज चल रहा है। जीवन रेखा, सिटी हॉस्पीटल और सुंदरा मल्टीस्पेशलिटी में भी कोरोना सं  मित मरीजों का उपचार किया जा रहा है लेकिन यहां भी नए मरीजों को जगह नहीं मिल पा रही है। हालात अब भी नहीं सुधरे हैं और मरीज अस्पतालों में दाखिले के लिए वेटिंग में हैं। रोजाना मरीजों के परिजन अस्पतालों के फेरे लगा रहे हैं। गौरतलब है कि तीनों अस्पताल को मिलाकर लगभग 130 बिस्तर निजी अस्पतालों में उपलब्ध करवाए गए हैं लेकिन पहले ही दिन से ये अस्पताल फुल हो चुके हैं।

# पुलिस मुस्तैद और शहर में सन्नाटा, चेक प्वाईंट पर जांच और पूछताछ जारी




- **वैक्सीनेशन और जांच कराने निकले लोगों से भी हो रही पूछताछ**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

पुलिस की मुस्तैदी और कड़ाई के बीच लॉकडाउन के दूसरे दिन रविवार को भी सड़क सूनसान रही। इस दौरान वैक्सीनेशन करवाने और जांच करवाने घरों से निकले लोगों से भी पूछताछ होती रही। पुलिस की गाड़ियां शहर के हर छोर तक गश्त करती रहीं। शहर की सीमाओं पर चेक प्वाईंट भी बनाए गए हैं जहां ई पास की जांच और पूछताछ जारी है। वहीं जिले की सीमाएं सील की जा चुकी हैं।

वैश्विक महामारी कोरोना से बेकाबू होते हालात पर काबू पाने के लिए शनिवार दोपहर से राजनांदगांव शहर समेत समूचे जिले को प्रशासन ने लॉक कर दिया है। इस लॉकडाउन के चलते शहर की सभी दुकानों के शटर बंद हो गए हैं। अप्रैल के पहले और दूसरे सप्ताह में कोरोना की बढ़ती रफ्तार को रोकने जिला प्रशासन ने जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया है। वहीं प्रतिदिन संक्रमितों और कोरोना से मौतों के आंकड़े बढ़ने से लोगों में दहशत का माहौल बना हुआ है।

लॉकडाउन के दौरान धारा 144 भी लागू है। लॉकडाउन के दूसरे दिन पुलिस टीम ईमाम चौक में प्वाईंट लगाकर लोगों से पूछताछ कर कार्रवाई भी कर रही है। इसके अलावा शहर के मानव मंदिर चौक, बसंतपुर चौक, नंदई चौक समेत अन्य चौक-चौराहों में पुलिस की टीम लॉकडाउन का पालन कराने निगरानी कर रही है।

# टेस्ट के लिए लग रही लंबी कतार, सोशल डिस्टेंस नहीं

- **लॉकडाऊन के बीच सेंटर तक पहुंच रहे जांच कराने**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



लोगों में कोविड-19 की जांच को लेकर जागरुकता देखने को मिल रही है। सबसे बड़ी तादाद में युवा सामने निकलकर आ रहे हैं। शहर के सभी कोरोना जांच केंद्रों में भीड़ देखी जा रही है। कोरोना की इस लहर ने कईयों को अपनी चपेट में लिया है। स्वास्थ्य विभाग लोगों से अपील कर रहा है कि समय रहते जल्द से जल्द लोग अपनी जांच कराएं ताकि समय पर उन्हें उपचार मुहैया कराया जा सके।

गांधी सभा गृह में कोरोना जांच के लिए लंबी कतार देखने को मिली। दिन के वक्त शहर में दो स्थानों पर जांच की सुविधाएं हैं। इसके अलावा मोबाईल वैन के सहारे भी मोहल्लों और घर तक पहुंचकर कोरोना टेस्ट किया जा रहा है। शाम 6.30 बजे से दिग्विजय स्टेडियम में कोरोना जांच जारी है। दिग्विजय स्टेडियम में जांच के लिए स्टॉफ और सुविधाएं भी बढ़ाई गई है। इसके अलावा यहां पुलिस जवानों की भी तैनाती की गई है। देर शाम से सुबह तक दिग्विजय स्टेडियम में कोविड टेस्ट के लिए लंबी कतार रहती है। यह सेंटर देर रात अस्पताल दाखिल करने लाई गई गर्भवती महिलाओं की जांच के लिए भी इकलौता है। आशंका थी कि लोग लॉकडाऊन के दौरान जांच के लिए सेंटर तक पहुंचेंगे या नहीं लेकिन तस्वीर साफ है। हल्के लक्षण और संक्रमितों के संपर्क में आने के बाद लोग जांच के लिए पहुंच रहे है। इनमें युवाओं की तादात ज्यादा है।

### यहां डिस्टेंस नहीं बन पा रहा

जांच केंद्रों में जितनी भीड़ उमड़ रही है उसे देखते हुए यहां व्यवस्था दुरुस्त नहीं दिखाई देती। जांच कराने आए लोगों के बीच सोशल डिस्टेंसिंग नहीं है। कतार में बच्चों से लेकर बूढ़े तक शामिल है। इस माहौल में जांच कराने पहुंचे लोगों के बीच आशंकाएं और डर और बढ़ जाता है। जांच केंद्रों में लोगों के बीच दूरी बनाए रखने के लिए बेहतर व्यवस्था की जरुरत है।

# जिला साहू संघ प्रारंभ करेगा एम्बुलेन्स सेवा

पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com




जिला साहू संघ राजनांदगाँव द्वारा अतिशीघ्र एम्बुलेंस सेवा प्रारंभ होगा। समाज द्वारा पूर्व में लिए गए निर्णय मुताबिक सामजिकजनों ने एम्बुलेंस हेतु नई वाहन क्रय की है। जिला पदाधिकारियों ने नई वाहन की चाबी कर्मा जयंती के अवसर पर कम्पनी से प्राप्त की। वाहन को एम्बुलेंस बतौर सुविधाजक बनाए जाने की तैयारी की है। आगामी दिनों आमजनों की सेवा में जिला साहू संघ का एम्बुलेंस हाजिर होगा

जिला महामंत्री अमरनाथ साहू ने दैनिक पायनियर को आधिकारिक तौर पर बताया कि कोरोना के बढते संक्रमण को देखते हुए जिला साहू संघ के दिशा निर्देश पर साहू समाज ने गत 7 अप्रैल को कर्मा जयंती पूर्ण श्रद्धा भक्ति के साथ अपने अपने घरों में परिवार के साथ  पूजा अर्चना व दीप जलाकर सादगीपूर्ण ढंग से मनाया। इस अवसर पर मां कर्मा के मंदिर में पूजा अर्चना की गई। तद्पश्चात खिचड़ी प्रसादी का वितरण किया गया। कर्मा जयंती अवसर पर जिलाध्यक्ष कमल किशोर साहू, संरक्षक डॉ निरेन्द्र साहू, महामंत्री अमरनाथ साहू, कोषाध्यक्ष विवेक साहू, उपाध्यक्ष डीडी साहू, नीरा साहू, अंजू पूरन साहू,  संगठन सचिव हेमंत साहू, उपकोषाध्यक्ष भुवाल साहू, अंकेक्षक अंजोर सिंह साहू, श्रीमती गीता साहू, मदन साहू, हेमंत साहू, बीडी साहू, डिकेश साहू, नरेश गंजीर, भरत साहू सहित प्रमुख पदाधिकारी उपस्थित थे।

# मुनाफा बटोरने की चाल, रियासत की जमीन पर प्रमोटर-बिल्डर की सेंध की तैयारी

- **शहर के अंदरुनी हिस्सों में भी बड़े निर्माण किए जाएंगे लेकिन फायदा बिल्डर को होगा**
- **न्यास पदाधिकारी के सुपुत्र बिल्डर फर्म में भागीदार हैं!**

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

स्व. रानी सूर्यमुखी देवी राजगामी संपदा न्यास की विरासत पर सेंध लग रही है। न्यास का राजस्व बढ़ाए जाने की आड़ में रियासत की जमीन को निजी हाथों में देने की तैयारी है। इसका फायदा शहर के नामी बिल्डर को मिलने वाला है जिसके साथ न्यास में नियुक्त एक नेता के सुपुत्र की भागीदारी है। बीते 27 फरवरी को राजगामी संपदा न्यास की साधारण सभा बैठक में व्यवसायिक निर्माण किए जाने के लिए बिल्डर/प्रमोटर को अधिकृत किए जाने के निर्णय पर प्रस्ताव पारित भी कर दिया गया।

न्यास ने अगस्त महिने में गौरवपथ पर मौजूद पांच एकड़ भूमि में राजीव गांधी व्यवसायिक परिसर के निर्माण का भूमिपूजन करवाया था। यहां पहले ऑक्सीजोन बनाने की पहल की जा रही थी। शुरुआती दौर में न्यास के पदाधिकारी भी इसे लेकर सहमत थे लेकिन अचानक ही चीज़ें बदल गईं। यहां व्यवसायिक परिसर का निर्माण कर राजस्व बढ़ाने की सोच सामने रखी गई। असल कारण यहां व्यवसायिक परिसर के निर्माण के साथ ही बिल्डर/प्रमोटर पॉलिसी के साथ मुनाफा बनाना था।

अब खबर है कि शहर के कुछ अंदरुनी हिस्से में भी राजगामी व्यवसायिक परिसरों के निर्माण की तैयारी कर रहा है। लेकिन, इससे राजगामी को मुनाफा कम और प्रमोटर/बिल्डर को फायदा ज्यादा दिख रहा है। दरअसल, एक तरह से यह कीमती जमीन बिल्डर को लीज पर मिल जाएगी। वे यहां दुकानें बनाएंगे और अपने मुताबिक उसे बेचेंगे। एक तय रकम ही न्यास को मिल सकेगी। जबकि शहर के भीतर ऐसी दुकानों की खुली नीलामी से एक बार में ही राजगामी काफी बड़ा राजस्व जुटा सकती है। सवाल यही है कि अगर राजगामी को राजस्व की चिंता है तो वह प्रमोटर/बिल्डर पॉलिसी को बढ़ावा क्यूं दे रही है क्या इसके पीछे कारण सिर्फ यही है कि इस फैसले से न्यास के पदाधिकारी के सुपुत्र की भागीदारी वाली बिल्डर फर्म को फायदा पहुंचाया जा सके। अंदरखाने से निकलकर सामने आने वाले तथ्य यही बताते हैं कि न्यास की यह योजना राजस्व जुटाने या बढ़ाने की कम और इसकी आड़ में खुद मुनाफा बटोरने की ज्यादा है। पर्दे के पीछे इसे लेकर बड़े सौदे की खबर है। राजगामी संपदा न्यास के अध्यक्ष विवेक वासनिक स्वीकार करते हैं कि न्यास की जमीनों पर व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जाना है और ऐसा जमीन को प्रमोटर / बिल्डर को हस्तांतरीत कर किया जाएगा, यह लीज पर होगी। उन्होंने यह भी बताया कि इस संबंध में ही पिछले महिने उन्होंने महाधिवक्ता से मुलाकात कर मशविरा लिया था। वासनिक कहते हैं कि जगहें काफी है लेकिन पार्क बनाने से राजगामी को कोई फायदा नहीं मिलने वाला। उन्होंने कहा कि न्यास के पास इतनी राशि नहीं है कि वह यह निर्माण स्वयं कर सके।

### महाधिवक्ता से व्यक्तिगत मुलाकात

27 फरवरी को साधारण बैठक में व्यवसायिक परिसरों के निर्माण संबंधित प्रस्ताव पारित होने के बाद अध्यक्ष वासनिक ने बिलासपुर में महाधिवक्ता सतीश चंद्र वर्मा से मुलाकात की। वासनिक कहते हैं कि इससे संबंध में उन्हें ऊपर से आदेश मिला था लेकिन यह आदेश किसने दिया था इसकी जानकारी वह नहीं देते। वहीं इस संबंध में न्यास की किसी भी बैठक में किसी तरह की अनुशंसा न किए जाने की खबर है। खबर यह भी है कि राजगामी के कई सदस्यों को यह जानकारी भी नहीं थी कि वासनिक महाधिवक्ता से मिलने वाले हैं। महाधिवक्ता से राय-मशविरा लेने के संबंध में आदेश-निर्देश से संबंधित कोई भी दस्तावेज न्यास के पास नहीं है। दूसरी ओर न्यास की ओर से अगर महाधिवक्ता से मार्गदर्शन की आवश्यकता होती तो इसके लिए कागजी कार्रवाई की जानी चाहिए थी लेकिन ऐसा नहीं हुआ और अध्यक्ष वासनिक ने उनसे व्यक्ति गत मुलाकात की। बताया जा रहा है कि अब इस मुलाकात के लिए न्यास के पेटे से एक बड़ा भुगतान महाधिवक्ता को किया जाना शेष है।

# भाजयुमो अध्यक्ष मोनू की पहल पर पूर्व सीएम डॉ. रमन ने मुहैया कराए ऑक्सीजन सिलेंडर

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com




जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर सिंह की पहल पर पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह ने 15 ऑक्सीजन सिलेंडर मुहैया कराएं हैं। यह ऑक्सीजन सिलेंडर उन कोविड मरीजों को निःशुल्क उपलब्ध करवाएं जाएंगे जिन्हें सांस लेने संबंधी समस्या आ रही है। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू पहले से ही कोविड मरीजों की मदद के लिए ऑक्सीजन मशीन उपलब्ध करवाते रहे। उन्होंने कहा कि, पिछले कुछ दिनों में हालात बिगड़े हैं और लोगों को ऑक्सीजन की और भी ज्यादा जरुरत है। ऐसे में उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह से अपील की थी कि वे मरीजों के लिए ऑक्सीजन सिलेंडर उपलब्ध करवा दें जिनसे उन्हें इसका निःशुल्क फायदा मिल सके। जिला भाजयुमो अध्यक्ष मोनू बहादुर ने बताया कि पूर्व सीएम डॉ. रमन सिंह ने 15 ऑक्सीजन सिलेंडर भेजे हैं। यह सिलेंडर वीआईपी रोड, महेश नगर स्थित विधायक कार्यालय में उपलब्ध हैं। यह सिलेंडर उन मरीजों को उपलब्ध कराएं जा रहे हैं जिन्हें सांस लेने में समस्या आ रही है। होम आईसोलेशन और कोविड सेंटर में भी यह सिलेंडर पहुंचाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि जिन्हें इसकी जरुरत है मधुसूदन यादव से मोबाईल नंबर 9827185635, अतुल रायजादा -8770956600, तरुण लहरवानी से 700002300, किशुन यदु से 9407732333 पर और मोनू बहादुर सिंह से 9589283206 इस नंबर पर सम्पर्क कर सकते हैं। मोनू ने कहा कि मौजूदा हालात बेकाबू हैं और लगातार कोविड-19 संक्रमण का दायरा बढ़ता जा रहा है और मौत के आंकड़े भी बढ़ रहे हैं। दुःखद है कि युवा वर्ग भी इस संक्रमण से बच नहीं पा रहा है और असमय ही मौत हो रही है। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए जरुरी है कि वे कोविड प्रोटोकॉल का पालन करें और घर पर ही रहें। उन्होंने कहा कि बीते वक्त में संक्रमण जिस हक तक फैल चुका है उसे संभालने में काफी वक्त लग सकता है। ऐसे में खुद का बचाव ही पहला और सबसे जरुरी उपाय है।

**देर शाम तक चलती रही बैठक, कलेक्टर, सीएमओ रहे मौजूद**

# इंडोर स्टेडियम और साई हॉस्टल को कोविड सेंटर बनाने की तैयारी

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com



प्रशासन के लिए कोविड-19 संक्रमण संभालना चुनौती साबित हो रहा है। इस बीच खबर आ रही है कि प्रशासनिक और स्वास्थ्य अमला मिलकर दिग्विजय स्टेडियम स्थित इंडोर स्टेडियम और साई हॉस्टल को कोविड केयर सेंटर बनाने की तैयारियां कर रहा है। मरीजों की बढ़ती तादाद के बीच अब हालात यहां तक पहुंच चुके हैं कि मरीजों को रखने के लिए अतिरिक्त जगह की जरुरत पड़ने लगी है। न सिर्फ शहर बल्कि जिले के सभी हिस्सों में मरीज बढ़ रहे हैं। ब्लॉक में बनाए गए कोविड सेंटर में मरीजों के लिए पर्याप्त जगह नहीं बची है ऐसे में उन्हें कहीं और स्थानांतरित करने जरुरी है। इस स्थिति को देखते हुए अतिरिक्त कोविड सेंटर बनाने की तैयारी किए जाने की खबर है। देर शाम तक स्टेडियम में कलेक्टर टीके वर्मा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी, एसडीएम मुकेश रावटे सहित अन्य प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक चलती रही।

जानकारी के मुताबिक नए कोविड सेंटर बनाने को लेकर रविवार की सुबह से ही प्रशासनिक और स्वास्थ्य अमले में चर्चा चलती रही। बताया गया कि देर शाम तक इस संबंध में साई हॉस्टल और इंडोर स्टेडियम का निरीक्षण कर जायजा लिया गया। इस संबंध में जल्दी ही आदेश जारी होने की संभावनाएं हैं। समझा जा रहा है कि यहां कम से कम 150 बिस्तरों का कोविड सेंटर शुरु किया जा सकता है। इससे पहले मेनपॉवर की कमी दूर करना स्वास्थ्य विभाग के लिए पहली चुनौती होगी। मौजूदा वक्त में स्वास्थ्य अमला स्टॉफ की कमी से जूझ रहा है। सरकार ने संविदा भर्ती की मंजूरी तो दे दी है लेकिन इसके तहत कितने पदों पर कितनों की भर्ती हो रही है या हो सकेगी यह तस्वीर अभी साफ नहीं है।

### दो दिनों में 50 से ज्यादा मरीज भर्ती

विजय शांति सेवा समिति द्वारा उदयाचल में शुरु किए गए कोविड केयर सेंटर में दो दिनों में ही 50 से अधिक मरीज दाखिल हो चुके हैं। समिति के भावेश बैद ने बताया कि यहां 150 बिस्तरों की निःशुल्क व्यवस्था है। वहीं आपातकाल के लिए यहां 4 ऑक्सीजन बेड भी रखे गए हैं। गौरतलब है कि पूर्व में भी विजय शांति सेवा समिति ने यहां कोविड केयर का संचालन किया था। उस दौरान काफी मरीजों को यहां रखा गया था। यहां कोविड मरीजों को निःशुल्क सुविधाएं उपलब्ध करवाई जा रही है।

### 120 से ज्यादा बिस्तरों का कोविड सेंटर तैयार कर रहा आईबी ग्रुप

जिले की सबसे बड़ी औद्योगिक संस्था आईबी ग्ररुप भी ग्राम इंदामरा में 120 से अधिक बिस्तरों का कोविड केयर सेंटर शुरु करने जा रहा है। आईबी ग्ररुप की ओर से अंजुम अल्वी ने बताया कि कोविड केयर सेंटर की लगभग 90 प्रतिशत तैयारियां पूरी कर ली गई है। हमने ऑक्सीजन सिलेंडर भी मंगाए हैं और अब बस कुछ ही तैयारियां बची है। उन्होंने कहा कि सोमवार या मंगलवार के बाद से हम यह सेंटर शुरु कर देंगे। उन्होंने बताया कि सेंटर के लिए अजीज इंग्लिश मिडियम स्कूल के नए भवन में बिस्तर लगाए गए हैं और यहां मरीजों को सारी सुविधाएं निःशुल्क उपलब्ध करवाई जाएंगी।

# मार्केट में मंडी उपनिरीक्षक का बैग पार




पायनियर संवाददाता < डोंगरगांव नगर
www.dailypioneer.com

नगर में लॉकडाउन के पूर्व मार्केट में दिनदहाड़े चोरी की वारदात हो गई। सूत्रों की माने तो कृषि उपज मंडी उपनिरीक्षक टीआर साहू  डोंगरगांव नगर के मार्केट में बाईक पार्किंग कर लेनदेन में व्यस्त थे। इसी दरम्यान बाईक की डिग्गी में रखे काले रंग का बैग पार हो गया। बैग में डोंगरगांव कृषि उपज मंडी के मण्डी शुल्क रसीद बुक सहित कागजात थे। उपनिरीक्षक ने पुलिस में एफआईआर के लिए शिकायत दर्ज कराई है। आधिकारिक तौर पर जानकारी मुताबिक मण्डी उपनिरीक्षक की बाईक के डिग्गी से चोरी हुए बैग में मण्डी शुल्क रसीद बुक व निराश्रित रसीद बुक थी। मण्डी शुल्क रसीद बुक क्रमांक 85 में 1 से 12 तक रसीद कटा है, 13 से 100 तक रिक्त है। वहीं निराश्रित बुक में 1 से 8 तक रसीद कटा है, 9 से 100 तक रिक्त है। इसके अलावा 5 हजार नकद राशि थी। उपनिरीक्षक के पेनकार्ड, आधार कार्ड व एटीएम सहित अन्य आवश्यक कागजात चोरी हो जाने की शिकायत कर एफआईआर के लिये शिकायत की गई है। बहरहाल पुलिस ने एफआईआर दर्ज नही की है।

## क्विक न्यूज

### वार्ड पार्षद ने अपने वार्ड के एक एक घर को सैनिटाइज किया



**बिलासपुर।** वार्ड नं. 20 भक्त कंवरराम नगर वार्ड के पार्षद विजय यादव ने आज अपने खर्चे पर अपने वार्ड के एक एक घर को किया सैनिटाइज सुबह 6 बजे जब पूरे वार्ड के नागरिक अपने घरों में चैन की नींद सो रहे थे , तब पार्षद विजय यादव को चिंता सता रही थी अपने वार्ड और वहां रहने वाले नागरिकों की उनकी सुरक्षा उनके परिवारों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुवे उन्होंने सुबह 6 बजे से स्वयं के खर्च पर सैनिटाइजर की व्यवस्था की और बड़ी पानी टंकी में घोल तैयार कर किराए का एक ऑटो लेकर उसमें सवार होकर निकल पड़े गली गली मोहल्ले मोहल्ले , ताकि जिस भरोसे से वार्ड के नागरिकों ने उन्हें वार्ड की और अपनी जिम्मेदारी दी है उस पर वी खरे उतरे सकें। सुबह 6 से लेकर 12 बजे तक लगातार हर दरवाजे तक पहुंच कर लोगों से गाइडलाइंस का पालन करने का अनुरोध भी उनके द्वारा किया गया। उनके इस कार्य की वजह से पूरे वार्ड में उनकी भूरी भूरी प्रशंसा हो रही है ! अगर इसी जज्बे के साथ शहर के सभी वार्डों के पार्षद और जनप्रतिनिधि काम करने जुट जाएं तो कोरोना के खिलाफ जारी इस जंग में हम सबकी जीत पक्की है ! उनके इस कार्य मे बिलासपुर की सामाजिक संस्था जज्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के संयोजक संजय मतलानी का भी सहयोग शामिल था।

# कोरोना का कहर जिले में कहर बरपाने लगा

पायनियर संवाददाता ✓ मुंगेली
www.dailypioneer.com



कोरोना का कहर अब जिले में कहर बरपाने लगा है, लगातार 4 दिनों हमें ही संक्रमितों का आंकड़ा प्रतिदिन 150 से 200 तक पहुचने लगा है, त्यौवहार एवं सादी के साथ साथ का सीजन होने के के कारण बाजारो में जहां षासन के आदेषो की खुली अवहेलना की जा रही है वही प्रषासन इससे बचाव के लिए जुगत बिठाने में लगा हुआ है। आस पास के जिलो में लाकडाउन की घोषणा के बाद जिले में भी लाकडाउन की तैयारियों में व्यापारी जुट गये है और लगातार खाद्यपदार्थों के साथ साथ टुबैंको, सब्जियों के मूल्यों में लगातार वृद्धि हो रही है। सीमित संसाधनो में प्रषासन जहां कोरोना से निपटने लगातार प्रयास कर रहा है वही दुसरी ओर जागरूक नागरिक प्रषासन के नियमो की खुले आम धज्जी उडा रहे है जिससे प्रषासन कोरोने से निपटने बैकफुट पर नजर आ रहा है।

13 अप्रैल से नवरात्र की होगी शुरूआत - 13 अप्रैल से नवरात्र पर्व की शुरूवात हो रही है, जिसको लेकर भक्तो के मन में संषय बरकरार है कि बिते वर्ष की तरह इस इस वर्ष भी नवरात्र में ज्योति कलष की स्थापना हो पायेगी या नही, दुसरी तरफ रामनवमी के दिन होने वाली शादियो की तैयारियो में लोगो का बाजारा में निकलना प्रषासनिक चिंता का विषय बनता जा रहा है। ज्वेलर्स, कपडा दुकानो, सहित बाजारो में निकली भीड कही एक बार फिर बडी संख्या में कोरोना विस्फोट का कारण न बन जाये ।

शुरू होने लगी जमाखोरी - लगातार बढते कोरोनो संक्रमण के मालमो के बीच जहां दुसरी जिलो में लाकडॉउन की घोषणा की जा चुकी है, रायपुर, दुर्ग, राजनांदगांव सहित जिले के समिपस्थ बिलासपुर जिले में भी 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक लाकडाउन की घोषणा के बाद अब जिले के व्यापारियों को संभावित लाकडाउन का अंदेषा होने लगा है, जिसको देखते हुए व्यायपारियों द्वारा जमाखोरी प्रारंभ की जा चुकी है, दुकानो से कई समान गायब होने लगे है इन दिनों राष्न समाने के साथ साथ टुबैको प्रोडक्ट सहित अन्य समानो की किमतो में ईजाफा देखा जा रहा है,

**सहीं परिचय के अभाव में प्रभावित होता जांच** - प्रशासन के सबसे बडी चुनौति लोगो के टेऊसिंग की बनती जा रही है , जांच के दौरान लोगो द्वारा सही जानकारी उपल्ब्ध नही कराने के करण लोगो तक पहुचने परेषानिया हो रही है, जिसके चलते स्वास्थ्य विभाग द्वारा लोगो से सही जानकारी प्रदान करने की अपील की जा रही है। ताकि होने वाली असुविधाओं से बचा जा सके।

> व्यापारियों द्वारा अत्यावष्यक समानों की जमाखोरी करने वालो को प्रशासन द्वारा समझाईश देने के बाद भी अगर व्यापारियों द्वारा निर्धारित दर से अधिक मूल्य में समानों की बिक्री की जाती है तो उनके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी।
>
> **पी एस एल्मा जिला कलेक्टर मुंगेली**

# 2 साल का अमान को प्लेटलेट्स भारी कमी





■ **पिता ने मदद की गुहार लगाने के बाद जज्बा न डोनर की व्यवस्था की**

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

सिर्फ 2 साल का अमान अंसारी एक अजीब सी ब्लड की बीमारी से जूझ रहा है आज इस मासूम के शरीर मे फिर से प्लेटलेट्स की भारी कमी हो गई और जांच में केवल 5000 प्लेटलेट्स पाए गए, जो कि बेहद खतरनाक स्थिति है किसी भी इंसान के लिए चाहे कोई युवा ही क्यों ना हो इतने कम प्लेटलेट्स उसकी भी जिंदगी को खतरे में डाल सकते हैं ऐसे में उसके पिता और परिवार ने बहोत कोशिश की डोनर ढूंढने की , मगर सफलता हाथ नहीं लगी। बच्चे के पिता ने बिलासपुर की टीम जज्बा से सम्पर्क किया और उनसे मदद मांगी , क्योंकि पिछली बार भी इस बच्चे के लिए यही संस्था आगे आई थी और रात 1 बजे इस बच्चे के लिए डोनर की व्यवस्था की थी। टीम जज्बा एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी के संयोजक संजय मतलानी जिनके पास हमेशा रेयर डोनर्स की लिस्ट उपलब्ध रहती है द्वारा तत्काल कुछ डोनर्स से संपर्क किया गया । जिसमे से कुछ का टेस्ट करने पर उन्हें असक्षम पाया गया प्लेटलेट्स डोनेशन के लिए ! पिछली बार की ही तरह इस बार भी छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय के अधिवक्ता ने आगे आकर प्लेटलेट्स डोनेट करने की इच्छा जाहिर की कोरोना माहामारी के माहौल में जहाँ लोग स्वयं बाहर निकलने अस्पताल इलाज के नाम तक से डर रहे हैं , घर वाले तक पाबंदियां लगा रहे हैं।

# अब बिलासपुर भी संपूर्ण लॉकडाउन के कब्जे में

■ **कलेक्टर ने जारी किया आदेश , 14 अप्रैल से 21 अप्रैल तक अत्यावश्यक सेवाओं को छोड़ सब कुछ बंद रहेगा**

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



बिलासपुर में आगामी 14 से 21 अप्रैल तक सम्पूर्ण लॉकडाउन लगाने कलेक्टर सारांश मित्तर ने आदेश जारी कर दिया है । आदेश 14 अप्रैल सुबह 6 बजे से 21 अप्रैल रात 12 बजे तक प्रभावशील रहेगा ।इस अवधि तक बिलासपुर को कंटेनमेंट जोन घोषित किया गया है । इस दौरान बिलासपुर जिले की सभी सीमाएं पूरी तरह सील रहेंगी। असल में प्रदेश के साथ बिलासपुर की स्थिति भी लगातार बिगड़ती जा रही है । शनिवार को अधिकृत रूप से बिलासपुर में 897 नए मामलों की पुष्टि हुई तो वहीं 8 लोगों ने कोरोना के चलते अपने प्राण गंवा दिए। प्रदेश के कई जिलों में लॉकडाउन लगा दिए गए हैं जहां कोविड के मामले बिलासपुर से कम है लेकिन बिलासपुर में लॉकडाउन पर फैसला नहीं लिया जा रहा था और लोगों की उत्सुकता बढ़ती जा रही थी मगर देर सबेर सम्पूर्ण लाक डाउन प्रभावशील हो जाने की उम्मीद हो चली थी । आज रविवार अवकाश होने के बाद भी कलेक्टर ने लाक डाउन का आदेश जारी किया वैसे , विधायक शैलेश पांडे ने भी मुख्यमंत्री से इस संबंध में चर्चा कर कलेक्टर को बिलासपुर में लॉकडाउन लगाने निर्देशित करने का आग्रह किया था तो कांग्रेस संगठन के नेता महापौर ,शहर अध्यक्ष कांग्रेस के प्रदेश प्रवक्ता भी कलेक्टर से मिलकर लाक डाउन लगाने के संबंध में चर्चा की उसके उपरांत लाक डाउन का आदेश जारी हो गया । बिलासपुर में भी अब 14 से 21 अपील तक पूर्ण तालाबंदी रहेगी इस बार बैंक भी नही खुलेंगे । इस बार का लॉकडाउन पहले से कहीं अधिक सख्त होगा। पेट्रोल पंप, स्वास्थ्य सेवा मेडिकल स्टोर को छोड़कर सभी संस्थान बंद रहेंगे। केवल अति आवश्यक सेवाओं से जुड़े लोगों को ही पेट्रोल पंप पर पेट्रोल प्रदान किया जाएगा, तो वही मेडिकल स्टोर और दूध विक्रेताओं को इससे सशर्त छूट दी गई है। हालांकि दूध प्रदान करने का समय निश्चित किया गया है। पेट्रोल पंप पर इस दौरान सिर्फ सरकारी सेवा, एंबुलेंस, पुलिस वाहन आपात सेवा, इमरजेंसी सेवा से जुड़े लोगों को पहचान पत्र दिखाने पर ही पेट्रोल दिया जाएगा। इस दौरान सभी व्यवसायिक संस्थान, सब्जी दुकान बंद रहेंगे। जिले में अफसरों को लॉकडाउन में सख्ती बरतने के निर्देश दिए गए हैं। हालांकि नगरीय निकाय सीमा के बाहर मौजूद ऑटो मोबाइल रिपेयर शॉप गैरेज पंचर दुकान ढाबा रेस्टोरेंट की दुकाने पूर्व की तरह संचालित होंगी। दूध न्यूज़पेपर हाकर सुबह 6ः00 बजे से 8ः00 बजे तक और शाम 5ः00 बजे से 6ः30 बजे तक अपना कार्य कर सकेंगे इस दौरान पशु चारा की दुकानें सुबह 6ः00 बजे से 8ः00 बजे तक और शाम 5ः00 बजे से 6ः30 बजे तक खोलने की अनुमति है। गैस सिलेंडर की सेवा टेलिफोनिक और घर पहुंच सेवा रहेंगी ।आपात यात्रा की स्थिति में चार पहिया वाहनों में ड्राइवर सहित अधिकतम चार ऑटो में तीन और दो पहिया वाहन में अधिकतम दो व्यक्तियों को यात्रा की अनुमति होगी इस दौरान सभी धार्मिक सांस्कृतिक और पर्यटन केंद्र पूरी तरह बंद रहेंगे वैवाहिक आयोजन केवल वधु के घर में आयोजित हो सकते हैं उसमें भी अधिकतम 20 लोग ही शामिल हो सकते हैं।

# मुख्यमंत्री की मंशानुरूप गौठानों को बनाना है स्वावलंबी : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता ✓ रायगढ़
www.dailypioneer.com



कलेक्टर भीम सिंह शनिवार को कलेक्टर बंगले से वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से गोठान समूह में कार्यरत महिलाओं का हालचाल जाना एवं उनसे चर्चा की। उन्होंने कहा कि आज हम सभी संकल्प ले की गोधन योजना के सफल क्रियान्वयन के लिये हम सभी अपना पूरा प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशानुरूप हमें गौठानों को स्वावलंबी बनाना है। इस मौके पर प्रथम चरण के 212 गौठानों से लगभग 3 हजार महिलायें ऑनलाईन के माध्यम से जुड़ी हुई थी। इस दौरान कलेक्टर भीम ने गोठानों में चल रही एक्टिविटी, गोठानों में गोबर खरीदी, कम्पोस्ट निर्माण तथा विक्रय एवं उससे होने वाली आय के संबंध में जानकारी ली। उन्होंने महिलाओं से उनके गोठानों से किसानों द्वारा की जा रही वर्मी खाद की खरीदी के साथ गोठानों में समूहों द्वारा की जा रही अन्य गतिविधियों के संबंध में भी जानकारी ली।

**लोईंग महालक्ष्मी स्व-सहायता समूह की हुई तारीफ**- कलेक्टर भीम सिंह ने रायगढ़ विकासखण्ड के ग्राम-लोईंग की महालक्ष्मी स्व-सहायता समूह को लक्ष्य के अनुरूप बढिय़ा काम करने पर तारीफ की और उन्हें बधाई दी। समूह की महिलाओं ने बताया कि अभी तक हम 113 क्विंटल खाद बेच चुके हैं। जिसका भुगतान भी हमें मिल चुका है। साथ ही हम सभी समूह की महिलायें यहां पर आलू, टमाटर, भिण्डी, मखना एवं अन्य हरी सब्जी भी उगाये है।

# चाकूबाजों का कहर, 12 दिन में 2 मर्डर

## एडिशनल एसपी के भाई पर भी हो चुका हमला जब तक घर के सभी सदस्य नहीं लौटते परिजन रह रहे बेचैन

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com

लगातार हो रही चाकूबाजी की घटना ने शहर के कानून व्यवस्था की कलाई खोलकर रख दी। जिम्मेदारों की कमजोरी का ये नतीजा रहा कि चाकुबाजों ने एडिशनल एसपी के भाई को तक गोद डाला। इसके बाद गांधी चौक और कुदुदंड में एक के बाद एक बारह दिन में दो मर्डर हो गए। क्या वजह है ऐसा हो क्यों रहा है, क्यो इतने सालों बाद अचानक चाकूबाजी का दौर फिर कैसे आ गया। इसकी मुख्य वजह नशे और ऑनलाइन का ब?ता चलन है।

आधी रात को शहर में जरूरत प?ने पर दूध मिले न मिले शराब, गांजे से लेकर मेडिकल नशा तक सुलभ है। एक नही शहर के हर इलाके में नशे के कई- कई सौदागर हो गए है। ऊपर मंजिल पर सामान है नीचे निगरानी और झोले से आर्डर उतरता है। आला अफसर कह रहे जुआ, सट्टा और नशे कारोबारियों पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सख्तकदम उठाए जा रहे कार्रवाई हो रही पर हकीकत क्या है, सब जाहिर है नशे के शुरुर में घटनाएं हो रही है।

सवाल यह भी उठ रहा कि ये स्टाइलिश चाकू आ कहा से रहे। पिछले दिनों इस बात का खुलासा हुआ कि चाकू ऑनलाइन आ रहा है। इसी शहर में भी? भरे पुराने बस स्टैंड में पार्सल बमकांड हो चुका है। ऐसा है तो ऑनलाइन में विस्फफोटक भी आ सकता है, क्या इस गोरखधंधे को रोकने पुलिस प्रशासन के पास कोई ठोस कार्ययोजना है। लगातार हो रही इस तरह की घटनाओं ने शहरवासियों को चिंता में डाल दिया है। किसी के परिवार का कमाऊ मुखिया तो किसी परिवार के बेटे-बेटियां जब तक सुरक्षित घर वापस नही आ जाते लोग चिंतित रहने लगे है।

> मुझे इस संबंध में कोई आइडिया नहीं है। एसपी साहेब ही कुछ बता पाएंगे।
>
> **-उमेश कश्यप**
> एडिशनल एसपी

# लोगों की परेशानी और कालाबाजारी रोकने, कांग्रेस के प्रतिनिधि मंडल ने कलेक्टर से की लॉकडाउन एक दिन बढ़ाने की सिफारिश

पायनियर संवाददाता ✓ बिलासपुर
www.dailypioneer.com



कांग्रेस का प्रतिनिधि मंडल आज जिला कलेक्टर से मुलाकात की , प्रतिनिधि मंडल में शहर अध्यक्ष प्रमोद नायक, महापौर राम शरण यादव, ि?ला पंचायत अध्यक्ष अरुण सिंह चौहान, प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय , सभापति शेख नजीरुद्दीन थे । प्रतिनिधि मंडल ने कोविड 19 के द्वितीय स्प्रेड से उत्पन्न स्थिति पर चर्चा की और ि?लाधीश महोदय से मांग की कि शीघ्र एहितयात के तौर पर कार्यवाही नही की गई तो ि?ला की स्थिति बद से बदतर हो सकती है क्योंकि प्रतिदिन मरीजो की संख्या बढ़ रही है , जिससे अनेक स्वास्थ्य तकनीकी समस्या उत्पन्न हो सकती है ,इस पर जिलाधीश ने बताया कि शहर से अनेक सुझाव दिए गए है ,और मंगल वार से बिलासपुर जिले में लॉक डाउन किया जाएगा ,इस पर प्रतिनिधि मंडल ने कहा कि चूंकि आज संडे है और एक दिन मार्किट खुलेगा ऐसे में जनता को परेशानी होगी ,इसलिये कम से कम दो दिन जनता को मिले और मंगलवार की जगह बुधवार से लॉक डाउन किया जाए तो ज्यादा अनुकूल होगा।

# हाई एवं हायर सेकेण्डरी बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र का वितरण किया गया

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



स्थानीय शासकीय बालक उच्चतर मा शाला में माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित होने वाले हाइ हायर सेकेंडरी बोर्ड परीक्षाओं हेतु मुख्य परीक्षा केंद्रों के केंद्राध्यक्षो को कल और आज प्रश्न पत्रो का वितरण किया गया। शिक्षा जिला में इस बार कुल 223 परीक्षा केंद्र बनाए गए है। इन दोनों दिवसों में 34 , 34 परीक्षा केंद्रों यानि कुल 68 मुख्य परीक्षा केंद्रो के केंद्राध्यक्षों को प्रश्न पत्र सौंपा गया है। जंहा से वे अपने से संबंधित परीक्षा केंद्रो को प्रश्न पत्र देंगे। प्रश्न पत्रों को सील बंद पेटियो में बसो के द्वारा पुलिस सुरक्षा में सबंधित थाना हेतु रवाना किया गया। कोरोंना के चलते शासन के निर्देश पर फिलहाल बोर्ड परीक्षाएं स्थगित है। तब तक सीलबंद पेटियों में प्रश्न पत्रों को पुलिस अभिरक्षा में निकटतम आरक्षी केंद्रो में रखा जाएगा। प्रश्न पत्रों के वितरण के दौरान सहायक संचालक अरविन्द मिश्रा , उपसचिव माध्यमिक शिक्षा मंडल अशोक बोरकर , समन्वय संस्था के प्राचार्य आलोक तिवारी , सुनील झा, डी के कारुनिक सहित अनेक शिक्षक और कर्मचारी उपस्थित रहे।

## लॉकडाउन से पहले दुकानदार वसूल रहे मनमानी कीमत



**रायगढ़।** कोरोना के बढ़ते मामलों को देखते हुए जिला कलेक्टर भीम सिंह ने लॉक डाउन की स्थिति को साफ करते हुए 14 से 22 तारीख तक जिले को कंटेनमेंट जोन घोषित कर दिया गया है। वैसे तो निर्देश जारी होने के 2-3 दिन पूर्व से ही जिले में लॉकडाउन को लेकर सुगबुगाहट तेज हो गई थी। जिससे बड़े व्यापारियों ने जमाखोरी और कालाबाजारी शुरू कर दी है। वहीं फुटकर विक्रेता भी ऊंचे दाम पर बेखौफ बिक्री कर रहे हैं। पिछले साल लॉकडाउन के दौरान पान मसाला और तंबाकू उत्पादों की जमकर कालाबाजारी की गई थी।

**छात्रों के बुलावे पर पहुंचे जिपं सभापति राहुल टिकरिहा तत्काल फीस पूर्ववत हुआ और अतिरिक्त फीस छात्रों को किया जायेगा वापस**

# कोरोना काल में भिंभौरी के जनता स्कूल प्रबंधन ने फीस में किया बढ़ोतरी

पायनियर संवाददाता ✓ बेमेतरा
www.dailypioneer.com



भिंभौरी के शिक्षण केंद्र जनता उच्चत्तर माध्यमिक शाला में कोरोना काल में भी शिक्षा विभाग के नियमों की धज्जियाँ उड़ाते हुए फीस में वृद्धि करने का मामला सामने आया जिसमें 10 वीं के छात्र प्रवेश पत्र के नाम से बढ़ा हुआ फीस जमा कर चुके थे। वहीं कुछ छात्रों पर प्रवेश पत्र के नाम पर दबाव बनाने का मामला आने पर छात्र लामबंद हुए और जिला पंचायत के सभापति राहुल योगराज टिकरिहा को विषय की जानकारी दी। जिसके बाद सभापति छात्रों के साथ स्कूल पहुंचे और स्कूल प्रबंधन से बात करते हुए कहा कि आप शिक्षा विभाग के नियमों की धज्जियां उड़ा रहे है न सिर्फ फीस यथावत रखा गया उल्टा फीस में बढ़ोतरी किया गया है। राहुल ने बताया कि कोरोना काल में स्पष्ट आदेश है कि प्राईवेट संस्थानों के द्वारा सिर्फ शिक्षण शुल्क लिया जायेगा। वहीं शासकीय संस्थान सिर्फ परीक्षा शुल्क लेंगे किन्तु जनता स्कूल शासन से अनुदान प्राप्त स्कूल है ऐसे में यहां न सिर्फ शिक्षण शुल्क लिया जा रहा उससे भी परे पूर्ववर्षानुसार फीस में भी बढ़ोतरी किया जाना समझ से परे है। उन्होंने कहा कि जैसे ही छात्रों ने बताया मैं उनके साथ स्कूल प्रबंधन से बात किया जिसके बाद फीस पूर्ववत रखने को बात स्वीकार किया व छात्रों को अतिरिक्त फीस लौटने हेतु आदेशित किया। इस दौरान ईशा साहू, पूनम साहू, ऐश्वर्य साहू, मेघा पांडेय, लेखनी साहू, भावना वर्मा, पिंकी साहू, त्रिवेणी यादव, काजल साहू, संध्या पाटिल, इतिका साहू, खुशी वर्मा, झरना साहू, पद्मनी धीवर, कुसुम यादव, रुपाली वर्मा, यामिनी यादव, गीता, तेजिश्वनी साहू, नीरज सारथी, निखिल परगनिहा, मुरली सिन्हा, सुनील यदु, आदित्य तिवारी, जितेंद्र साहू, दुष्यंत निषाद, हेमंत लहरी, पूर्णानंद यादव, खिलेश पाल, अमन वर्मा, भोजराम लहरे, डागेश्वर निषाद, ऋषि पातरे, लोकेश साहू, अमन परगनिहा, चू?ामणि निर्मलकर, रामकृष्ण यादव, नीरज साहू, कुणाल साहू, नवीन पाल, नागेश साहू, मुकेश राजपूत, हर्ष साहू, व राहुल निषाद सहित बहुत से छात्र छात्राएं उपस्थित रहीं।

**जिले का एक मात्र अनुदान प्राप्त स्कूल**- भिंभौरी का जनता स्कूल शिक्षण केंद्रों में जिले का अग्रणी स्कूल रहा है। जहाँ अभी करीब 400 छात्र अध्ययनरत है। आपको बता दें यहाँ पूर्व वर्ष 9वीं से 12वीं तक के सभी छात्रों से 2000 रुपये पूर्ण शुल्क लिया गया था जिसमें शिक्षण शुल्क के अतिरिक्त शुल्क भी सम्मिलित थे। किंतु इस वर्ष सभी कक्षाओं के फीस में 500 रुपये अतिरिक्त बढ़ोतरी करते हुए फीस 2500 रुपये प्रति छात्र कर दिया गया था।

**आश्चर्य- फीस की रसीद भी नहीं दी जाती**- राहुल ने बताया कि छात्रों से बातचीत के दौरान यह विषय आश्चर्य करने वाला था कि जिस स्कूल में शासन का अनुदान है उस स्कूल के छात्रों की फीस जमा करने के बाद उसकी रसीद भी नहीं दी जाती गत वर्ष में भी उन्हें रसीद नहीं दिया गया और इस वर्ष जिन छात्रों ने फीस दिया उन्हें भी कोई रसीद प्रदाय नहीं किया गया। यह विषय स्कूल प्रबंधन के प्रति एक प्रश्नचिन्ह इंगित करता है।

> शासन से अनुदान प्राप्त स्कूल में वैश्विक महामारी के दौरान फीस वृद्धि आश्चर्य का विषय रहा जहाँ शिक्षा विभाग के आदेशों को ही ताक में रख दिया गया। अब प्रबंधन छात्रों का अतिरिक्त फीस वापस करेगी।
>
> **-राहुल योगराज टिकरिहा**
> **प्रदेश संयोजक- अंकुर समाजसेवी संस्थान**
> **सभापति- जिला पंचायत, बेमेतरा**
> **सोशल मीडिया प्रभारी- भाजपा किसान मोर्चा, छग**
> **जिला संयोजक- भाजपा सहकारिता प्रकोष्ट, बेमेतरा**
> **जिलाध्यक्ष- संघर्षशील किसान मोर्चा, बेमेतरा**

# मुख्यमंत्री ने रेमडेसीवीर की सुचारू आपूर्ति सुनिश्चित करने वरिष्ठ अधिकारियों को हैदराबाद और महाराष्ट्र भेजने के दिए निर्देश

## हवाई मार्ग के साथ रेल से छत्तीसगढ़ आने वालों के लिए 72 घंटे के भीतर की आरटीपीसीआर निगेटिव रिपोर्ट होगी जरूरी

### बिना निगेटिव रिपोर्ट के आने वालों की होगी जांच, एसओपी के अनुसार क्वारेंटाईन सेंटर या आइसोलेशन में रखे जाएंगे

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने हवाई मार्ग के साथ रेल मार्ग से अन्य राज्यों से छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों के लिए आरटीपीसीआर टेस्ट की 72 घंटे के भीतर की निगेटिव रिपोर्ट को अनिवार्य करने के निर्देश अधिकारियों को दिए हैं। उन्होंने बिना निगेटिव रिपोर्ट के आने वाले यात्रियों की जांच और उन्हें एसओपी के अनुसार क्वारेंटिन, कोविड केयर सेंटर या अस्पताल में रखने की व्यवस्था भी करने कहा। उन्होंने प्रदेश में रेमडेसीवीर इंजेक्शन की सुचारू आपूर्ति के लिए मुख्य सचिव को निर्देश दिए हैं कि इस दवाई का उत्पादन करने वाली कम्पनियों के साथ समन्वय के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को हैदराबाद और महाराष्ट्र भेजा जाए।

मुख्यमंत्री ने ड्रग एसोसिएशन के अध्यक्ष से चर्चा कर उनसे अन्य राज्यों से रेमडेसीवीर इंजेक्शन की आपूर्ति बढ़ाने को कहा। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में कोविड-19 के बढ़ते संक्रमण से उत्पन्न परिस्थितियों पर चिकित्सा विशेषज्ञों से वीडियो कॉन्फ्रेंस से चर्चा के बाद ये निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल संचालकों, चिकित्सा विशेषज्ञों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के प्रतिनिधियों से चर्चा कर कोविड-19 के इलाज में आ रही दिक्कतों, ऑक्सीजन और जरूरी दवाईयों की आपूर्ति के संबंध में जानकारी ली। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ में कोविड-19 के मरीजों की बढ़ती संख्या चिंताजनक है। इस चुनौती का यदि हम योजनाबद्ध तरीके से सामना करेंगे तो अवश्य सफल होंगे। इसके लिए छत्तीसगढ़ की महाराष्ट्र से लगने वाली सभी सीमाओं पर यात्रियों की कढ़ाई से जांच की जाए। एयरपोर्ट के साथ ही रेलवे स्टेशनों में भी छत्तीसगढ़ आने वाले यात्रियों की जांच की व्यवस्था की जाए। आवश्यकतानुसार यात्रियों को क्वारेंटाईन सेंटर और आईसोलेशन में रखने की व्यवस्था भी की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बार गांवों में भी संक्रमण फैल रहा है। इसे रोकने के लिए प्रदेश के बाहर से आने वालों की जांच कराना आवश्यक है। गांवों में क्वारेंटाईन सेंटर स्थापित करने के लिए राज्य शासन द्वारा निर्देश जारी किए जा चुके हैं। मुख्यमंत्री ने प्राईवेट अस्पतालों के संचालकों से कहा कि कोरोना मरीजों का बेहतर से बेहतर इलाज करें। इसके लिए राज्य सरकार भी जरूरी सहयोग देगी।

वीडियो कॉन्फ्रेंस में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री निवास में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, स्वास्थ्य विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी. पिल्ले, मुख्यमंत्री के सचिव सिद्धार्थ कोमल परदेशी, संचालक स्वास्थ्य नीरज बंसोड़, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की संचालक डॉ. प्रियंका शुक्ला और नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन के.डी. कुंजाम भी उपस्थित थे। अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू सहित रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के अनेक चिकित्सा विशेषज्ञ, तीनों जिलों के कलेक्टर, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन और ड्रग एसोसिएशन के प्रतिनिधि वीडियो कॉन्फ्रेंस से चर्चा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री ने कहा कि छत्तीसगढ़ टेस्टिंग के मामले में बढ़ी आबादी वाले कई राज्यों से आगे है। प्रदेश में रोज 40 से 50 हजार टेस्ट किए जा रहे हैं। छत्तीसगढ़ सर्वाधिक वैक्सीनेशन करने वाला राज्य भी है। यहां की 13 प्रतिशत आबादी को कोरोना से बचाव का पहला टीका लगाया जा चुका है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल्दी ही चार और जिलों में आरटीपीसीआर टेस्ट की सुविधा शुरू हो जाएगी। इससे रोजाना सेम्पल जांच की संख्या बढ़ने के साथ ही जांच रिपोर्ट भी जल्दी मिलने लगेगी। उन्होंने कहा कि आरटीपीसीआर के साथ एंटीजन टेस्ट भी करने होंगे। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऑक्सीजन का उत्पादन करने वाले संयंत्रों को पहले छत्तीसगढ़ के शासकीय और निजी अस्पतालों में ऑक्सीजन की आपूर्ति करने के निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निजी क्षेत्र के कुछ नये उद्योगों को भी मेडिकल ऑक्सीजन के उत्पादन की अनुमति दी गई है। इससे प्रदेश के सभी अस्पतालों में जरूरत के मुताबिक ऑक्सीजन की आपूर्ति की जा सकेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोरोना मरीजों को इलाज में कम से कम आर्थिक बोझ पड़े, इसके लिए स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी निजी क्षेत्र के अस्पतालों से चर्चा कर इलाज की दरों को पुनरीक्षित करें। उन्होंने कहा कि कोरोना के इलाज को भी डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य सहायता योजना से सम्बद्ध करें। उन्होंने जरूरत के मुताबिक नये अस्पतालों को भी इलाज की अनुमति प्रदान करने को कहा। मुख्यमंत्री ने रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग के कलेक्टरों को ऑक्सीजन और आईसीयू सुविधा वाले बिस्तरों तथा वेन्टीलेटर की संख्या बढ़ाने के लिए विधायकों से विधायक निधि की राशि के माध्यम से सहयोग करने का आग्रह करने कहा। उन्होंने औद्योगिक घरानों से भी इसके लिए सहायता लेने कहा।

एम्स के निदेशक डॉ. नितिन एम. नागरकर, डॉ. अजय बेहरा, श्रीबालाजी अस्पताल के डॉ. देवेन्द्र नायक, रामकृष्ण केयर अस्पताल के डॉ. संदीप दवे, नारायणा अस्पताल के डॉ. सुनील खेमका, डॉ. शशांक गुप्ता, आईएमए के डॉ.राकेश गुप्ता, डॉ. विकास अग्रवाल, ड्रग एसोसिएशन के विनय कृपलानी, दुर्ग के डॉ. प्रतीक कौशिक, डॉ. आशीष मित्तल, डॉ. अरविंद प्रकाश सावंत, डॉ. खेरूल, बिलासपुर के डॉ. अखिलेश देवरस, डॉ. मनोज राय, सिम्स के डॉ. रवि शेखर, डॉ. श्रीकांत गिरी, डॉ. आशुतोष तिवारी भी वीडियो कॉन्फ्रेंस में शामिल हुए।

# मोदी सरकार ने देश को पूरी तरह से निराश ही किया है : शैलेष

### मोदी सरकार करोना पेंडेमिक के कुप्रबंधन और देश हित में सही फैसले न ले पाने की समस्या का शिकार

पायनियर संवाददाता < रायपुर
www.dailypioneer.com



मोदी सरकार की टीकाकरण नीति पर सवालिया निशान खड़ा करते हुए प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने मांग की है कि 45 वर्ष से कम आयु के लोगों को वैक्सीन से वंचित किया जाना अब बंद होना चाहिये। बदली हुई परिस्थितियों में जब आधे से अधिक मरीज 45 वर्ष से कम आयु के हैं ऐसे समय नौजवानों को वैक्सीनेशन के सुरक्षा चक्र से वंचित करना एक बड़ी रणनीतिक भूल है। करोना को हराना है तो सबको वैक्सीनेशन के सुरक्षा चक्र के दायरे में लेना होगा। भारत की 65 प्रतिशत आबादी 35 वर्ष से कम आयु की है और 50 प्रतिशत से अधिक लोग 25 वर्ष से कम आयु के हैं। मोदी सरकार ने तो अभी टीकाकरण की आयु सीमा 45 वर्ष की तय की है। देश की 65प्रतिशत आबादी को करोना के खिलाफ टीकाकरण के सुरक्षा चक्र से वंचित करना बहुत बड़ा अन्याय है जिसके लिए मोदी सरकार को कभी माफ नहीं किया जा सकता। प्रदेश कांग्रेस के संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि बाकी परिस्थितियां समान होने के बावजूद अनेक वैक्सीनों को भारत में लगाने की अनुमति नहीं देकर केंद्र सरकार एक और बड़ी गलती कर रही है। जेनसन, फाइजर और स्पूतनिक 5 को समान डाटा उपलब्ध होने के बावजूद भारत में उपयोग करने की अनुमति नहीं देना गलत है। खासकर यह देखते हुए कि वैक्सीन की इम्युनिटी कम समय की होती है और दो डोज वाली वैक्सीन के लगने के बीच के समयअंतराल और इम्यूनिटी विकसित होने में लगने वाला समय इस बात की मांग करता है कि व्यापक टीकाकरण तेजी से होना चाहिए। भारत की टीका उत्पादन की भरपूर क्षमता के बावजूद केंद्र सरकार करोना पेंडेमिक के कुप्रबंधन और देश हित में सही फैसले न ले पाने की समस्या का शिकार है। कांग्रेस संचार प्रमुख शैलेश नितिन त्रिवेदी ने कहा है कि मोदी सरकार ने साबित कर दिया है कि वह सिर्फ नारेबाजी जुमलेबाजी और भावनाएं भड़काने का खेल करना भर उसके बस की बात है। विपरीत परिस्थितियों में समस्याओं से जूझना मोदी सरकार के बस की बात नहीं है। करोना महामारी के समय चाहे विदेश से आने वालों को रोकने और जांच कराने का सवाल हो या फिर लॉकडाउन में मजदूरों को हुई परेशानी हो या फिर करोना महामारी की फर्स्ट वेव के बाद सेकंड वेव के लिए पर्याप्त तैयारी ना करना हो, पीएम केयर्स फंड का दुरुपयोग का मामला हो मोदी सरकार ने देश को पूरी तरह से निराश ही किया है।

## 'कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग में झूठ बोलने वालों पर अब पुलिसिया कार्रवाई'

**बलौदाबाजार।** कॉन्टेक्ट ट्रेसिंग के दौरान सही जानकारी नहीं देने वालों की सूची पुलिस को सौंप दी गई है। पुलिस इस मामले में अब कार्रवाई करेगी। संयुक्त कलेक्टर एवं स्वास्थ्य विभाग के प्रभारी अधिकारी टेकचन्द अग्रवाल ने बताया कि कॉन्टैक्ट ट्रेसिंग के दौरान हर मरीज से उनके सम्पर्क में आने वाले मरीजों की हिस्ट्री एकत्र की जा रही है। उन्होंने लोगों से कहा है कि कोरोना टेस्टिंग के दौरान सही जानकारी दें। अपना नाम, पता और मोबाइल नम्बर सही बताएं। कई लोग गलत मोबाइल नम्बर अथवा पता गलत दर्ज करा लेते हैं या फोन बंद कर लेते हैं। जिससे उन्हें ढूंढ निकालने में दिक्कत होती है। इस प्रकार पॉजिटिव व्यक्ति बाहर घूमकर अन्य व्यक्तियों को संक्रमित करते रहता है। सही जानकारी नहीं देने पर यह समस्या विकराल रूप ले सकती है।

## पटेवा के मेडिकल स्टोर्स संचालक की कोरोना से मौत, घुमका क्षेत्र में अब तक पांचवीं मौत

पायनियर संवाददाता < राजनांदगांव
www.dailypioneer.com

**■ मरीज भटक रहे सोमनी कोविड अस्पताल में लटक रहा ताला**

घुमका क्षेत्र के पटेवा के एक मेडिकल स्टोर्स संचालक की कोरोना से शनिवार रात मौत हो गयी। युवक की मौत के बाद पटेवा में दहशत फैल गई है। पूरे कोरोना संक्रमण काल मे क्षेत्र की एक बी आबादी वाले गांव में अब तक एक भी पॉजिटिव मरीज नही मिले थे। दो दिन पहले शरीर में अकन की शिकायत पर परिजनों ने रायपुर के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था।

एक दिन पूर्व इरईक्ला निवासी भाजपा नेता उत्तम साहू की कोरोना से मौत के बाद आंका बकर पांच हो गया। कुछ दिन पहले घर मे अचानक तबियत खराब होने और सांस लेने में परेशानी की शिकायत पर इलाज के लिए परिजनों ने भाजपा नेता को राजनांदगांव में भर्ती कराया था जहां उनकी मौत हो गई। कोविड प्रोटोकॉल के तहत गांव के मुक्तिधाम में भाजपा नेता का अंतिम संस्कार किया गया और मेडिकल संचालक के शव को पटेवा लाने की तैयारी की जा रही है। तीन दिन के अंदर लगातार पांचवीं मौत के बाद क्षेत्र में दहशत फैल गया है। टेमरी, बिरेझर, भैंसातरा ए इरईकला के बाद पटेवा में हुई कोरोना से मौत ने लोगों को झकझोर दिया है। वहीं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में कोरोना जांच के लिए मरीजों की लंबी कतार लगी हुई है। रोजाना थोक के भाव में एंटीजन किट की जांच में पॉजिटिव मरीजों की पुष्टि हो रही है। बरों के अनुसार राजनांदगांव के सरकारी और निजी अस्पतालों में बेड फूल बताया जा रहा है। ऑक्सीजन सिलेंडरए वेंटिलेटर और आवश्यक दवाइयों का स्टॉक तक नहीं है। स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी से मरीजों की मौत हो रही है। कोरोना संक्रमण को रोकने की दिशा में स्थानीय स्वास्थ्य विभाग नाममात्र भी गम्भीर नही दिख रहा है। स्थिति इतनी बदतर है कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र और टीकाकरण केंद्रों में नियमित सेनेटाइज नहीं किये जाने के चलते कोरोना जांच और टीकाकरण केंद्रों से खतरनाक संक्रमण तेजी से फैलने की आशंका जताई जा रही है। स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के पीछे एक झोलाछाप डॉक्टर बेफिक्री से सर्दी खांसी और बुखार के इलाज की दुकानदारी को नजरअंदाज करने में लगे बीएमओ के खिलाफ घुमका समेत क्षेत्र में जबर्दस्त आक्रोश फैल रहा है। पूरे इलाके में कोरोना संक्रमण की बी वजह झोलाछाप डॉक्टरों की खुलेआम चल रही दुकानदारी को बताया जा रहा है। बहरहाल गोपालपुरए गिधवा चारभाठाए और टेमरी में हालात बेकाबू होते जा रहा है। बीएमओ की ओर से घुमका पुलिस को कार्रवाई के लिये पत्र लिखने के बाद भी अब तक किसी भी झोलाछाप डॉक्टरो पर कार्यवाही नहीं हो सकी है। मार्च के पहले सप्ताह से ही स्थिति बिगना शुरू हुआ तब से ग्रामीणों की भी इन अवैध क्लिनिकों में जुट रही है।आशंका है कि समुदायिक संक्रमण यही से फैलता गया और स्थिति अब बेकाबू हो गई है।

जोगीदल्ली, भैंसातरा, सहसपुर दल्ली, बोटेपार, गोपालपुर, चारभाठा बिरेझर तक स्थिति भयावह हो चुकी है। पूरे घुमका ब्लॉक के सभी गांव में रोजाना औसतन 50 से अधिक मरीजो की पहचान की जा रही है। अस्पतालों में जगह नहीं होने के चलते मरीजो को भटकना प रहा है।

## राज्य में उत्पादित आक्सीजन का 80 प्रतिशत मेडिकल आक्सीजन गैस के रूप में राज्य के अस्पतालों को प्रदान किया जायेगा

**रायपुर।** राज्य में उत्पादित होने वाली आक्सीजन का 80 प्रतिशत अब मेडिकल आक्सीजन गैस के रूप में राज्य के अस्पतालों को प्रदान किया जायेगा। राज्य में कोरोना संक्रमण की स्थिति को देखते हुए अस्पतालों में आक्सीजन की आवश्यकता को देखते हुए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर स्वास्थ्य विभाग द्वारा महामारी अधिनियम के तहत इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी हैं। आदेश में यह भी कहा गया हैं कि अत्यंत आवश्यक स्थिति में उद्योगों को प्रदान की जाने वाली 20 प्रतिशत आक्सीजन भी अस्पतालों को प्रदान की जायेगी। स्वास्थ्य विभाग के विशेष सचिव सी आर प्रसन्ना द्वारा जारी आदेश में कहा गया हैं कि समस्त आक्सीजन गैस उत्पादन करने वाली संस्थाओं को यह सुनिश्चित करना होगा कि आक्सीजन गैस का उत्पादन निरंतर बिना रुकावट के अपनी पूर्ण क्षमता के साथ फैक्ट्री में किया जाए। राज्य के सभी संभाग आयुक्त ों और जिला कलेक्टरों को इसे लागू करने के लिए सक्षम प्राधिकारी बनाया गया हैं।

## वरिष्ठ पत्रकार पन्ना लाल गौतम का निधन

**रायपुर।** वरिष्ठ पत्रकार एवं स्वदेश रायपुर छत्तीसगढ़ के प्रबंधक पन्ना लाल गौतम जी (उम्र 72 ) नहीं रहे। दिनांक 11अप्रैल 2021 रविवार की सुबह एम्स रायपुर में आखिरी सांस ली। एक दिन पहले 10 अप्रैल को उनका जन्मदिन भी था। उनके निधन से छत्तीसगढ़ की पत्रकारिता जगत में शोक की लहर है। जबलपुर से पत्रकारिता जगत में प्रवेश कर, जबलपुर प्रेस क्लब के सदस्य रहे, युग्धर्म रायपुर में संपादक बनकर जब बबन प्रसाद मिश्र, 1972 में रायपुर आए, तब पन्ना लाल गौतम भी उनके सहायक के तौर पर तत्काल रायपुर आ गए, पन्ना लाल गौतम 1972 से पत्रकारिता में सक्रिय रहे हैं। रायपुर प्रेस क्लब के पूर्व कोषाध्यक्ष एवं मानद सदस्य रहे हैं। वे युगधर्म रायपुर , देशबंधु भोपाल के पश्चात स्वदेश रायपुर छत्तीसगढ़ में आजीवन सेवाएं दी हैं। पत्रकारिता के साथ साथ वे प्रबंधन कौशल के अनुभवी रहे हैं। पत्रकारों एवं युवाओं के प्रेरणास्रोत रहे। उनके निधन से परिवार को सदमा लगा है। वे अपने पिछले एक वृहद परिवार छोड़ गए है। धर्मपत्नी, चार पुत्री एवं एक पुत्र हैं। उनके निधन से स्वदेश परिवार को अपूरणीय क्षति हुई है। हम सभी प्रार्थना करते हैं कि भगवान उनकी आत्मा को शांति प्रदान करें एवं परिवार को दुःख सहन करने की शक्ति दें।



## वैभव को दी गई श्रद्धांजलि

**राजनांदगांव।** पूर्व मीडियाकर्मी और आकांक्षा फ्लैक्स के संचालक युवा व्यवसायी वैभव खोब्रागढ़े के आकस्मिक निधन से शहर में शोक की लहर दौड़ गई। 34 वर्षीय वैभव अपने पीछे पत्नी और दो पुत्र का परिवार छोड़ गए। वे पत्रकार दीपंकर खोब्रागढ़े के भतीजे थे। अल्प आयु में वैभव के निधन से शहर स्तब्ध हो गया। मिलनसार और हंसमुख व्यक्त्वि के लिए जाने जाने वाले वैभव को सभी वर्गो ने श्रद्धांजलि दी है। प्रेस क्लब राजनांदगांव के पदाधिकारियों ने इसे अपूरणीय क्षति बताते हुए ईश्वर से उनके परिवार को दुरूख सहने की शक्ति देने की कामना की है।



## टेस्टिंग के दौरान अपना मोबाइल नंबर और पता सही लिखें, ट्रेसिंग में होती हैं दिक्कतें : कलेक्टर

पायनियर संवाददाता < सूरजपुर
www.dailypioneer.com



कलेक्टर रणबीर शर्मा ने जिले में बढ रहे कोरोना केस को देखते हुए जनता से अपील की है कि टेस्टिंग के दौरान भरे गये फॉर्म को काफी सावधानी से भरें। व्यक्ति द्वारा दी गई जानकारी सही नहीं होने पर उससे काफी परेशानी होती है। कई बार गलत मोबाइल नंबर और एड्रेस सही नहीं दिए जाने की वजह से ट्रेसिंग में दिक्कत होती है। इससे न केवल मरीज को बचाने का अमूल्य समय नष्ट होता है, अपितु एक कोविड-19 संक्रमित व्यक्ति अनेक व्यक्तियों के संपर्क में आ करके अनेक व्यक्तियों में संक्रमण को बढावा दे रहा है, कोरोना का शिकार बना दे रहा है। गलत जानकारी से प्रशासनिक अमले को भी को भी काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता हैं। टेस्ट रिपोर्ट आने के बाद कांटेक्ट ट्रेसिंग टीम को मरीजों को लोकेट करने में न्यूनतम समय लगे, इसके लिए आवश्यक है, उसका एडेऊस व मोबाईल नंबर सही हो। कलेक्टर ने आम नागरिकों से अपील की हैं कि टेस्टिंग के दौरान सैंपल देते समय सभी नागरिक इस बात का ध्यान देवें और जागरूक नागरिक होने का फर्ज अदा करे।

उन्होंने अपील किया हैं कि कोरोना के लक्षण उभरते ही टेस्ट कराएं और जानकारी छुपाये नहीं जिससे शीघ्र ईलाज शुरू किया जा सके और कोरोना के बढ़ते केस पर काबू पाया जा सके।

## खुलेआम शराब पी रहे 3 पुलिसकर्मी लाइन अटैच

**पेंड्रा।** मरवाही थाने में पुलिसकर्मी खुलेआम बैठकर शराब पी रहे थे. इसी बीच किसी ने पुलिसकर्मियों का वीडियो बना लिया. इसके बाद किसी ने थाने में शराब पीने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया. जीपीएम पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने तीन पुलिसकर्मियों को लाइन अटैच कर दिया है। दरअसल, मरवाही थाने में पिछले पुलिसकर्मी शराब पी रहे थे. इसमें मरवाही थाने के सहायक उप निरीक्षक, प्रधान आरक्षक और हवलदार रात में जाम छलका रहे थे. वीडियो वायरल होने के बाद तीनों वर्दीधारियों पर गाज गिरी है. पुलिस अधीक्षक सूरज सिंह परिहार ने तीनों को लाइन अटैच कर दिया है। पुलिस कप्तान सूरज सिंह परिहार ने कहा है कि पुलिस की छवि को इस प्रकार खराब करने वाले कर्मचारियों को किसी प्रकार से भी नहीं बख्शा जाएगा. साथ ही मामले की जांच कराकर दोषियों पर दंडात्मक भी कार्रवाई की जाएगी. सहायक उप निरीक्षक, हवलदार और आरक्षक लाइन अटैच किया है।

### जिले के चिकित्सा विशेषज्ञों से मुख्यमंत्री ने की वीडियो कांफ्रेंसिंग से चर्चा

## सड़क, ट्रेन व हवाई मार्ग से राज्य में आने वाले प्रत्येक यात्री का कोविड टेस्ट सुनिश्चित करें : भूपेश बघेल

पायनियर संवाददाता < बिलासपुर
www.dailypioneer.com

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि दूसरे राज्यों से सड़क, ट्रेन व हवाई मार्ग से आने वाले प्रत्येक यात्री की कड़ाई से कोरोना जांच करें। जिला प्रशासन, निजी संस्थानों का साथ लेकर छोटे-बड़े प्रत्येक रेलवे स्टेशन पर उतरने वाले यात्री की कोविड टेस्टिंग सुनिश्चित हो। जिन यात्रियों के पास 72 घंटे के भीतर की आरटीपीसीआर निगेटिव टेस्ट रिपोर्ट हो उन्हें ही जाने की अनुमति दी जाये। आवश्यकतानुसार यात्रियों को क्वारांटीन सेंटर व आइसोलेशन में रखने की व्यवस्था की जाये। मुख्यमंत्री बघेल ने आज वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से रायपुर, बिलासपुर तथा दुर्ग के कलेक्टर्स, चिकित्सा विशेषज्ञों, इंडियन मेडिकल एसोसियेशन व ड्रग एसोसियेशन के प्रतिनिधियों से चर्चा के दौरान अधिकारियों को यह निर्देश दिया। बैठक में स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव व मुख्य सचिव अमिताभ जैन, अपर मुख्य सचिव स्वास्थ्य रेणु जी. पिल्ले, अपर मुख्य सचिव गृह सुब्रत साहू सहित प्रदेश के अन्य अधिकारी उपस्थित थे। बघेल ने कहा कि कोरोना से निपटने की बहुत बड़ी चुनौती हमारे सामने है। यह कठिन दौर है। हमें योजनाबद्ध ढंग से इसका सामना करना है। छत्तीसगढ़ में आने वाले दिनों में बड़ी संख्या में प्रवासी मजदूरों की वापसी होने की संभावना है। इसे देखते हुए उनके लिये आइसोलेशन व क्वारांटीन सेंटर की तैयारी रखी जाये। मुख्यमंत्री ने कहा कि



छत्तीसगढ़ में कोरोना टेस्टिंग की संख्या अन्य राज्यों की तुलना में बढ़ाई गई है। इस बार बच्चे और नौजवान भी बड़ी संख्या में संक्रमित हो रहे हैं यह चिंता की बात है। वैक्सीनेशन में हमारा प्रदेश टॉप पर है। प्रदेश में चार नये टेस्टिंग लैब शीघ्र स्थापित हो जायेंगे। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में उत्पादित ऑक्सीजन की पहले राज्य के अस्पतालों में आपूर्ति की जायेगी, अतिरिक्त होने पर ही दूसरे राज्यों को उपलब्ध कराया जायेगा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि अस्पतालों में आईसीयू व वेंटिलेटर बढ़ाने बड़े औद्योगिक घरानों, क्षेत्र के विधायकों तथा अन्य दानदाताओं का सहयोग लें। उन्होंने कहा कि प्राइवेट अस्पतालों में इलाज कराने गरीब वर्ग के लोगों को डॉ. खूबचंद बघेल स्वास्थ्य योजना का लाभ दिलायें। स्वास्थ्य अधिकारियों से उन्होंने कहा कि रेमडेसिविर इंजेक्शन की जहां से भी हो सकती है, आवश्यकता अनुसार उपलब्धता सुनिश्चित करें। बघेल ने कहा कि चिकित्सकों ने अनेक सुझाव दिये हैं जिन पर विचार कर कार्रवाई करेंगे। वीडियो कांफ्रेंसिंग से जुड़े स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने कहा कि प्रदेश में 85 हजार से अधिक पॉजिटिव केस हैं। आने वाले समय में पॉजिटिव केस 1.5 लाख तक पहुंच सकते हैं। इस आंकड़े के आधार पर योजना बनायें। ऑक्सीजन की उपलब्धता पर भी विशेष ध्यान दिया जाना है। उन्होंने कहा कि रेमडेसिविर इंजेक्शन की जहां जरूरत है वहीं इसे लगाया जाये। इसकी पूर्ति सीजीएमएससी के माध्यम से की जा रही है। बिलासपुर के कलेक्टर डॉ. सारांश मित्तर ने जानकारी दी कि जिले में 16 अस्पतालों में कोविड का इलाज किया जा रहा है। इन अस्पतालों में 635 ऑक्सीजन बेड उपलब्ध हैं और 90 वेंटिलेटर की सुविधा है। बिलासपुर में तीन ऑक्सीजन प्लांट हैं। होम आइसोलेशन में रहने वाले मरीजों के लिये टोल फ्री नंबर जारी किया गया है। उन्होंने जानकारी दी कि जिले में बुधवार 14 अप्रैल से अगले बुधवार तक लॉकडाउन लगाने का निर्णय लिया गया है। उन्होंने बताया कि युवा वर्ग कोरोना से ज्यादा प्रभावित हो रहा है, लेकिन यहां मृत्यु दर नियंत्रित है। मुख्यमंत्री बघेल ने बिलासपुर के चिकित्सकों से चर्चा की। किम्स के डॉ. रवि शेखर, अपोलो हास्पिटल के डॉ. मनोज राय, महादेव हॉस्पिटल के डॉ. आशुतोष तिवारी, डॉ. अखिलेश देवरस, डॉ. श्रीकांत गिरी ने कहा कि उन्हें जिला प्रशासन का पूरा सहयोग मिल रहा है और कोरोना पीड़ित मरीजों को बेहतर इलाज देने का प्रयास कर रहे हैं। डॉ. गिरी ने बताया कि कोरोना से पीड़ित बच्चों के इलाज के लिये अलग व्यवस्था भी की गई है। वीडियो कांफ्रेंस में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी हैरिश एस., अपर कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना, बीएस उइके, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. प्रमोद महाजन एवं जिले के अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक भोजराम पटेल द्वारा आसमा पब्लिसर्स इण्डिया प्रायवेट लिमिटेड पीएनबी के सामने जयस्तंभ चौक रायपुर, छत्तीसगढ़ से मुद्रित तथा श्री बालाजी हॉस्पिटल कैम्पस (मोवा) रायपुर, छत्तीसगढ़ - 492001 से प्रकाशित संपादक-अच्युतानन्द द्विवेदी*
समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार, डाक पंजीयन नं. छ.ग./रायपुर संभाग/97/2021-23, दूरभाष नंबर 0771, 2972403